राष्ट्रीय दैनिक अख़बार

दैनिक शुभ भास्कर

भारत के सभी राज्यों से जिला ब्यूरो चीफ, रिपोर्टर विज्ञापन प्रभारी जुड़ने के लिए संपर्क करे

संपर्क सूत्र -
बिहार, झारखण्ड - +91 7764978689
उत्तर प्रदेश - +91 9625958256
अन्य राज्य - 8804707324 , 9625958256

shubhbhaskarup@gmail.com

# दैनिक शुभ भास्कर

हर कदम आपके साथ...

झांसी उत्तर प्रदेश, उदयपुर, राजस्थान, मध्यप्रदेश, भोपाल, बिहार, दरभंगा, पटना, भागलपुर, सिलीगुड़ी, रांची, झारखंड से एक साथ प्रकाशित

• वर्ष : 1 • अंक : 200 • नई दिल्ली, शनिवार 28 अक्टूबर 2023 • पृष्ठः 12 • मूल्य : 04 रुपये RNIUP HIN/2015/64737



12 ग्राम चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों को किया जागरूक...

## भारतीय मोबाइल कांग्रेस का पीएम ने किया उद्घाटन, जियो की नई टेक्नोलॉजी से हुए रुबरु

एजेंसी। नई दिल्ली



प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को प्रगति मैदान के भारत मंडपम में 7वीं भारतीय मोबाइल कांग्रेस-2023 का उद्घाटन किया है। इस कार्यक्रम के दौरान पीएम मोदी देशभर में शैक्षणिक संस्थानों को 100 '5जी यूज केस लैब्स' प्रदान किया। इन प्रयोगशालाओं को '100 5जी लैब्स पहल' के तहत विकसित किया जा रहा है। 5जी अनुप्रयोगों के विकास को प्रोत्साहित करके 5जी तकनीक से जुड़े अवसरों को साकार करने की एक कोशिश '100 5जी लैब पहल' है। जो भारत की विशिष्ट जरूरतों के साथ-साथ वैश्विक मांगों को भी पूरा करेगा। यह अनूठी पहल शिक्षा, कृषि, स्वास्थ्य, बिजली, परिवहन जैसे विभिन्न सामाजिक-आर्थिक क्षेत्रों में नवाचार को बढ़ावा देगी और देश को 5जी तकनीक के उपयोग में आगे ले जाएगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज प्रगति मैदान के भारत मंडपम में 7वीं भारतीय मोबाइल कांग्रेस-2023 का उद्घाटन किया। पीएम मोदी ने इससे जुड़ी एक प्रदर्शनी में पहुंचे। जहां उनको नई टेक्नोलॉजी के बारे में जानकारी दी गई। यह पहल देश में 6जी-रेडी शैक्षणिक और स्टार्ट-अप इकोसिस्टम को बनाने के लिए भी एक महत्वपूर्ण कदम है। यह पहल स्वदेशी दूरसंचार प्रौद्योगिकी के विकास की दिशा में एक कदम है, जो राष्ट्रीय सुरक्षा के लिए भी महत्वपूर्ण है। भारतीय मोबाइल कांग्रेस एशिया का सबसे बड़ा दूरसंचार, मीडिया और प्रौद्योगिकी मंच है, जो 27 से 29 अक्टूबर, 2023 तक आयोजित हो रहा है। यह आयोजन दूरसंचार और प्रौद्योगिकी में भारत की अविश्वसनीय प्रगति को रेखांकित करने, महत्वपूर्ण घोषणाएँ करने तथा स्टार्ट-अप को अपने नवीन उत्पादों और समाधानों को प्रदर्शित करने का अवसर प्रदान करने के लिए एक मंच के रूप में कार्य करेगा। भारत मंडपम से शुरू हुई 7वीं मोबाइल कांग्रेस में देश के सबसे बड़े उद्योगपति शामिल हो रहे हैं। केंद्रीय आईटी और दूरसंचार मंत्री अश्विनी वैष्णव भी कार्यक्रम में मौजूद रहे। ये कार्यक्रम 29 अक्टूबर तक आयोजित होगा। इसमें दूरसंचार और प्रौद्योगिकी में भारत की प्रगति को पेश करने का मौका मिलेगा। भारत मंडपम से शुरू हुई 7वीं मोबाइल कांग्रेस में रिलायंस जियो के आकाश अंबानी ने कंपनी की स्पेस फाइबर तकनीक के बारे में पीए मोदी को जानकारी दी।

### देश के दुर्गम इलाकों में सैटलाइट की मदद से इंटरनेट पहुंचाएगी जियो

**नई दिल्ली।** देश के दूरदराज के इलाकों में हाई स्पीड इंटरनेट सेवा प्रदान करने के लिए रिलायंस जियो इंफोकॉम लिमिटेड अब 'जियो स्पेस फाइबर नाम की एक नई तकनीक लेकर आया है। यह सैटेलाइट बेस्ड गीगा फाइबर तकनीक है, जो उन दुर्गम इलाकों में भी इंटरनेट सर्विस प्रोवाइड कराएगी, जहां फाइबर केबल से ब्रॉडबैंड कनेक्टिविटी पहुंचाना मुश्किल-भरा काम है। जियो की यह नई सर्विस पूरे देश में अत्यधिक किफायत पर उपलब्ध होगी। कंपनी ने प्रगति मैदान में चल रही इंडिया मोबाइल कांग्रेस में 'जियो स्पेस फाइबर' को प्रदर्शित किया। देश के चार सबसे दूरस्थ स्थान जियो स्पेस फाइबर से जुड़ चुके हैं। जहां जियो स्पेस फाइबर की सेवा चालू हो चुकी है। इसमें गुजरात का गिर नेशनल पार्क, छत्तीसगढ़ का कोरबा, उड़ीसा का नबरंगपुर और असम का ओएनजीसी-जोरहाट शामिल है। जियो फाइबर और जियो एयर फाइबर के बाद रिलायंस जियो के कनेक्टिविटी पोर्टफोलियो की यह तीसरी बड़ी टेक्नोलॉजी है। जियो 450 मिलियन से अधिक भारतीय उपभोक्ताओं को हाई स्पीड ब्रॉडबैंड फिक्स्ड लाइन और वायरलेस सेवाएं प्रदान कर रहा है। जियो इंफोकॉम 'जियो स्पेस फाइबर' से दूरदराज के इलाकों में ब्राडबैंड कनेक्टिविटी पहुंचाने के लिए एसईएस कंपनी के उपग्रहों का इस्तेमाल करेगी। एसईएस एकमात्र मीडियम अर्थ ऑर्बिट (एमईओ) समूह है, जो अंतरिक्ष से अद्वितीय गीगाबिट सेवाएं देने में सक्षम है। इनकी मदद से 'जियो स्पेस फाइबर' से अब कहीं भी और कभी भी विश्वसनीय मल्टी-गीगाबिट कनेक्टिविटी मिलेगी।

## कानून बदलकर सीएम मुझे आपके सामने ले आएः आनंद मोहन

**हमारी दोस्ती कैसी थी आपको मालूम है : नीतीश, 20 साल बाद दोनों एक मंच पर**

दैनिक शुभ भास्कर। पटना



जेल से रिहा होने के 6 महीने बाद बाहुबली नेता आनंद मोहन ने सहरसा में शक्ति प्रदर्शन किया। इस कार्यक्रम में सीएम नीतीश कुमार बतौर मुख्य अतिथि शामिल हुए। पूर्व सांसद आनंद मोहन के दादा स्वतंत्रता सेनानी राम बहादुर सिंह और चाचा पद्मानंद सिंह ब्रह्मचारी की प्रतिमा का अनावरण सीएम ने किया। फिर रैली में शामिल हुए। कार्यक्रम में संबोधन के बाद नीतीश कुमार आनंद मोहन के घर गए। फिर वहां से पटना के लिए रवाना हो गए। 20 साल बाद ये पहला मौका था, जब सीएम नीतीश कुमार और बाहुबली नेता आनंद मोहन एक साथ मंच पर दिखे। इससे पहले 1994 से 2003 तक नीतीश कुमार और आनंद मोहन लोकसभा और विधानसभा के कई चुनाव साथ में लड़ चुके हैं।

आनंद बोले-आज सीएम के कारण मैं आपके बीच खड़ा हूं। कार्यक्रम में आनंद मोहन ने भाषण शुरू करने से पहले नीतीश बाबू और ललन सिंह जिंदाबाद का नारा लगाया। उन्होंने कहा - मेरी रिहाई के लिए जनता ने पूजा, आंदोलन, धरना दिया.. मुख्यमंत्री ने आपके भाई आनंद मोहन को कानून में तब्दीली कर आपके सामने खड़ा कर दिया। जिसने आपके भाई के लिए कानून में तब्दीली कर आपके सिपाही आपके भाई को निकाला, आप उसके साथ खड़ा रहिएगा।

**नीतीश कुमार ने दी खुली छूट, कहा- आपको जो इच्छा है कीजिए** - इसके बाद नीतीश कुमार ने कहा - आनंद मोहन जी के कहने पर यहां आया हूं। पहले हमारी दोस्ती कैसी थी आपको मालूम है। उन्होंने कहा कि आपको कोई दिक्कत नहीं है हम तो समर्थक हैं आपके..आपको जो इच्छा है कीजिए। आपको जो भी राजनीति करनी है कीजिए। हमारा रिश्ता तो दूसरा है हम उसे निभाएंगे।सभी को एकजुट कीजिए। उन्होंने कहा कि आनंद मोहन और लवली आनंद का अभिनन्दन करता हूं कि वो मुझे बुलाए। सहरसा में कार्यक्रम के दौरान आनंद मोहन के जेडीयू जॉइन करने की भी चर्चा थी, लेकिन छोटे बेटे अंशुमन आनंद ने इसे खारिज कर दिया है। अंशुमन के मुताबिक, वे कब और किस पार्टी को जॉइन करेंगे। यह जनवरी में महाराणा प्रताप की पुण्यतिथि पर तय किया जाएगा। इससे पहले 5 नवंबर को आनंद मोहन समर्थकों के साथ बड़ी मीटिंग पटना में करेंगे। इसी दिन 19 जनवरी को आयोजित होने वाली रैली की रणनीति तैयार की जाएगी।

**संक्षिप्त समाचार**

### फेफना नारी शक्ति बंधन कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**बलिया।** विधानसभा फेफना में आयोजित नारीशक्ति वंदन कार्यक्रम में भारी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति दर्ज हुई जहा महिला भाजपा पदाधिकारी भी उपस्थित रही कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा के जिलाध्यक्ष संजय यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिलाओं के उत्थान की बात करते हुए कहा की महिलाओं से जुड़ी जितनी समस्याएं थी उसको भाजपा सरकार ने अधिक से अधिक निजात दिलाया है उन्होंने उज्जवला योजना ,सौचालय महिला आरक्षण आदि सबकी बात की उन्होंने संसद और विधान सभा में महिला बिल पास होने के बाद अधिक से अधिक महिलाओं की सक्रियता बढ़ेगी जिससे नारी का सम्मन भी बढ़ेगा और महिलाएं आत्मनिर्भर होगी।इसी बात को आगे बताते हुए सांसद बीरेंद्र सिंह ने नारी उत्थान की बात की सभा को पूर्व मंत्री उपेंद्र तिवारी व पूर्व विधायक धनजय कन्नोजिया ने भी संबोधित किया।

### जिन राज्यों में रावण रूपी सरकारें है उनको हटाना है - डा० संजय निषाद



**बलिया** - बलिया टाउन हॉल बापू भवन में एक कार्यक्रम को आयोजित करने आए उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री डा० संजय कुमार निषाद ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला और कहा कि को आप सीट की बात कर रहे है तो त्रेता युग में भगवान राम को निषाद राज ने गले लगाए थे रावण राज कों खत्म कराने के लिए और रावण पर जीत दर्ज कराने के लिए आए है। सीट तो रहेगा ही क्योंकि 2017 में मिला।और 2024 में भी एनडीए के घटक दल निषाद पार्टी फिर से आयेगी। हम लोग एनडीए के घटक दल है और हमसब लोग मिलकर जीत दर्ज करेंगे। रावण राज का मतलब यह है कि जिस राज्य में एनडीए की सरकार नही है और प्रदेशों में जो रावण राज है वह आ रहे है और लोगो को भरमा रहे है और रावण रूपी जो सरकारें रही है उनको हटाना है।जो धोखा दिया है उनका पर्दाफाश करना है।

### चौंकाने वाली है वजहः गहलोत के लिए संकट मोचक बने सचिन पायलट

**नई दिल्ली।** राजस्थान की राजनीति में मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और उन्ही की पार्टी के कद्दावर कांग्रेस नेता सचिन पायलट में कभी नहीं बनी। दोनों ही नेताओं ने एक दूसरे के खिलाफ बयानबाजी में कोई कसर नहीं छोड़ी। विवाद इतना बढ़ा कि सियासी गलियारों में चर्चा होने लगी थी कि गहलोत और सचिन पायलट में से कोई एक ही राजस्थान मे रहेगा। वजह ये थी कि सचिन पायलट के तीखे होते तेवर कहीं दूसरे दल की तरफ न मोड़ दें ऐसी शंकाएं भी सियासी चौपाल पर सुनाई देने लगे थे। अब ऐसा क्या हो गया कि बीते कई महीनों से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत और कांग्रेस नेता सचिन पायलट के बीच कोई खटपट सुनाई नहीं दे रही है। तो क्या दोनों नेताओं का हृदय परिवर्तन हो गया है। या फिर सियासी दुश्मनी अब दोस्ती में बदल गई है। ऐसे तमाम सवालों के जबाव गुरुवार की शाम सचिन पायलट ने कांग्रेस मुख्यालय पर आयोजित एक संवाददाता सम्मेलन में दे दिए हैं।

## ममता के मंत्री गिरफ्तार, पश्चिम बंगाल में मचा सियासी घमासान

एजेंसी। कोलकाता



पश्चिम बंगाल में कई घोटाले हैं जिनकी जांच सीबीआई और ईडी जैसी एजेंसियां कर रहीं है। आए दिन कोई न कोई नेता इनकी रडार पर आ जाता है। शुक्रवार को टीएमसी नेता और राज्य के वन मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक को 20 घंटे की पूछताछ के बाद ईडी ने गिरफ्तार कर लिया। राशन वितरण घोटाले के आरोपी मलिक का यह मामला उस वक्त का है जब वे खाद्य मंत्री थे। मलिक की गिरफ्तारी पर पश्चिम बंगाल में राजनीति शुरु हो गई है। टीएमसी ने इस कार्रवाई को पश्चिम बंगाल संस्कृति पर हमला बताया है। वहीं भाजपा ने भी पलटवार करते हुए स्पष्ट कर दिया है कि जब टीएमसी के नेता गले गले तक भ्रष्टाचार में डूबे तो कार्रवाई तो होगी। इसमें तकलीफ क्या है। ईडी के अधिकारियों ने कई करोड़ रुपए के कथित राशन वितरण घोटाले के संबंध में जांच के सिलसिले में मलिक के परिसरों पर गुरुवार को तड़के छापेमारी शुरू की। एक अधिकारी ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारियों ने कोलकाता के साल्ट लेक इलाके में स्थित राज्य के वन मंत्री मलिक के दो फ्लैट पर केंद्रीय बलों की एक टीम के सहयोग से छापा मारा। प्रवर्तन निदेशालय यानी ईडी ने राशन वितरण में कथित भ्रष्टाचार के एक मामले में पश्चिम बंगाल के वन मंत्री और पूर्व खाद्य मंत्री ज्योतिप्रिय मलिक को 20 घंटे की पूछताछ के बाद गिरफ्तार कर लिया है। उन्हें शुक्रवार सुबह करीब 3.23 बजे गिरफ्तार किया गया। गिरफ्तारी से पहले मलिक ने कहा था, मैं एक गंभीर साजिश का शिकार हूं। मैं यही कह सकता हूं। अधिकारी ने बताया कि मलिक के पूर्व निजी सहायक के मकानों सहित आठ अन्य फ्लैट पर भी छापेमारी की कार्रवाई जारी है। प्रवर्तन निदेशालय के अधिकारी ने कहा, मलिक के आवासों पर आठ अधिकारी छापे मार रहे हैं। हम उनके पूर्व निजी सहायक के दमदम स्थित आवास और कुछ अन्य स्थानों पर भी तलाशी ले रहे हैं। अधिकारी ने बताया कि केंद्रीय जांच एजेंसी पहले ही एक व्यक्ति को गिरफ्तार कर चुकी है, जिसके सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस और मलिक के साथ कथित तौर पर करीबी संबंध हैं। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व्यक्ति के साथ संबंध को लेकर मलिक से पूछताछ की जा रही है और मंत्री के बैंक खातों की भी जांच की जा रही है। सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने छापेमारी की इस कार्रवाई को लेकर कहा कि यह बदले की राजनीति के अलावा और कुछ नहीं है। तृणमूल नेता और राज्य की मंत्री शशि पांजा ने मलिक के आवासों पर छापेमारी की आलोचना करते हुए कहा, यह विजय दशमी के अवसर पर बंगाल की संस्कृति पर हमला है। यह बदले की राजनीति के अलावा और कुछ नहीं है। हमने देखा है कि दुर्गा पूजा से पहले हमारे नेताओं के परिसरों पर उस समय छापे मारे गए थे, जब हम (महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी अधिनियम के तहत) निधि जारी किए जाने की मांग को लेकर प्रदर्शन कर रहे थे। पांजा ने कहा, हम ऐसे तलाशी अभियानों से हैरान नहीं हैं क्योंकि उन्होंने (केंद्रीय एजेंसी ने निशाना बनाने के लिए) कुछ लोगों की पहचान की है... और यह जारी रहेगा।

## पाकिस्तानी रेंजरों ने फायरिंग के बाद नागरिक इलाकों पर दागे मोर्टार

एजेंसी। जम्मू

अरनिया में अंतर्राष्ट्रीय सीमा (आईबी) पर पाकिस्तानी रेंजरों द्वारा भारी गोलीबारी के बाद कई नागरिकों ने अपने घर छोड़कर सुरक्षित इलाकों में शरण ले ली, इसमें सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) के दो जवान और एक महिला घायल हो गईं। एक बयान में, बीएसएफ के बयान में कहा गया है " अरनिया क्षेत्र में बीएसएफ चौकियों पर पाकिस्तान रेंजर्स द्वारा अकारण गोलीबारी शुरू कर दी गई, जिसका बीएसएफ जवानों द्वारा माकूल जवाब दिया जा रहा है।" अरनिया सेक्टर में गोलीबारी में आधा दर्जन अग्रिम गांवों को निशाना बनाया गया, इसके बाद पाकिस्तानी सैनिकों ने सुचेतगढ़ सेक्टर के तीन गांवों तक गोलीबारी बढ़ा दी। रेंजर्स की ओर से नागरिक इलाकों को निशाना बनाकर कुछ मोर्टार गोले भी दागे गए। पुलिस ने बताया कि रात 11 बजे तक भारी गोलीबारी जारी रही। इसके बाद रुक-रुक कर फायरिंग होती रही। अरनिया सेक्टर में फायरिंग में बीएसएफ के दो जवान घायल हो गए। उनकी पहचान कर्नाटक के बसवराज एसआर (30) और शेर सिंह के रूप में की गई। घायल महिला की पहचान अरनिया के वार्ड 5 निवासी बलबीर सिंह की पत्नी रजनी बाला (38) के रूप में हुई। घायलों को निकालकर सरकारी मेडिकल कॉलेज (जीएमसी) अस्पताल, जम्मू में भर्ती कराया गया, जहां उपस्थित डॉक्टरों ने उनकी हालत स्थिर बताई है। पाकिस्तान की ओर से गोलीबारी शुरू होने से सीमा पर रहने वालों में दहशत फैल गई।

## गड़वार थाने पर साइबर क्राईम के बारे में पुलिस कर्मियों को जानकारी देते थाना प्रभारी संजय शुक्ला



**गड़वार (बलिया)।** साइबर अपराध के शिकार फरियादियों की थाने स्तर पर ही मदद करने के लिए शनिवार को स्थानीय थाने में पुलिस कर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। साइबर सेल एक्सपर्ट / प्रभारी निरीक्षक ने सभी को जांच की बारीकियों के बारे में जानकारी दी। अब ये लोग जांच के साथ ही लोगों को साइबर अपराध से बचाने के लिए जागरूक भी करेगें। थाना प्रभारी संजय शुक्ला ने प्रशिक्षण के दौरान साइबर अपराध के रोकथाम व इन्वेस्टिगेशन के लिए आनलाइन साइट्रेन पोर्टल पर प्रशिक्षण प्राप्त किए जाने के लिए संचालन एवं क्रियान्वयन के संबन्ध में सभी को जानकारी उपलब्ध कराई । साथ ही क्रिप्टोकरेंसी इन्वेस्टिगेशन की कार्यप्रणाली के विषय में बताया गया एवं साइबर अपराधों के संबंध में बरते जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी गई। टोल फ्री नंबर 1930 व cybercrime.gov.in बेवसाइट के संबन्ध में दिशा निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी संजय शुक्ला ने बताया कि जागरूकता के बावजूद साइबर अपराध बढ़ रहे हैं। पुलिस लगातार इस पर अंकुश लगाने में जुटी है। इस कड़ी में अब थानों में साइबर हेल्प डेस्क पर एक्सपर्ट होंगे। इन्हें स्पेशल ट्रेनिंग दी गई है। वैसे साइबर फ्राड के शिकार होने पर साइबर क्राइम की वेबसाइट व 1930 पर काल कर शिकायत दर्ज कराएं। प्रशिक्षण के दौरान अपराध निरीक्षक राम अनुराग शुक्ला, एसआई ब्रजेश सिंह,कालीशंकर तिवारी,कमलेश पाठक,अशोक चौधरी,हेड कां संदीप यादव, अवधेश यादव आशिष यादव, कां.चन्द्रशेखर चौहान,सर्वेश यादव,रितेश पाण्डेय,रमेश सरोज,विशाल गौतम सहित समस्त पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

### मानवीय सेवा के लिए डॉक्टर सुरुचि सम्मानित



**मोतीहारी।** अशोक वर्मा सदर अस्पताल की महिला चिकित्सक ने एक महिला की जान ,बचाई। उनके मानवीय कार्य के लिए स्वामी विवेकानंद सनातनी दर्शन मंच ने सम्मानित किया। डॉक्टर के साथ उनकी टीम के अन्य सहयोगियों को भी सम्मानित किया गया मंच के संस्थापक अध्यक्ष डॉक्टर नागमणि सिंह ने बताया कि महिला डॉक्टर नेम अपने धर्म का पालन किया और विकट परिस्थिति में उस महिला की जान बचाई ।सदर अस्पताल की महिला रोग विशेषज्ञ डा. सुरूची स्मृति ने नवरात्र की नवमी के दिन जब तमाम लोग त्योहार का आनंद ले रहे थे। तब उन्होंने गर्भवती महिला की जान बचाने की प्रयास करती रही और अंतत उन्हें सफलता मिली । महिला की स्थिति ऐसी थी कि शहर के कई निजी चिकित्सकों ने उनका इलाज करने से हाथ खड़े कर दिए, लेकिन डा सुरूचि ने हार नहीं मानी व काफी मशक्कत के बाद महिला की जान बचाने में कामयाबी मिली। डा. सुरूची ने बताया कि गर्भवती महिला रैपचर्ड एक्टोपिक प्रेगनेंसी के हालात में थी। ऐसे हालात में गर्भ में पल रहा बच्चा ट्यूब में चला जाता है। महिला के मामले में भी गर्भस्थ शिशु बच्चेदानी से जुड़ी नली में चला गया था। नली फट गई थी। इस कारण महिला के पेट में काफी मात्रा में खून जमा हो गया था। मरीज का हीमोग्लोबिन भी महज 6 ग्राम रह गया था।

### सीएम योगी आदित्यनाथ तीन नवंबर को नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को होंगे शामिल



**बांसडीह, बलिया** : विधायक केतकी सिंह के विशेष निमंत्रण पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 3 नवम्बर को बांसडीह में नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत आयोजित महिला सम्मेलन में भाग लेते हुए जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन के क्रम में शुक्रवार को प्रशासनिक अमला विधान सभा क्षेत्र के बांसडीह-मैरिटार मुख्यमार्ग पर स्थित पिंडहरा ग्राम सभा के मिरीगिडी मौजे में करीब दस से पंद्रह बीघे की भूमि सभा स्थल के लिये चिन्हित किया है।शुक्रवार को जिला प्रशासन एवं टेक्निकल टीम ने कार्यक्रम स्थल पर चिन्हित मंच स्थान से 60 मीटर की दूरी पर हैलीपैड स्थल का चिन्हांकन किया। वही सभा स्थल पर टेंट इत्यादि के लिए भी जगह बाहर से आई टीम ने नाप लिया।एडीएम, एसडीएम राजेश कुमार, क्षेत्राधिकारी एसएन वैश्य, तहसीलदार निखिल शुक्ला, जेई, राजस्व लेखपाल आदि अधिकारियों ने सभा स्थल का जायजा लेने के साथ ही लगभग दस बीघे के रकबे में लगी धान की फसल को किसानों से सामंजस्य स्थापित कर कटवाया और सभास्थल को विस्तृत रूप दिया। इसी क्रम में सभास्थल से कुछ दूरी पर अलग से वाहन स्टैंड का स्थल भी चिन्हित किया गया। आवागमन को लेकर रास्ते आदि को भी देखा। इस संबंध में विधायक केतकी सिंह ने बताया कि तीन नवम्बर को सीएम योगी आदित्यनाथ मैरीटार गांव में आयोजित महिला सम्मेलन में शामिल होंगे। इसे लेकर प्रशासनिक तैयारियां की जा रहीं हैं।

**चालान** | **दिसम्बर माह में और तेज होगा अभियान, तैयारी पूरी**

## बकाया टैक्स वाले वाहनों पर कार्रवाई जारी, 13 वाहनों का चालान



**बलियाः** जिले में चल रहे वाहनों के बकाया टैक्स जमा कराने को लेकर परिवहन विभाग और सख्त हो गया है। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी अरूण कुमार राय के नेतृत्व में टैक्स जमा नहीं करने वाले वाहनों को बन्द करने तथा चालान करने की कार्रवाई तेजी से की जा रही है। शुक्रवार को भी एआरटीओ श्री राय ने दुबहड़ क्षेत्र में प्रवर्तन कार्य करते हुए तीन ट्रक, चार मैजिक सहित कुल 13 वाहनों का चालाान किया। उन्होंने वाहन स्वामियों से अनुरोध भी किया है कि अगर किसी का टैक्स बकाया है तो समय से जमा कर दें। इसके लिए कार्यालय रविवार को खुला रहेगा। अन्यथा की स्थिति में प्रवर्तन कार्य के दौरान वाहन चालान करने के साथ जब्त करने की कार्रवाई होगी। बताया कि दिसम्बर महीने के पहले सप्ताह में और ब्यापक पैमाने पर अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए पूरी तैयारी कर ली गयी है। इसलिए वाहन स्वामियों को अगर कार्रवाई से बचना है तो तत्काल बकाया टैक्स जमा कर दें।

## ख़ास ख़बर

### जिला स्तर पर आयोजित वार्षिक विद्यालय खेल प्रतियोगिता, 30 से 1 नवंबर तक

**अररिया।** वार्षिक विद्यालय खेल प्रतियोगिता, 2023-24 दिनांक 30.10.2023 से 01.11.2023 तक जिला स्तर पर आयोजित किया जायेगा। विद्यालय खेलकूद प्रतियोगिता में U-14, 17, 19 बालक/बालिका का भाग लेंगे। जानकारी देते हुए उपाधीक्षक शारीरिक शिक्षा अररिया, श्री आकीफ वक्कास ने बताया कि वार्षिक विद्यालय खेल प्रतियोगिता, 2023-24 अब जिला स्तर पर 30.10.2023 से 01.11.2023 तक निर्धारित है। इस हेतु सभी आवश्यक तैयारी सुनिश्चित की जा रही है। उन्हेंने बताया कि वार्षिक विद्यालय खेल प्रतियोगिता जिला मुख्यालय स्थित अररिया कॉलेज स्टेडियम अररिया, इंडोर स्टेडियम अररिया, खेल भवन सह व्यायामशाला अररिया एवं नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम अररिया में संपन्न कराया जायेगा। जिससे संबंधित खेल का आयोजन स्थल एवं आयोजन की तिथि निर्धारित की गई है। उन्होंने कहा कि मध्य विद्यालय, उच्च विद्यालय, उच्च माध्यिम विद्यालय एवं गैर सरकारी विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों से अनुरोध किया है कि अपने अपने विद्यालय के अधिक से अधिक खिलाड़ियों की सहभागिता इस वार्षिक विद्यालय खेल प्रतियोगिता में सुनिश्चित करावें।

### नहीं रहीं पूर्व मुखिया अहिल्या देवी, निधन पर शोक व्यक्त



**पुरैनी।** पुरैनी प्रखंड के वंश गोपाल पंचायत अंतर्गत भटौनी गांव के पूर्व मुखिया स्व. उदय यादव जी कि धर्मपत्नी पूर्व मुखिया अहिल्या देवी का शुक्रवार को निधन हो गया उनके निधन पर शोक व्यक्त करते हुए लोगों ने कहा कि वे धर्म परायण एवं उच्च संस्कारों वाली महिला थी ।शोक व्यक्त करने वालों में पूर्व मंत्री नरेंद्र नारायण यादव,विधान परिषद सदस्य डॉ अजय कुमार सिंह, कांग्रेस नेता केसर कुमार सिंह, डॉ प्रो पूजा भारती, डॉ परवेज अख्तर,इंटक जिलाध्यक्ष संजय कुमार सिंह, डॉ मिथिलेश कुमार, मुकेश कुमार, डॉ विवेक भारती, रजनीश कुमार बबलू, आदित्य नारायण यादव, डॉ एके मिश्रा, डॉ इंदू भुषन कुमार आदि हैं।

### विश्वविद्यालय मुख्यालय 86 कर्मचारी संघर्ष समिति का नौवें दिन भी अनिश्चित कालीन धरना प्रदर्शन जारी



**मधेपुरा।** भू० ना० मंडल विश्वविद्यालय, लालूनगर, मधेपुरा विश्वविद्यालय मुख्यालय एवं स्नातकोत्तर विभागों में नियुक्त एवं कार्यरत 86 (वर्तमान में 77) कर्मियों के वेतन भुगतान को लेकर 19. 10.2023 से हीं कार्यरत कर्मी अपनी मांग को लेकर आन्दोलन एवं धरणा प्रदर्शन जारी किए हुए है। बताया गया कि माननीय उच्च न्यायालय के न्यायादेश क्रमशः CWJC No-12758, 13446, 13843 एवं 12514 तथा राजकीय आदेश पत्र 518 दिनांक 27.03.2023 के आलोक में विषयांकित कर्मियों को मई, 2023 तक राज्य सरकार द्वारा प्राप्त वेतनादि मद की राशि से सी. एफ.एम.एस के माध्यम से पूर्ण वेतन का भुगतान किया गया। अब 04 माह से विश्वविद्यालय द्वारा भुगतान नहीं किये जाने के कारण ये सभी कर्मी शांतिपूर्ण एवं संवैधानिक तरीके से आन्दोलन एवं धरणा-प्रदर्शन का कार्यक्रम दिनांक- 19.10.2023 से लगातार चल रहा है और तबतक चलता रहेगा, जबतक विश्वविद्यालय प्रशासन द्वारा वेतन का भुगतान नहीं कर दिया जाता है। आंदोलनकारियों ने जमकर विश्वविद्यालय प्रशासन के विरुद्ध जहां आक्रोश में नारे बाजी कर रहे हैं वहीं कार्यालय में ताला बंद रहने एवम कर्मी के धरना पर रहने से सारा कार्य ठप है। दूर दराज से आने वाले छात्र छात्राओं, सेवा निवृत कर्मियों आदि लोगों को बड़ी कठिनाई उत्पन्न हो गई है। अभिभावकों सहित कर्मियों के शुभचिंतकों ने विश्वविद्यालय प्रशासन से उचित कदम उठाते हुए वेतन भुगतान की मांग की है।

# सांसद संजय सिंह की गिरफ्तारी के खिलाफ 'आप' का जोरदार प्रदर्शन



**नई दिल्ली/कृष्ण कुमार वर्मा।** ''आप'' सांसद संजय सिंह की आधार-विहीन गिरफ्तारी के खिलाफ आम आदमी पार्टी ने शुक्रवार को जोरदार विरोध-प्रदर्शन किया। पार्टी कार्यकर्ताओं ने भाजपा और मोदी सरकार की तानाशाही के खिलाफ जमकर नारेबाजी की। कार्यकर्ताओं का कहना है कि जबतक संजय सिंह रिहा नहीं हो जाते हैं, हम मोदी सरकार की तानाशाही के खिलाफ लड़ाई को जारी रखेंगे। इस दौरान कार्यकर्ताओं को पुलिस के बल प्रयोग का भी सामना करना पड़ा। पुलिस द्वारा लाठीचार्ज किया गया और आम आदमी पार्टी के सैकड़ों कार्यकर्ताओं को हिरासत में लिया गया। इस दौरान आम आदमी पार्टी के कार्यकर्ताओं ने मोदी जब-जब डरता है- ईडी को आगे करता है, मोदी तेरी तानाशाही, नहीं चलेगी-नहीं चलेगी, संजय सिंह को रिहा करो, भाजपा मुर्दाबाद, ईडी-सीबीआई मुर्दाबाद, 2024 में मोदी को जाना होगा, 'लोकतंत्र की हत्या बंद करो, 'ईडी-सीबीआई भाजपा के भाई समेत अन्य नारे लगाए। आम आदमी पार्टी का यह प्रदर्शन भाजपा कार्यालय तक चलना था लेकिन भाजपा की दिल्ली पुलिस ने बेरीकेडिंग कर कार्यकर्ताओं को आगे बढ़ने से रोक दिया, जिसके कारण कुछ देर बाद प्रदर्शन को समाप्त करना पड़ा। बेजेपी के खिलाफ विरोध प्रदर्शन पर आम आदमी पार्टी के राज्यसभा सांसद और राष्ट्रीय संगठन महामंत्री डॉ संदीप पाठक ने कहा कि भारतीय जनता पार्टी देश को बर्बाद करने पर लगी हुई है। आज देश के युवा बेरोजगार हैं, महंगाई अपनी चरम सीमा पर है। देश में शिक्षा और स्वास्थ्य व्यवस्था बदहाल है। यह सरकार सिर्फ जुमले वाली सरकार है। जिन लोगों ने भारतीय जनता पार्टी को वोट दिया था आज वही लोग बीजेपी को सत्ता से उखाड़ फेंकने की कसम खा चुके हैं। आम आदमी पार्टी दिल्ली और पंजाब में क्रांतिकारी काम कर रही है इसीलिए आम आदमी पार्टी को रोकने के लिए बीजेपी रोजाना नए-नए षड्यंत्र रच रही है। हमारे नेताओं को फर्जी मुकदमों में जेल में डाला जा रहा है। डॉक्टर संदीप पाठक ने आगे कहा कि हमें काम करने से रोकने की भरपूर कोशिश की जा रही है लेकिन मैं मोदी सरकार से कहना चाहता हूं कि दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने जो देश को नंबर वन बनाने का सपना देखा है उसको पूरा किए बिना हम रुकने वाले नहीं हैं। आप हम लोगों पर कितने भी ईडी और सीबीआई के छापे पड़वा लीजिए लेकिन हम डरने वाले नहीं है। ना तो पहले किसी छापे में आपकी ईडी और सीबीआई को कुछ मिला था और ना ही अब कुछ मिलने वाला है। आज ईडी और सीबीआई जैसी देश की सरकारी संस्थाएं मोदी सरकार के दबाव में काम कर रही हैं। आज विपक्ष का कोई भी नेता मोदी सरकार से सवाल करता है तो मोदी जी उसके पीछे ईडी और सीबीआई को छोड़ देते हैं। मोदी सरकार डरा-धमका कर विपक्ष के दिल में खौफ पैदा करना चाहती है। अगर इन्होंने पिछले 9 सालों में कोई भी एक अच्छा काम किया होता तो इनको इस तरह ईडी और सीबीआई का सहारा नहीं लेना पड़ता। मोदी जी ईडी और सीबीआई के दम पर केंद में सरकार बनाना चाहते हैं। वहीं, दिल्ली सरकार में मंत्री और प्रदेश अध्यक्ष गोपाल राय ने कहा कि पांच राज्यों में होने वाले अगामी विधानसभा चुनाव में भाजपा बुरी तरह से हार रही है। हार की बौखलाहट से मोदी सरकार ईडी और सीबीआई का दुरुपयोग कर रही है। आज पूरा देश देख रहा है कि दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी एक छोटी सी पार्टी से डर गई है। हमें देश की न्याय व्यवस्था पर पूरा भरोसा है। हमें वश्विास है कि संजय सिंह और मनीष सिसोदिया जल्द ही जेल से बाहर आएंगे। ईश्वर हमारे साथ है। संजय सिंह और मनीष सिसोदिया की रिहाई तक हम लोग सड़क से लेकर सुप्रीम कोर्ट तक की लड़ाई जारी रखेंगे। प्रदर्शन करते हुए आम आदमी पार्टी के विधायक और प्रदेश उपाध्यक्ष दिलीप पांडे ने कहा कि पिछले 15 महीनों से ईडी-सीबीआई मोदी जी के कहने पर एक फर्जी केस में जांच कर रही है लेकिन उन्हें कुछ नहीं मिला। संजय सिंह जी गरीबों की बुलंद आवाज़ हैं जो मोदी सरकार के खिलाफ बोलने में बिल्कुल हिचकिचाते नहीं हैं, इसलिए मोदी सरकार ने ईडी के माध्यम से उनको गिरफ्तार करवाया है। आज लोकतंत्र खतरे में है। मैं मोदी जी से कहना चाहता हूं कि आपके मनसूबों के खिलाफ आम आदमी पार्टी सड़क से लेकर सदन तक लड़ाई लड़ेगी। वहीं "आप" विधायक और प्रदेश उपाध्यक्ष ऋतुराज झा ने कहा कि जब तक केंद्र सरकार झूठे केस लगाकर हमारे नेताओं को अंदर करना बंद नहीं करेगी तब तक हमारी लड़ाई जारी रहेगी। इन लोगों को समझना पड़ेगा कि यह आवाज दबने वाली नहीं है। झूठा केस लगाकर एक संजय सिंह को बंद करोगे तो एक लाख संजय सिंह सड़क पर उतर के आएंगे। आज सुप्रीम कोर्ट कहता है कि एक रुपए का मनी ट्रेल नहीं हुआ है, इनके पास एक सबूत नहीं है। लोकतंत्र हमें शांतिपूर्वक प्रदर्शन करने का पूरा अधिकार देता है लेकिन भाजपा की दिल्ली पुलिस बल प्रयोग करके हमें दबाने की कोशिश कर रही है। उधर "आप" विधायक और प्रदेश उपाध्यक्ष कुलदीप कुमार ने कहा कि ईडी और सीबीआई के माध्यम से मोदी सरकार विपक्ष की आवाज को दबाना चाहती है। बीजेपी आम आदमी पार्टी को खत्म करना चाहती है। फर्जी मामले में आम आदमी पार्टी के शीर्ष नेताओं को जेल में डालने का काम किया गया। मनगढ़ंत कहानी बनाकर, बेबुनियादी केस लगाकर संजय सिंह जी को जेल में डालने का काम किया। सुप्रीम कोर्ट भी कह चुका है कि अगर यह मामला कोर्ट में आता है तो 10 मिनट भी नहीं टिक पाएगा। लोकतंत्र के लिए यह बहुत खतरनाक है। आज मोदी सरकार ईडी और सीबीआई के माध्यम से देश की सत्ता को चलाना चाहती है लेकिन हम उनसे डरते नहीं हैं। सच्चाई और ईमानदारी की जीत होगी और संजय सिंह जी जल्द बाहर आएंगे।

## बीएनएमयू : मार्गदर्शन एवं उत्प्रेरण केंद्र में नामांकन हेतु आवेदन की अंतिम तिथि महज चार दिन शेष

**मधेपुरा/डा. रूद्र किंकर वर्मा।** मुख्यमंत्री व्यवसायिक पाठ्यक्रम मार्गदर्शन एवं उत्प्रेरण केंद्र में नामांकन हेतु आवेदन की अंतिम तिथि महज चार दिन शेष है। इस बीच विद्यार्थियों की सुविधा के लिए पुराना हिंदी विभाग के अलावा सामान्य शाखा और नए कैम्पस के दर्शनशास्त्र विभाग में भी आवेदन पत्र जमा करने की व्यवस्था की गई है। इसके अलावा भारतीय विद्यार्थी डाक अथवा केंद्र ई. मेल cgcbnmu@gmail.com पर भी आवेदन भेज सकते हैं।




**हो रहा है व्यापक प्रचार-प्रसार:** डीएसडब्ल्यू डॉ. राजकुमार सिंह ने बताया कि कुलपति प्रो. राजनाथ यादव के आदेशानुसार केंद्र में अधिकाधिक विद्यार्थियों के नामांकन हेतु हर संभव प्रयास किए जा रहे हैं। सभी विश्वविद्यालय स्नातकोत्तर विभागों में आवेदन फार्म एवं सूचना उपलब्ध कराई गई है। विभागाध्यक्षों एवं प्रधानाचार्यों को पत्र प्रेषित कर छात्र-छात्राओं को इस केंद्र में नामांकन कराने हेतु प्रेरित करने का अनुरोध किया गया है।

**जमा हुए हैं पचास आवेदन:** कुलसचिव डॉ. मिहिर कुमार ठाकुर ने बताया कि अब तक लगभग पचास आवेदन प्राप्त हो चुका है। आशा है कि अंतिम तिथि 31 अक्टूबर तक पर्याप्त आवेदन प्राप्त हो जाएगा।

**ई. मेल से भी कर सकते हैं आवेदन:** उन्होंने सभी शोधार्थियों और स्नातकोत्तर चतुर्थ सेमेस्टर के विद्यार्थियों से अपील की है कि वे अविलंब फार्म जमा करें और इस निः शुल्क योजना का लाभ उठाएं। यदि कार्यालय में आवेदन जमा कराने में असुविधा हो, तो भारतीय डाक या ई. मेल से आवेदन जमा कराएं।

**कुल 120 सीटों पर होगा नामांकन:** उप कुलसचिव (स्थापना) डॉ. सुधांशु शेखर ने बताया कि केन्द्र में 60-60 छात्र-छात्राओं का दो बैच 06 माह के लिए संचालित किया जाएगा। कुल उपलब्ध सीटों (120) में से 40 प्रतिशत (48) पिछड़ा वर्ग तथा 60 प्रतिशत (72) अति पिछड़ा वर्ग के छात्र-छात्राओं के लिए अनुमान्य है। दोनों कोटियों में छात्राओं के लिए 33 प्रतिशत छैतिज आरक्षण की व्यवस्था है।

**नवंबर के प्रथम सप्ताह में होगी समीक्षा बैठक:** उन्होंने बताया कि नवंबर के प्रथम सप्ताह में केंद्र के संचालन समिति की बैठक होगी। बैठक में मुख्य रूप से नामांकन के लिए प्राप्त आवेदनों की समीक्षा होगी और चयन प्रक्रिया पर विचार किया जाएगा।

**वंचित वर्ग को मिलेगा अवसर:** उन्होंने बताया इस केंद्र की शुरुआत बिहार सरकार के अंतर्गत संचालित बिहार राज्य पिछड़ा वर्ग एवं अतिपिछड़ा वर्ग वित्त एवं विकास निगम, पटना द्वारा की गई है। इसका उद्देश्य उच्च शैक्षणिक संस्थानों में शैक्षणिक पदों पर नियुक्ति में पिछड़ा वर्ग एवं अत्यंत पिछड़ा वर्ग की भागीदारी बढ़ाना है। इससे वंचित वर्ग को आगे आने का अवसर मिलेगा। उन्होंने बताया कि इसमें विद्यार्थियों को इनईटी, जीएटीई, जेआरएफ, पीएचडी आदि प्रतियोगिता परीक्षाओं में चयनित होने के लिए परीक्षा पूर्व निशुल्क प्रशिक्षण दिया जाता है। इसमें बीएनएमयू सहित विभिन्न विश्वविद्यालयों के सुयोग्य शिक्षकों द्वारा कक्षा-संचालन की व्यवस्था है।

**जिला प्रशासन का भी सहयोग:** जिला कल्याण पदाधिकारी रामकृपाल प्रसाद ने जिला प्रशासन द्वारा भी इन योजना का प्रचार-प्रसार किया जा रहा है। विद्यार्थियों को इसमें रूचि लेने की जरूरत है।

### शराब लदे टेंपू के साथ 04 शराब तस्करों को जोगबनी पुलिस ने किया गिरफ्तार



**जोगबनी।** जोगबनी थाना पुलिस द्वारा गुप्त सूचना के आधार पर चाणक्य चौक से 18.6 लीटर नेपाली देशी शराब एवम 25.12 लीटर अंग्रेजी शराब लदे टेंपू के साथ 04 शराब तस्करों को गिरफ्तार किया गया। प्राप्त जानकारी के अनुसार चाणक्य चौक जोगबनी से (1) रंजना देवी उर्फ रिंकी देवी , (2)निर्मला देवी,(3)नंदनी कुमारी तीनों सा० चानक्य चौक जोगबनी थाना- जोगबनी एवम् (4) टेम्पो न० बी आर -11ई आर-0366 के चालक मनोज साह सा० सुलतान पोखर थाना-फारबिसगंज को उमंगा नेपाली देशी शराब 62 बोतल प्रति बोतल 300 एमएल.18 . 6 लीटर. रियल गोल्ड 5000अंग्रेजी शराब का 36 बोतल प्रति बोतल 500एम एल. 18 लीटर, मैक डोवेल्स का अंग्रेजी शराब का 16 बोतल प्रति बोतल मे 375 एम एल. 06 लीटर , ए सी ब्लैक अंग्रेजी शराब का 03 बोतल प्रति बोतल मे 375 एम एल 1. 12 लीटर के साथ टेम्पो सहित गिरफ्तार किया गया है, अग्रिम कारवाई की जा रही है।

### सिर्फ दो स्लीपर क्लास के साथ शहीद सरयू यमुना एक्सप्रेस में एलएचबी कोंच के साथ परिचालन



**जयनगर /मधुबनी, दैनिक शुभ भास्कर (मो.गुलाब)।** एक बार फिर रेलवे ने यात्री सुविधाओं के नाम पर रेल यात्रियों के जेब पर डाका डालने का काम किया है। सीमावर्ती शहर जयनगर से अमृतसर के बीच चलने वाली ट्रेन नंबर 14673/74 शहीद एक्सप्रेस व 14649/50 सरयू यमुना एक्सप्रेस को रेलवे ने नई व्यवस्था के तहत पुराने डब्बे को हटा कर एलएचबी डिब्बे के साथ स्लीपर व जनरल डिब्बे में कटौती करतें हुए रेल यात्रियों के जेब पर डाका डाला है। उक्त दोनों ट्रेनों में स्लीपर व जनरल डिब्बे में कटौती से सीमावर्ती क्षेत्र के गरीब, मजदूर वर्ग के साथ मध्य व निम्न श्रेणी के रेल यात्रियों पर भारी असर पड़ेगा। रेलवे सूत्रों की मानें तो जयनगर से अमृतसर के बीच चलने वाली शहीद व सरयू यमुना एक्सप्रेस में लगे 10 समान्य डिब्बे से रेलवे को अधिक राजस्व प्राप्त होता था। समान्य डिब्बे की संख्या अधिक होने के कारण गरीब मजदूर वर्ग के लोगों को कम खर्च में जयनगर से अमृतसर तक की यात्रा सुविधा जनक हो जाती थी। सीमावर्ती क्षेत्र से गरीब तबके के लोग रोजी-रोटी कमाने के लिए पंजाब के जालंधर, अंबाला, लुधियाना एवं सरहिन्द समेत अन्य शहर कम खर्च में यात्रा करतें थें। ऐसे गरीब व मजदूर वर्ग के लोगों को रेलवे ने एसी का ख्वाब दिखा कर रोजी-रोटी छीनने का काम कर रही है। एसी डिब्बे में यात्रा करने के लिए मजदूर व गरीब वर्ग के लोग सक्षम नही है। स्थानीय रेल यात्रियों की मानें तो सीमावर्ती क्षेत्र जयनगर से जन साधारण एक्सप्रेस जैसे जनरल डिब्बे वाली ट्रेन चलाने से गरीब मजदूर वर्ग के रेल यात्रियों को कम पैसा में अमृतसर तक का यात्रा कर सकते हैं।

**ये है किराये की स्थिति:** जयनगर से अमृतसर के बीच चलने वाली शहीद व सरयू यमुना एक्सप्रेस में जनरल डिब्बे में यात्रा करने वाले रेल यात्रियों को 380 रुपये देना होगा। जबकि स्लीपर क्लास के लिए 645, थ्री इकोनॉमी के लिए 1615, एसी टू 2495 एवं एसी फस्ट क्लास डिब्बे में यात्रा करने वाले रेल यात्रियों को 4240 रुपये खर्च करने होगें।

**शहीद व सरयू यमुना एक्सप्रेस पहले और अब:** पहले जयनगर से अमृतसर के बीच चलने शहीद व सरयू यमुना एक्सप्रेस में कुल 23 डिब्बा होती थी। जिसमें 2 एसएलस, 8 जनरल कुल 10 सामान्य , 9 स्लीपर, थ्री एसी व टू एसी के 4 डिब्बा के साथ परिचालन होता था। पहले के तुलना में एलएचबी डिब्बे में परिवर्तन करतें हुए 22 डिब्बा किया गया है। जिसमें 2 एसएलआर, 3 जनरल समान्य, 2 स्लीपर, 1 फस्ट एसी, 4 एसी टू एवं 10 इकोनॉमी क्लास लगाया गया है।

**क्या कहते हैं जन प्रतिनिधि:** माकपा सचिव कुमार राणा प्रताप सिंह ने कहा कि रेल प्रशासन के द्वारा शहीद व सरयू यमुना एक्सप्रेस के जनरल व स्लीपर क्लास डिब्बा की संख्या कम करने से मध्यवर्ग के साथ मजदूर वर्ग के लोगों के जेब पर बोझ पड़ेगा। उन्होंने रेल मंत्री से उक्त ट्रेन के डिब्बे में अविलंब पूर्व जैसी व्यवस्था लागू करने की मांग की है। उन्होंने जन साधारण एक्सप्रेस को दरभंगा के बदले जयनगर से चलाने की मांग की है।

पहल | पोलियो व एमआर उन्मूलन अभियान की मजबूती के लिये कार्यशाला आयोजित

## बुखार के साथ दाना की शिकायत होने पर संबंधित मामले की रिपोर्टिंग जरूरी



**अररिया।** पोलियो के संभावित खतरों से बचाव के साथ-साथ वर्ष 2023 तक खसरा-रूबेला उन्मूलन संबंधी लक्ष्य प्राप्ति को लेकर स्वास्थ्य विभाग द्वारा विभिन्न स्तरों पर जरूरी पहल की जा रही है. इसे लेकर लोगों को विभिन्न स्तर पर जरूरी स्वास्थ्य सेवा मुहैया कराने वाले लोगों को संवेदनशील बनाया जा रहा है. गंभीर रोगों की रोकथाम व उन्मूलन के प्रयासों में ग्रामीण चिकित्सक, लोकल प्रैक्टिशनर व विभिन्न स्वास्थ्य केंद्रों पर प्रतिनियुक्त चिकित्सकों का क्षमता संवर्द्धन की कोशिशें जारी हैं. इसी कड़ी में वीपीडी सर्विलांस वर्कसॉप का आयोजन सदर अस्पताल सभागार में किया गया. कार्यशाला में अस्पताल अधीक्षक डॉ राजेंद्र कुमार, डीआईओ डॉ मोईज, यूएनडीपी के वीसीसीएम शकील आजम, डीसीएम सौरव कुमार, डीपीसी राकेश कुमार सहित सभी पीएचसी के प्रभारी चिकित्का पदाधिकारियों ने भाग लिया. कार्यशाला की जानकारी देते हुए डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ शुभान अली ने बताया कि देश में वर्ष 2023 तक खसरा-रूबेला उन्मूलन का लक्ष्य निर्धारित है. इस महत्वपूर्ण लक्ष्य की प्राप्ति के लिये विभिन्न स्तरों पर लोगों को स्वास्थ्य संबंधी सेवा प्रदान करने वाले लोगों का सामुहिक सहयोग व समर्थन जरूरी है. उन्होंने बताया कि खसरा-रूबेला अभियान के प्रभावी क्रियान्वयन के लिये बुखार के साथ दाना संबंधी शिकायत वाले सभी मरीजों की रिपोर्टिंग जरूरी है. इससे जुडे लक्षण वाले मरीजों को तत्काल चिन्हित कर समुचित जांच व प्राप्त रिपोर्ट के आधार उचित चिकित्सकीय कदम उठाना रोग उन्मूलन की दिशा में प्रभावी साबित हो सकता है.

**फिलहाल पोलियो का कोई मामला नहीं, खतरा बरकरार:** डब्ल्यूएचओ के एसएमओ डॉ शुभान अली ने बताया हमारा देश पूर्व में ही पोलियो मुक्त हो चुका है. लेकिन पोलियो का खतरा अभी भी बरकरार है. पोलियो से जुड़े लक्षण वाले दर्जनों मरीज हर साल मिलते हैं. जिले में बीते कुछ सालों से पोलियो को कोई मामला सामने नहीं आया है. हाल ही में पड़ोसी देश पाकिस्तान व अफगानिस्तान में पोलियो के मामले सामने आये हैं. इसके अलावा अफ्रीका का मोजांबिक भी अब तक पोलियो से प्रभावित है. लिहाजा पोलियो संक्रमण का खतरा अभी भी बरकरार है. इसलिये इससे संबंधित लक्षण वाले मरीजों को तत्काल चिह्नित कर रिपोर्टिंग पर विशेष ध्यान देने की जरूरत है.

## आने वाले समय में पनोरमा स्पोर्ट्स में और भी खेल विधाओं को जोड़ने का प्रयास किया जाएगा : संजीव मिश्रा



**पूर्णियां ।** पनोरमा ग्रुप के द्वारा आयोजित स्पोर्ट्स सीजन -6 के द्वितीय एवं तृतीय चरण जिला स्कूल के इतिहासिक एकलव्य सेंटर खेल मैदान परिसर में खेली जा रही है। पनोरमा स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स ई होम्स पूर्णिया में बैटमिटन,बास्केटबॉल, वॉलीबॉल,शतरंज एवं टेबल टेनिस प्रतियोगिता खेली गई थी। जबकि फुटबॉल प्रतियोगिता जिला स्कूल एकलव्य सेंटर खेल मैदान परिसर में खेली गई। ईस्ट जोन पूर्व चेयरमैन व क्रिकेट प्रशिक्षक हरिओम झा ने कहा कि पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 युवा खिलाड़ियों के लिए वरदान सिद्ध हो रही है। हर वर्ष पनोरमा ग्रुप के द्वारा पनोरमा स्पोर्ट्स आयोजित कर युवा पीढ़ी के खिलाड़ियों को बेहतरीन अवसर प्रदान कर रहे हैं। पूणिया जिला ही नहीं बल्कि आस-पास के सभी जिलों के ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों के खिलाड़ी विभिन्न खेलों के माध्यम से पनोरमा स्पोर्ट्स सीजन -6 में भाग ले रहे हैं। शुक्रवार के अतिथि मनोहर कुमार, नंद किशोर सिंह, श्री मती स्वाति वैश्यंत्री, मुकेश कुमार चौधरी ने खिलाड़ियों से परिचय प्राप्त कर एवं राष्ट्रीय गण गाकर और टास कर विधिवत खेल की शुरुआत किए। रायजिंग स्टार नेवालाल चौक बनाम मौलवी टोला क्रिकेट क्लब के बीच मुकाबला खेला गया। मौलवी टोला क्रिकेट क्लब के कप्तान ने टास जीतकर पहले गेंदबाजी करने का निर्णय लिया। पहले बल्लेबाजी करते हुए रायजिंग स्टार नेवालाल चौक ने निर्धारित 20 ओवर में 9 विकेट खोकर 167 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जिसमें राजा कुमार ने 30 गेंदों में 41 रन, सतीश ने 37 गेंदों में 36 रन का महत्वपूर्ण योगदान दिया। मौलवी टोला क्रिकेट क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए आकाश ने 3 विकेट, मोसिन ने 3 विकेट एवं शाहरुख ने 2 विकेट प्राप्त किया। जीत के लिए 168 रनों का पीछा करते हुए मौलवी टोला क्रिकेट क्लब ने 16 ओवर 1 गेंद में आल आउट होकर मात्र 89 रन बनाए। रायजिंग स्टार नेवालाल चौक ने यह मैच 78 रनों से जीत हासिल कर दुसरे चरण में प्रवेश किया। मौलवी टोला क्रिकेट क्लब की ओर से बल्लेबाजी करते हुए सेमस ने 24 गेद में 20 रन, तुसार ने 16 गेंदों 11 रन का योगदान दिया। रायजिंग स्टार नेवालाल चौक की ओर से गेंदबाजी करते हुए नीतीश कुमार ने 3 विकेट, संदीप ने 3 विकेट एवं चंदन कुमार ने 2 विकेट प्राप्त किया। 2. कौशिक नगर क्रिकेट क्लब बनाम एस एस सी कनहरिया के बीच मुकाबला खेला गया। कौशिक नगर क्रिकेट क्लब ने टास जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित 12 ओवर में 6 विकेट खोकर 125 रन का विशाल स्कोर खड़ा किया। जिसमें मनीष ने 19 गेंदों में 46 रन, भास्कर मिश्रा ने 18 गेंदों में 18 रन का योगदान दिया। एस एस सी कनहरिया की ओर से गेंदबाजी करते हुए हामिद ने 2 विकेट, जियाउर ने 2 विकेट प्राप्त किया। जीत के लिए 126 रनों का पीछा करते हुए एस एस सी कनहरिया ने निर्धारित ओवर में 8 विकेट खोकर 108 रन ही बना पाई। और कौशिक नगर क्रिकेट क्लब ने यह मैच 17 रन से जीत कर दुसरे चरण में प्रवेश किया। कुंदन कुमार ने 21 गेंदों में 37 रन, विश्वजीत ने 15 गेंदों 26 रन का योगदान दिया। कौशिक नगर क्रिकेट क्लब की ओर से गेंदबाजी करते हुए निलेश झा ने 4 विकेट, भास्कर मिश्रा ने 2 विकेट प्राप्त किया। इस्लाम नगर क्रिकेट क्लब बनाम विंटेज क्रिकेट क्लब के बीच मुकाबला खेला गया।

## ख़ास ख़बर

### बस के चपेट में आए दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल

**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर,किसनपुर, सुपौल।** जिले के किसनपुर थाना क्षेत्र अंतर्गत एनएच 327 ए पर कुमरगंज हीरो मोटर सायकिल सो रूम के समीप शुक्रवार को सुपौल के तरफ से आ रही मोटरसाइकिल सवार को पीछे से बस ने ठोकर मारकर भागने के दौरान एक साईकिल सवार को भी ठोकर मारकर गंभीर रूप से घायल कर भपटियाही के तरफ भाग गया। जानकरी अनुसार थाना क्षेत्र के करहैया पंचायत के अभुआङ गांव  वार्ड नंबर 01निवासी महेन्द्र यादव के 25 वर्षीय पुत्र दिनेश कुमार एनएच 327 ए पर सुपौल कि ओर से किशनपुर कि ओर आ रहा था कि जैसे ही हीरो सो रूम के समीप मोङ के समीप पहुंचा तो पीछे से आ रही तेज रफ्तार बस ने बाईक को जबरदस्त ठोकर मार दिया जिससे बाईक सवार ठोकर लगने के बाद बस के आगे जा गिरा जहां बस ने बाईक सवार के दाएं पैर को कुचलते हुए भागने के क्रम मे आगे जा रहे चौहट्टा गांव निवासी रामचंद्र दास को ठोकर मारते हुए फरार हो गया जिसमे रामचंद्र और उनके  मां मसोमात कैली देवी भी गंभीर रूप से घायल हो गया।जिसे स्थानीय ग्रामीण के सहयोग से आनन-फानन मे सीएचसी लाया गया। जहां तैनात चिकित्सक मनीष भारती ने तीनो को प्राथमिक उपचार के बाद सदर अस्पताल सुपौल रेफर कर दिया। इस दौरान उन्होने बताया कि दिनेश के दाएं पैर के जांघ बुरे तरह से टूट गया है वही उनके सिर मे भी गंभीर चोट है वही रामचंद्र और कैली को भी चोट लगा है। वहीं दोनो को बेहतर इलाज हेतु अन्यत्र भेज दिया गया है। इस बाबत थानाध्यक्ष राघव शरण ने बताया की सूचना मिला है जिसका जांच किया जा रहा है।जांचोपरांत दोषी के विरुद्ध कार्रवाई किया जाएगा।

### 1मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन, पिस्टल बंदूक सहित 20 अर्धनिर्मित पिस्टल बरामद



**ब्यूरो/दैनिक शुभ भास्कर,सुपौल।** जिले में  पुलिस को बड़ी सफलता मिली है। पुलिस ने एक मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। जहां से हथियार बनाने की मशीन सहित एक पिस्टल, एक बंदूक और करीब 20 अर्ध निर्मित पिस्टल बरामद किया है। पुलिस आरोपियों की धड़ पकड़ के लिए छापेमारी कर रही है। एसपी शैशव यादव ने आज पीसी कर मिनी गन फैक्ट्री का खुलासा करते हुए कहा कि जदिया थाना क्षेत्र अंतर्गत बघैली पंचायत के वार्ड न0-15 मोहर्रम पुर गांव में अरसे आलम के घर छापेमारी कर मिनी गन फैक्ट्री का उद्भेदन किया है। जिसमे अरसे आलम के आवासीय परिसर के एक घर के नीचे तहखाने से हथियार बनाने का मशीन सहित हथियार बनाने के विभिन्न उपकरण बरामद किया है। इस दौरान पुलिस द्वारा छापेमारी में एक पिस्टल, एक बंदूक, 20 अर्ध निर्मित पिस्टल सहित 18 जिंदा कारतूस भी बरामद किया गया है। बताया गया कि गुप्त सूचना पर टीम का गठन कर छापेमारी की गई, जिसमे छापेमारी के दौरान अरसे आलम के आवासीय परिसर में एक घर के नीचे तहखाने में हथियार बनाने का फैक्ट्री लगा हुआ था। मौके से तमाम मशीनों और हथियार बनाने के उपकरणों को बरामद किया गया है। तमाम मशीनों को उखाड़कर थाना लाया गया है। एसपी ने बताया कि इस मामले की बारीकी से जांच की जा रही है। इस मामले में आरोपियों की धड़ पकड़ के लिए छापेमारी की जा रही है।

### जीवछ कम्प्लेक्स में व्यपारी संघ द्वारा सुपौल से लम्बी दूरी ट्रेन परिचालन की मांगों के समर्थन की एक बैठक



**संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, मरौना,सुपौल।** जिले में सुपौल से लम्बी दूरी की ट्रेन परिचालन की मांगो के समर्थन मे मरौना चौक के व्यपारी संघ ने शुक्रवार को जीवछ कम्पलेक्स परिसर मे सरोज कुमार मंडल की अध्यक्षता मे बैठक की।बैठक मे शामिल दुकानदारों ने कहा की बिहार के एक लौता जिला सुपौल है जहां लंबी दुरी के लिए ट्रेन का परिचालन नहीं होता है। इसके कारण लोगो को दिल्ली, मुंबई, कलकत्ता, पंजाब, हरियाणा, चेन्नई आदि शहरो जाने के लिए दरभंगा, सहरसा से ट्रेन पकड़ना पड़ता है, इसके कारण लोगो को काफी कठनाईयो का सामना करना पड़ता है।अर्थव्यवस्था मे सुधार नहीं हो रहा है।निर्मली, सुपौल से लंबी दूरी के ट्रेन परिचालन होने से इलाके मे रोजगार के साधन बढेगा, समृद्धि खुशहाली आएगी। इस मौके पर गणेश यादव, अमरजीत यादव, मो० प्यारे, सुशील  ठाकुर, ब्रह्मदेव मेहता, अजय यादव, मनोज यादव सहित अन्य मौजूद रहे।

मौके पर पहुंची पुलिस वाहन को ग्रामीणों ने करीब 7 घंटा घेर कर रखा

# मंदिर से चोरी कर भाग रहा चोर चढ़ा ग्रामीणों के हत्थे

**संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल।** जिले में छातापुर थाना क्षेत्र के लालगंज पंचायत के वार्ड 13 स्थित तिलाठी गांव में गुरुवार की देर रात सार्वजनिक दुर्गा मंदिर में चोरी कर भाग रहे एक चोर को ग्रामीणों ने धर दबोचा। जानकारी अनुसार पांच की संख्या में पहूंचे चोर मंदिर के मेन ग्रील का ताला तोड़ने के बाद दानपेटी लेकर भाग रहा था, इसी क्रम में स्थानीय यूवकों ने चोरों का पीछा किया, जिसमें एक चोर यूवकों के हत्थे चढ गया जबकि चार चोर मौके से भाग निकलने में सफल हो गया, यूवकों के हत्थे चढे चोर ने अपना नाम हीरालाल पासवान सा हसनपुर थाना छातापुर बताया है, ग्रामीणों ने चोर की जमकर धुनाई कर दी और मौके पर पहूंची पुलिस के हवाले कर दिया, पुलिस के द्वारा घटना स्थल से लोडेड देशी कट्टा व लोहे का दो सावल के अलावे एक मोबाइल भी बरामद किया गया है, इधर थानाध्यक्ष रामइकबाल पासवान जख्मी चोर को पुलिस वाहन में बिठाकर सीएचसी ले





जा रहे थे, लेकिन ग्रामीणों ने लगातार हो रहे चोरी की घटनाओं का आरोप लगाकर पुलिस वाहन को घेर लिया, ग्रामीणों का कहना था कि जबतक एसपी घटना स्थल पर नहीं पहूंचेंगे तबतक जख्मी चोर को इलाज मे ले जाने नहीं दिया जाएगा, जानकारी के बाद एसडीपीओ विपीन कुमार मौके पर पहूंचे और जनप्रतिनिधियों के सहयोग से लोगों को समझा बुझाकर घटना में समुचित कार्रवाई करने का आश्वासन दिया, तत्पश्चात भारी मशक्कत से जख्मी चोर को आठ घंटे बाद उपचार के लिए भेजा जा सका, लोगों ने बताया कि लालगंज तिलाठी में चोरी की घटनायें लगातार हो रही है और लाखों की गाढी कमाई पर चोर हाथ साफ कर रहा है, लेकिन घटनाओं पर अंकुश लगाने में विफल पुलिस प्राथमिकी दर्ज करने से भी गुरेज करती है, पुलिस के बेपरवाही का आलम है कि गश्ती वाहन इस इलाके में नहीं आती हैं, नतीजतन चोरों का मनोबल सातवें आसमान पर चला गया है, बताया कि चोर से बरामद मोबाइल पर कई लोगों का कॉल आया और जान से मारने की धमकी दी गई, इस पर एसडीपीओ ने थानाध्यक्ष को इलाके में नियमित रूप से गश्त लगाने तथा चोरों को पकड़ने वाले यूवकों को सुरक्षा प्रदान करने का निर्देश दिया, स्थानीय बद्रीनाथ ठाकुर के द्वारा पुलिस को आवेदन देकर मामले में समुचित कार्रवाई करने की मांग की गई है।

## नगर के पब्लिक लाइब्रेरी में राजद दलित प्रकोष्ट के एक दिवसीय सम्मेलन का हुआ आयोजन

**जिला संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, सुपौल।** जिले के पब्लिक लाइब्रेरी सुपौल में राष्ट्रीय जनता दल दलित प्रकोष्ठ  का एक दिवसीय कार्यकर्त्ता सम्मेलन का आयोजन किया गया। जिसमें अनुसूचित जाति के प्रदेश अध्यक्ष आदरणीय अनिल कुमार साधु मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और कार्यक्रम में आदरणीय राष्ट्रीय सचिव यदुवंश कुमार यादव जी भी उपस्थित हुए। कार्य क्रम में बड़ी संख्यां में राजद कार्यकर्ता शामिल हुए। कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष अनिल कुमार साधु ने  भीमराव अंबेडकर जी के जीवनी पर प्रकाश डालते हुए कई बातें कही।उन्होंने यह भी कहा की आदरणीय राष्ट्रीय अध्यक्ष लालू प्रसाद यादव हमेशा समाज के सबसे निचले पायदान पर रहने वाले लोगों के उत्थान के लिए चिंता की और इस दिशा में उन्होंने पहल भी किया। इसी का नतीजा है




कि आज दबे कुचले समाज पढ़ लिखकर देश के उत्थान में अहम भूमिका निभा रहे हैं। लालू जी देश के एकलौता समाजवादी नेता हैं अपनी चिंता किए बगैर दलित शोषित वंचित का आवाज बना । लालू जी छुवाछूत , बंधुआ मजदूरी,अशिक्षा, गरीबी से उबारने के लिए हमेशा संघर्ष इस करते रहे हैं। कार्यक्रम की अध्यक्षता मदन कुमार पासवान एवं संचालन रामसागर पासवान ने किया। इस मौके पर जिला अध्यक्ष संतोष सरदार, युवा जिला अध्यक्ष अनोज आर्य उर्फ लव यादव, प्रदेश उपाध्यक्ष ओमप्रकाश पासवान, रामनाथ मंडल, सोनी कुमारी, चंद्रिका कुमारी, सुरेन्द्र कुमार श्यामल, मो मुस्ताक, रंजीत कुमार रमण, दुर्गी सरदार, महादेव यादव, विद्याभुषण कुमार,मनोज यादव,संतराम जी, सुरेन्द्र पासवान, इरफान बिहारी, भगवानी शर्मा, हृदय सदा, चंदन मल्लिक, अरविंद चौपाल, अर्जुन शर्मा, वांदेलाल पासवान, विजय पासवान, संजीव कुमार सोनू, नीतीश मुखिया, श्री लाल गोठिया, कौशल कुमार,मो अनवर, विकाश बिमल, विवेक कुमार, देवनारायण मंडल, राजेश कुमार , विजय पासवान, छोटे सरकार, अजय पासवान, दीपू मंडल, योगेंद्र पासवान आदि मौजूद थे।

## मंदिर परिसर में अज्ञात बदमाशों ने किया तोड़फोड़



**निज संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, पीपरा, सुपौल।** जिले में पिपरा प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत जोलहनिया में सुपौल जिला के प्रसिद्ध धार्मिक स्थल कैलाशपुरी मेला जोल्हनियां स्थित शिव पार्वती और बिषहरी मंदिर परिसर में अज्ञात असमाजिक तत्वों के द्वारा मंदिर की सुरक्षा के लिए लगाएं गये बास की टट्टी को उपद्रवियों ने गुरुवार देर रात तोड़कर अलग थलग कर दिया। जिससे ग्रामीणों में काफी आक्रोश है। इस घटना की जानकारी देते हुए पुजारी बसंती दास ने बताया गुरुवार रात लगभग 11:30 बजे बाइक सवार अज्ञात लोगों ने मंदिर के चारों तरफ लगे बास की टट्टी को तोड़कर अलग थलग कर दिया। इसकी जानकारी मंदिर समिति के सदस्यों और कैलाशपुरी मेला समिति के सचिव सुनील कुमार को दिए जिसके बाद दर्जनों की संख्या में लोग मंदिर परिसर पहुंचे और पिपरा पुलिस को इस घटना की जानकारी दिए। स्थानीय लोगों की मानें तो किशनपुर और पिपरा थाना के बोर्डर पर स्थित कैलाशपुरी मेला स्थल पर विभिन्न देवी देवताओं की प्रतिमा स्थापित है जो बस्ती से थोड़ा दूर है लिहाजा इसकी सुरक्षा की जिम्मेवारी भी बढ़ जाती है। हाल के दिनों में लगातार उपद्रवियों और चोरों के द्वारा मंदिर और वहां बसे दुकानदार को छति पहुंचाई जाने से एक तरफ जहां स्थानीय लोगों में आक्रोश है वहीं दूसरी तरफ मंदिर की सुरक्षा को लेकर काफी चिंतित और गंभीर है। बता दें कि पोष पूर्णिमा और नागपंचमी के अवसर पर प्रत्येक वर्ष मेला का आयोजन किया जाता है जिसका स्थाई अध्यक्ष सदर एसडीएम सुपौल हैं। इस घटना को लेकर मेला समिति के सचिव सुनील कुमार पासवान ने बताया यह धार्मिक स्थल दो थाना के मध्य में होने के बावजूद लगातार यहां चोर, उचक्के, शराब कारोबारी, अपराधियों, लूटेरों का महफ़िल रात में सजने की बात सामने आई है समिति के लोग काफी गंभीर है इस तरह की घटना दुखद व निंदनीय है, पुलिस गशित नहीं होने से यह जगह अपराधियों के लिए सेफ जोन बन गया है इस तरह की घटना पर लगाम लगाने के लिए पुलिस अधीक्षक से मिलकर उन्हें स्थित से अवगत कराते हुए लिखित रूप से आवेदन देकर कारवाई की मांग करेंगे।

## 17 दिसंबर को ब्राम्हण स्वाभिमान सम्मेलन में जुटेंगे प्रदेश भर के ब्राम्हण

**संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल।** जिले में छातापुर प्रखंड क्षेत्र के रामपुर पंचायत स्थित पनोरमा हॉस्पिटल में गुरुवार को ब्राह्मण स्वाभिमान सम्मेलन की सफलता को लेकर जिला स्तरीय ब्राह्मण समाज की बैठक आयोजित की गई। महासभा के जिलाध्यक्ष मनोज पाठक की अध्यक्षता में हुई बैठक में आगामी 17 दिसंबर को पटना स्थित बापु सभागार में होने वाले ब्राह्मण स्वाभिमान सम्मेलन को सफल बनाने पर विचार विमर्श किया गया। बैठक में महासभा के राष्ट्रीय संयोजक ई आशुतोष झा, जिला संरक्षक सह पनोरमा ग्रुप पूर्णिया के सीएमडी संजीव मिश्रा, जिला संयोजक सह मधुबनी पंचायत के मुखिया सीतानंद झा उर्फ सुनील बाबु मुख्य रूप से सामिल हुए। बैठक के दौरान उपस्थित जनों ने अपने अपने सुझाव दिये और आयोजन की सफलता को लेकर रणनीति तैयार की गई, इस संदर्भ में गहन मंथन कर दायित्वों का बंटवारा भी किया, जिला संरक्षक श्री मिश्रा ने कहा कि सवर्णो में सबसे ज्यादा ब्राह्मण समाज की संख्या है, जिसकी जितनी संख्या उतनी हिस्सेदारी की बात होती रहती है, तो फिर ब्राह्मण समाज को संख्या के लिहाज से राजनैतिक हिस्सेदारी क्यों नहीं मिल रही है, यैसे में यह समाज भी अपने हक व अधिकार के लिए उठ खडा हुआ है,  लिहाजा 17



दिसंबर को आहूत ब्राह्मण स्वाभिमान सम्मेलन यैतिहासिक हो सभी का यही उदेश्य है, इस सम्मेलन में पुरे बिहार से 20 से 25 हजार लोगों के पहूंचने की संभावना है, श्री मिश्रा ने समाज के सभी वर्गों से 17 दिसंबर को भारी तादाद में पटना पहूंचने की अपील की, राष्ट्रीय संयोजक श्री झा ने कहा कि ब्राह्मण समाज में स्वाभिमान की आवाज उठी है तो इसे बुलंदियों तक पहूंचाया जाएगा, इसके लिए हमसभी एकजुट होकर उठ खडा हुए हैं, यह समाज समाजिक चेतना व जागरण के लिए हमेशा से अग्रणी भूमिका में रही है, जिला संयोजक सुनील बाबु ने कहा कि बीते दो फरवरी को पनोरमा नगर में ब्राह्मण समाज का यैतिहासिक सम्मेलन सह सम्मान समारोह हुआ था, जिसमें लिए गये निर्णय के तहत पटना में समाज का बडा सम्मेलन होने जा रहा है, बैठक में प्रदेश कार्यकारी अध्यक्ष विशाल मिश्रा, प्रधान महासचिव सुजीत मिश्रा, प्रदेश उपाध्यक्ष इंद्रमणि मिश्रा, इंद्रानंद पाठक, अजय कुमार झा उर्फ रिंकुजी, श्याम झा, पवन मिश्रा, आशिषकांत झा, सोनू झा राजेश्वरी, जीवन झा, मनोज झा, सुभाष झा मुख्य रूप से सामिल हुए।

कार्यक्रम | बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक नीरज कुमार सिंह बबलु मुख्य रूप से शामिल हुए

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का किया गया समापन

**संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, छातापुर, सुपौल।** जिले में छातापुर मुख्यालय बाजार स्थित ब्लॉक चौक के सपीम एक व्यवसाई परिसर में गुरुवार को भाजपा के द्वारा मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम का समापन किया गया। कार्यक्रम में बिहार सरकार के पूर्व मंत्री सह स्थानीय विधायक नीरज कुमार सिंह बबलु मुख्य रूप से सामिल हुए। कार्यक्रम के दौरान छातापुर दक्षिणी एवं उत्तरी मंडल अंतर्गत सभी 23 पंचायत से संग्रहित कर लाये गये मिट्टी को एकत्रित कर विधायक के द्वारा तमघैल में रखा गया, जिसके बाद श्री बबलु के द्वारा उपस्थित जनों को पीएम नरेंद्र मोदी के संदेश पंच शपथ " भारत को 2047 तक आत्मनिर्भर व विकसित बनाना है। देश से गुलामी की मानसिकता को जड से उखाड फेकना है। देश के समृद्ध विरासत पर गर्व करेंगे। भारत की एकता को सुदृढ करेंगे, देश की रक्षा करने वालों का सम्मान करेंगे व नागरिक होने का कर्तव्य निभायेंगे " की शपथ दिलाई गई, इस मौके पर विधायक ने कहा कि पीएम मोदी के द्वारा शहीदों के सम्मान में यह अभियान चलाया गया, प्रत्येक पंचायत के घर घर से मिट्टी संग्रहित करने की जिम्मेवारी खासकर यूवामोर्चा के दी गई थी, विधानसभा क्षेत्र से संग्रहित मिट्टी को एक तमघैल में भर दिया गया है, जिसे



पहले पटना स्थित स्मारक पर जमाकर फिर उसे दिल्ली स्थित राजपथ ले जाया जाएगा, बताया कि आजादी के अमृतकाल में शहीदों को सम्मान में पीएम मोदी के द्वारा यह कार्यक्रम पुरे देश में आयोजित किया गया। कहा कि देश की सेना बार्डर पर 24 घंटे पहरा देती है तब हम चादर तानकर चैन से सोते हैं, पीएम का देश और देश की सेना के लिए हमेशा सम्मान का भाव रहता है, इसलिए हमसबों को भी भारत के सैनिकों का हमेशा सम्मान करना चाहिए, दूनिया में इनदिनों हर तरफ युद्ध छीडा हुआ है लेकिन मोदीजी के कुशल व सक्षम नेतृत्व से भारत में शांति स्थापित है , विश्व पटल पर भारत का झंडा बुलंद है, पार्टी के वरीष्ठ नेता शालिग्राम पांडेय, सुशील प्रसाद कर्ण, पिंटू मंडल आदि ने भी सैनिकों के सम्मान में अपनी बातों को रखा, मौके पर दक्षिणी मंडल अध्यक्ष पवन कुमार हजारी, उत्तरी मंडल अध्यक्ष बसंत मुखिया, गौरीशंकर भगत, ललितेश्वर पांडेय, चंद्रदेव पासवान, रोहित सिंह चौहान, ललन भगत, हरेराम चौधरी, जगदीश दास, भोगानंद राजा, मुन्ना साह, आशिषकांत झा, मनोज मिश्र, मुरली मेहता के अलावे शक्तिकेंद्र प्रमुख व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## पुलकित बाबू के द्वितीय पुण्यतिथि पर दी गई श्रद्धांजलि

**एक संवाददाता/दैनिक शुभ भास्कर, किसनपुर, सुपौल।** जिले के किसनपुर प्रखंड अंतर्गत भारतीय रेल में तकरीबन चालीस वर्षों तक अपनी सेवा देने वाले स्व० पुलकित प्रसाद यादव के द्वितीय पुण्यतिथि पर उन्हें सादर पूर्वक नमन किया गया।इस मौके पर पुलकित बाबू की धर्मपत्नी फूलता देवी, बड़े सुपुत्र रामदेव प्रसाद, पुत्रवधू गीता देवी, सुपुत्री रंभा देवी,द्वितीय सुपुत्र डाक्टर रणधीर कुमार राणा, छोटे सुपुत्र नरेश कुमार निराला, सुपौत्र राकेश रौशन, रोबिन रौशन सहित परिजन और सभी वर्गों के लोगों ने पुलकित बाबू के तैलचित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किए।इस दौरान उनके पैतृक आवास बैजनाथपुर में सत्संग भजन का आयोजन किया गया।सत्संग करने पहुंचे रामबाबा के मंडली ने अपने गायन से सबके मन मोह लिए।रामबाबा ने कहा कि पुलकित बाबू मृदुभाषी और मिलनसार स्वभाव के थे।उनके गाथा को शब्दों में नहीं बांधा जा सकता है।उन्होनें गरीबों, शोषितो, दलितों, किसानों और पिछड़ों की सेवा के साथ-साथ भारतीय रेल को लम्बे समय तक सेवा दिए।वे पृथ्वी पर



साक्षात ईश्वर के समान थे।जगदेव यादव, चन्देशवरी यादव, नारायण यादव ने कहा कि पुलकित बाबू काफी ईमानदार काफी लोकप्रिय छवि के व्यक्ति थे।उनकी ख्याति दूर-दूर तक फैली हुई है।लोग उन्हें नेताजी कहकर पुकारते थे।पुलकित बाबू के पुण्य तिथि पर परिजनों ने साधुओं को भोजन कराया और उन्हें अंगवस्त्र के साथ दक्षिणा दे कर आशीर्वाद प्राप्त किये।इस दौरान डाक्टर रणधीर कुमार राणा ने कहा कि पिता से अच्छा मार्गदर्शक कोई हो ही नहीं सकता।हर बच्चा अपने पिता से ही सारे गुण सीखता है जो उसे जीवन भर परिस्थितियों के अनुसार ढलने के काम आते हैं।पिताजी के पदचिन्हों पर चलकर हम तीनों भाई आगे बढ़ रहें।उन्होनें कहा कि पापा का हीं देन है कि हम तीनों भाई सरकारी पद पर रह अपने कर्त्तव्य का ईमानदारी पूर्वक निर्वहन कर नित्य नए आयाम हासिल कर रहें हैं।मौके पर जगदीश प्रसाद यादव, सुरेन्द्र प्रसाद यादव,अजय कुमार, महंथ वासुदेव दास, शीतल दास, बुच्चु दास, राधेश्याम दास, विपिन कुमार यादव,अशोक यादव,बलदेव कुमार, बलराम कुमार,रणवीर कुमार रमण, प्रमोद कुमार, बिनोद कुमार, मुकेश कुमार यादव, संतोष कुमार, नारायण यादव, हीरालाल यादव, जगदेव यादव, अशर्फी दास, सियाराम यादव, चन्देशवरी यादव, रामविलास कुमार, रामदेव यादव, अरविन्द कुमार, रामप्रसाद यादव, अनिल कुमार आदि ने स्व० पुलकित बाबू के तैलचित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किए।

## ख़ास ख़बर

### 4 दिवसीय नाटक का समापन

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास**। काराकाट प्रखंड क्षेत्र के अमौना गांव में 4 दिवसीय नाटक प्रतियोगिता का समापन किया गया। नाटक प्रतियोगिता का आयोजन आजाद बाजार अमौना के तत्वाधान में आयोजित किया गया । 4 दिवसीय नाटक प्रतियोगिता में 4 नाटक में 4 गांव के कलाकारों ने भाग लिया । भोजपुर जिला के कटारियां, नासरीगंज प्रखंड के महादेवां, काराकाट प्रखंड के देव मार्कण्डेय, बिक्रमगंज प्रखंड के घुसिया कला गांव के कलाकारों ने नाटक प्रतियोगिता में भाग लिया । 4 दिवसीय नाटक प्रतियोगिता में प्रथम विजेता कटारियां गांव के कलाकार बने । नाटक के कलाकारों ने भाई - बहन का प्यार उर्फ मैभा मतारी नाटक का बेहतरीन मंचन किया। उप विजेता नासरीगंज के महादेवां गांव के कलाकार हुए जिन्होंने निर्मोहिया नाटक का मंचन किया । प्रथम स्थान पाने वाले नाटक के सर्वश्रेष्ठ नायक का पुरस्कार योगी के रूप में कला प्रदर्शित करने वाले कटारियां निवासी मुकेश कुमार को मिला । उप विजेता नाटक निर्मोहिया के महादेवां गांव निवासी सनी कुमार को नायिका के रूप में दुलारी बन कला प्रदर्शित करने वाले कलाकार को प्रथम स्थान मिला। दुर्गापूजा समिति आजाद बाजार अमौना के अध्यक्ष ,उपाध्यक्ष , कोषाध्यक्ष , पूजा कमिटि के सदस्य सह सामाजिक कार्यकर्ता चंदन कुशवाहा की नाटक मंचन की भूमिका अहम रही । नाटक मंचन में कलाकारों को पुरस्कृत करने वालों में सांसद पुत्र अज्ञय सिंह कुशवाहा, सांसद प्रतिनिधि भाई जितेंद्र,मनोज कुशवाहा थे । मंच संचालन शिक्षक अजित दुबे ने किया । 4 दिवसीय नाटक मंचन में 4 दिनों तक दर्शकों की खूब भीड़ रही। नाटक प्रतियोगिता को देखने के लिए दर्शक काफी जमे रहे । नाटक का दर्शकों ने खूब आंनद उठाया।

### मूर्ति विसर्जन में डीजे बजाने को लेकर 6 लोगों पर प्राथमिकी दर्ज

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दावथ ( रोहतास)**। मूर्ति विसर्जन के दौरान डीजे बजाने को लेकर 6 लोगों पर थाने में प्राथमिक की दर्ज हुई है। थानाध्यक्ष कृपाल जी ने बताया कि पूजा में डीजे बजाने पर सरकार के आदेश से प्रतिबंध था। परंतु इसके बावजूद चतरा गांव में दुर्गा मूर्ति विसर्जन के दौरान डीजे बजाया जा रहा था। समझने की कोशिश भी की गई लेकिन दुर्गा पूजा समिति के लोग नहीं माने। इसको लेकर पूजा समिति के अध्यक्ष, सचिव, सहित 6 लोगों पर प्राथमिक की दर्ज की गई है।

### गुमशुदा पति के खाते से 5.5 लाख रुपये गायब

**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास**। काराकाट थाना क्षेत्र के पड्सर गांव के एक व्यक्ति के करीब डेढ़ माह लापता के बाद उनके खाते से निकला करीब 5.5 लाख रुपये। सूत्रों ने बताया कि पड्सर गांव के बिजय सिंह विगत डेढ़ माह से लापता हैं। परिजन काफी खोजबीन अपने स्तर से कर रहे है। मामला तब रहस्मय बन गया जब उनके बैंक खाते से रुपये निकासी होने लगी। बिजय की पत्नी निर्मला देवी ने अपने गांव के 1 युवक को आरोपी बनाते हुए थाना में शिकायत दर्ज कराई है। शिकायत मिलते ही पुलिस मामले की जांच में जुट गयी है। प्रशिक्षुक डीएसपी सह थानाध्यक्ष शहनवाज अख्तर ने इस सम्बंध में काण्ड दर्ज कर करवाई प्रारंभ होने की दी जानकारी।

### सीओ पर प्राथमिकी

**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)**। अकोढ़ीगोला के निवर्तमान सीओ अंशु कुमार सिंह पर अनुमंडल न्यायिक दंडाधिकारी के आदेश पर थाने में प्राथमिकी की गई। फिलहाल, सीओ अंशु कुमार औरंगाबाद अंचल में पदस्थापित हैं। मामला जमीन से जुड़ी एक मामले में सीओ द्वारा भूस्वामी से अभद्र व्यवहार करने को लेकर है।

### स्कार्पियो स्कूल से टकराया एक की मौत पांच घायल



**सासाराम (रोहतास)**। रोहतास जिले के दरिहट थाना क्षेत्र के हुरका गांव के समीप एक बच्चे को बचाने के क्रम में तेज गति से ब्रेक लेने के कारण स्कार्पियो घुमकर स्कूल से टकराया। जिसमें सवार पांच लोगों की घायल होने की सूचना है। सभी लोग डेहरी की तरफ जा रहे थे।जबकि बचाने वाले बच्चे को भी चपेट में आकर घायल हो गया। जिसने इलाज के क्रम में दम तोड दिया। घटना के संबंध में बताया जाता है कि छत्तीसगढ़ के कोरबा निवासी रौशन कुमार, विशाल चौधरी, प्रवीण कुमार,धीरज कुमार बारूण औरंगाबाद जिले के पंकज कुमार घायल हैं।जो स्कार्पियो पर सवार थे।जबकि गाडी स्कार्पियो से घायल बच्चा धमनी टोला निवासी महेश चौधरी के पुत्र विशाल चौधरी बताया जाता है। जिनकी इलाज के क्रम में मृत्यु हो गई है। जिनके शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम में दरिहट थाना ने भेजा है।

# जीएनएम के आकस्मिक निधन से शोक की लहर



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास**। अनुमंडलीय अस्पताल में कार्यरत जीएनएम कंचन कुमारी को सुबह विद्युत स्पर्श होने के कारण बेहोशी होने की हालत में प्राथमिक इलाज के लिए अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया । जहां पर उनका प्राथमिक इलाज अस्पताल के चिकित्सक डॉ समीर लाल ने शुरू कर दिया । लेकिन इलाज के क्रम में ही उनकी मौत हो गई । जिसको लेकर पूरे अस्पताल परिवार में शोक की लहर दौड़ गई । जानकारी देते हुए प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के स्वास्थ्य प्रबंधक अशोक कुमार ने बताया कि अनुमंडलीय अस्पताल के जीएनएम कंचन कुमारी बहुत ही कुशल,नेक एवं ईमानदार छवि की महिला थी । उनका असमय चले जाना अस्पताल परिवार में अपूर्णीय क्षति हुई है । उन्होंने कहा कि इस घटना को लेकर अस्पताल परिसर में उनकी मृत आत्मा की शांति हेतु 2 मिनट का मौन धारण कर ईश्वर से प्रार्थना की गई । मौके पर अनुमंडलीय अस्पताल एवं प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के वरीय स्वास्थ्य अधिकारी , कर्मचारी एवं गार्ड लोग उपस्थित थे ।

## काराकाट गोडारी में सांस्कृतिक महामुकाबला का हुआ आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर जिला संवाददाता धर्मेन्द्र कुमार सिंह, बिक्रमगंज/रोहतास**| नगर पंचायत काराकाट गोडारी में सांस्कृतिक महा मुकाबला का आयोजन किया गया । जिसका उदघाटन मुख्य अतिथि रविश रंजन उप मुख्यपार्षद नगर पंचायत काराकाट के द्वारा किया गया। जिसमें हरिओम जी के द्वारा मुख्य अतिथि को अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। साथ ही दुर्गा पूजा समिति के अध्यक्ष विशाल भारती को हरिओम जी के द्वारा अंगवस्त्र से सम्मानित किया गया। साथ ही मंचासीन श्री श्री दुर्गा पूजा समिति के अध्तक्ष विशाल भारती, उपाध्यक्ष उमाशंकर पंडित, कोषाध्यक्ष प्रशांत प्रसाद, उप कोषाध्यक्ष रवि चौरसिया, सचिव दिलीप प्रसाद, उपसचिव संतोष यादव, मैनेजमेंट अध्यक्ष ओम कुमार, वार्ड पार्षद संजय राम, सक्रिय सदस्य आकाश कुमार, दिपक कुमार, अप्पू, गुड्डू, ललन सोनी, व्यवसथापक संजय कुमार (कुमार पुस्तक भंडार), सोनू सोनी यादव, शिक्षक अनिल कुमार पासवान सहित श्री-श्री दुर्गा पूजा समिति के दर्जनों सक्रिय सदस्य उपस्थित रहे।

## संदिग्ध अवस्था में शव उसी के वाहन में मिला



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज (रोहतास)**। नासरीगंज थाना क्षेत्र के बाई पास स्थित एक चालक की संदिग्ध अवस्था में शव उसी के वाहन में शुक्रवार सुबह को मिला। मृतक थाना क्षेत्र के मंगराव पंचायत के महिपत बिघा निवासी स्वर्गीय लक्ष्मी सिंह के 50 वर्षीय पुत्र लाल बाबू यादव बताया जाता है। पुलिस शव को कब्जे में ले पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल सासाराम भेज दिया है। घटना के सम्बंध में मृतक के परिजनों ने बताया कि वह एक कबाड़े के सामान ढोने वाली आरा निवासी संतोष तिवारी ट्रांसपोर्ट का नियमित वाहन चालक था। प्रतिदिन की भांति रात्रि भोजन कर वाहन में ही सो गया था सुबह जब वह नहीं जगा तो लोगों ने जब देखा तो वह अचेत अवस्था में पड़ा था जिसकी सूचना परिजनों को दिया सूचना पर पहुंचे परिजन उसे ले एनएमसीएच जमुहार ले गये जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जा में ले पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। इस सम्बंध में थानाध्यक्ष सुधीर कुमार ने बताया कि मृतक के परिजनों ने कोई लिखित आवेदन नहीं दिया है। आवेदन उपरांत कार्रवाई की जायेगी।

### आज वर्ल्ड चैंपियन के लिए होगी फाइट



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)**। सासाराम के लाल, बिहारी बॉय के नाम से एमएमए की दुनिया में चर्चित फाइटर भाई श्याम आनंद का आज 28 अक्टूबर को सुबह 9:00 बजे नोएडा के इंडोर स्टेडियम में मैट्रिक्स फाईट नाइट मैट्रिक्स फाइट नाइट एमएफएन-13 में हरियाणा के फाईटर संजीत बुधवार के साथ फाईट होगी। यह प्रतियोगिता मैट्रिक्स फाईट नाइट फेदर वेट वल्ड चैम्पियनशिप के लिए होगी।

### चार वर्षों में लिफ्ट नहीं चालू



**दैनिक शुभ भास्कर ब्यूरो, सासाराम (रोहतास)**। सासाराम जंक्शन पर लिफ्ट तो बन कर तैयार हो गया है।पर पिछले 55 महीनों से बन रहा एस्केलेटर कब तक बनकर तैयार होगा? इसका कोई जवाब नहीं है। विदित हो कि 8 मार्च 2019 को स्थानीय सांसद छेदी पासवान द्वारा शिलान्यास कराया गया था। लेकिन इतना समय बीतने के बावजूद अभी तक चालू नहीं होने से लोगों ने आक्रोश व्यक्त किया है। एवं रेलवे के उच्चाधिकारियों से इसको जल्दी चालू कराया जाने की मांग की गई है।

### पुलिस ने छापेमारी कर 36 लिटर देशी व 30 पैकेट विदेशी शराब किया बरामद



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, दावथ(रोहतास)**। स्थानीय थाना क्षेत्र के चकचातर गांव में पुलिस ने छापेमारी कर 36 लिटर महुआ का शराब व 30 पैकेट 8 पीएम अंग्रेजी शराब बरामद किया है।थानाध्यक्ष कृपाल जी ने बताया कि गुप्त सूचना के आधार पर चक चातर निवासी विकास यादव के घर में शराब रखकर बीक्री करने की सूचना मिली।जिसपर त्वरित कारवाई करते हुए छापेमारी किया गया।छापेमारी के दौरान विकास यादव के घर से छः पॉलिथिन में 36 लिटर महुआ शराब व 30 पीस एटपीएम फ्रूटी पैक 180 एम एल में अंग्रेजी शराब बरामद किया गया।वहीं पुलिस के आने की भनक पाते ही विकास यादव फरार हो गया।जिसपर आवश्यक कानूनी कारवाई की जा रही है।

### नासरीगंज धनावं पंचायत में डीएम और एसपी का जनसंवाद कार्यक्रम आज



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज (रोहतास)**। नासरीगंज प्रखंड के धनावं पंचायत में डीएम और एसपी का जनसंवाद कार्यक्रम शनिवार को प्रस्तावित है। इसे लेकर तैयारियां अंतिम चरण में हैं। धनावं गांव स्थित हाईस्कूल में कार्यक्रम स्थल बनाया गया है। जहां भव्य टेंट लगाए जा रहे हैं। जिसमें कम से कम दो हजार लोगों के बैठने की व्यवस्था की गई है। वहीं अधिकारियों के लिए अस्थायी भव्य स्टेज का निर्माण कराया गया है। बीडीओ जफर इमाम ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर विभिन्न शिकायत काउंटर बनाए हैं। जहां सभी विभागों से संबंधित लिखित शिकायत दर्ज कराई जा सकती है। बीडीओ ने बताया कि इच्छुक व्यक्ति अन्य काउंटर पर अपने मांगपत्र भी जमा करा सकते हैं। उन्होंने बराया कि कार्यक्रम के दौरान हर विभाग के अधिकारी संबंधित विभागों की जनहितकारी योजनाओं की विस्तृत जानकारी भी लोगों को मुहैया कराएंगे। इधर जनसंवाद कार्यक्रम को लेकर क्षेत्र में गहमा गहमी का माहौल है। और अधिकांश प्रखंड स्तरीय पदाधिकारी कार्यक्रम स्थल पर डेरा डाले हुए हैं। और तैयारी का जायजा ले रहे हैं।

**कर्मशाला** प्रशिक्षण में उपस्थित किसानों को रबी फसलों की तकनीकी जानकारी, रबी मौसम में कृषि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई

# ई किसान भवन में स्तरीय रबी कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, नासरीगंज (रोहतास)**। नासरीगंज प्रखंड मुख्यालय स्थित ई किसान भवन के प्रांगण में प्रखंड स्तरीय रबी कर्मशाला सह प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन कृषि प्राधौगिक प्रबंधन अभिकरण (आत्मा) द्रारा किया गया। प्रशिक्षण शिविर का उद्घाटन बीडीओ मोहम्मद जफर इमाम, प्रमुख योगेश कुमार,परियोजना उपनिदेशक आत्मा सौरभ कुमार, अनुमंडल कृषि पदाधिकारी मधुरेंद्र कुमार सिंह, कृषि वैज्ञानिक रामाकांत सिंह, बीएओ विमलेश कुमार मिश्रा, प्रखंड आत्मा अध्यक्ष दीनदयाल सिंह ने संयुक्त रूप से द्वीप प्रज्वलित कर के किया। प्रशिक्षण में उपस्थित किसानों को रबी फसलों की तकनीकी जानकारी, रबी मौसम में कृषि विभाग द्वारा




संचालित योजनाओं की जानकारी, रबी में अनुदानित दर पर उपादान वितरण की जानकारी,जलवायु अनुकूल कृषि फसल चक्र संबंधित जानकारी,फसल अवशेष प्रबंधन के प्रति जागरूकता,जैविक खेती का प्रोत्साहन,फसल विविधिकरण पर विशेष जानकारी,चतुर्थ कृषि रोड मैप के विभिन्न आयामों की जानकारी कृषि विभाग के अधिकारियों के द्रारा दिया गया। कृषि विभाग के पदाधिकारियों व कर्मियों के द्वारा मुख्य अतिथि को पौधे देकर सम्मानित किया गया। अनुमंडल कृषि पदाधिकारी मधुरेंद्र कुमार सिंह ने कहा कि भारत जैसे कृषि प्रधान देश जिनका आर्थिक रीढ़ कृषि पर आधारित है उसको बेहतर बनाने के लिए इस तरह के प्रशिक्षण की जरूरत है ताकि किसान पुराने परंपरागत कृषि पद्धति से ऊपर उठकर आधुनिक तरीके से कृषि कार्य करें तथा पैदावार को बढ़ाकर देश की आर्थिक नींव को मजबूत कर सकें। मौके पर मुखिया प्रतिनिधि वीरेंद्र चौधरी, किसान सलाहकार अनिल सिंह, राजीव नयन, धर्मेंद्र कुमार, सुशील कुमार, अशोक कुमार,अरुण सिंह, किसान पूर्व बीडीसी राजकुमार, रामाशीष सिंह, सूर्यकेश्वर सिंह, विकास कुमार, साकिर खान सहित अन्य किसान उपस्थित थे।

## ख़ास ख़बर

### लंबे समय से थाना परिसर का हैंडपंप खराब



**दुर्गावती सदर**। लंबे समय से थाना परिसर का हैंड पंप खराब होने की वजह से परिसर में पानी की कभी कभी बिजली नहीं रहने से किल्लत हो जाती है। बता दे की थाना परिसर में इस समय पानी की सप्लाई बगल में बने बड़ी पानी टंकी से होता है लेकिन कभी-कभी बिजली के नहीं रहने के कारण परिसर में पानी नहीं उपलब्ध हो पता है जिसकी वजह से काफी परेशानियों का सामना वहां पर स्थापित अधिकारी एवं पुलिस कर्मियों को झेलनी पड़ती है। इसकी शिकायत चापकल के विभागीय अधिकारियों को दिए जाने के बाद भी उसका सुधार नहीं किया जा रहा है। जब सरकारी परिसर में लगे चापकाल का यही हाल है तो ग्रामीण इलाकों में क्या होता होगा।

### 1शराब पीकर हंगामा करने के जुर्म में दो शराबियों को भेजा गया न्यायिक हिरासत में



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, कुदरा (कैमूर)**। थाना प्रशासन द्वारा थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगह से शराब पीकर हंगामा करने के जुर्म में दो शराबियों को गिरफ्त में लें स्वास्थ्य जांच के उपरांत भेजा गया न्यायिक हिरासत में। संदर्भ में जानकारी देते हुए थाना प्रभारी पुलिस निरीक्षक संजय कुमार के द्वारा बताया गया, कि बिहार सरकार द्वारा जारी मध्य निषेध कानून को ससंकल्पित रूप से पालन करते हुए, थाना प्रशासन द्वारा शराब व शराबियों के विरुद्ध लगातार अभियान चलाया जा रहा है, जिस क्रम में गुरुवार देर शाम थाना क्षेत्र के नगर पंचायत कुदरा के चकिया मोहल्ला से सुजीत कुमार पिता जगनारायण राम व थाना क्षेत्र के चिलबिली गांव से शिव बिन्द पिता शिवबरन बिन्द को शराब के नशे में धुत्त हो हंगामा करने के जुर्म में गिरफ्त में लिया गया। स्वास्थ्य जांच में शराब पीने की पुष्टि होने के उपरांत गिरफ्तार कर शुक्रवार को न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया।

### रेलवे ओवर ब्रिज और ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर कर्मनाशा मे आमरण अनशन पर बैठे ग्रामीण



**कैमुर**। कैमुर जिले के पंडित दीनदयाल उपाध्याय गया रेलखंड पर कर्मनाशा रेलवे स्टेशन के पास ओवरब्रिज और ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर शुक्रवार को ग्रामीण आमरण अनशन पर बैठ गये है । बता दें कि ग्रामीणों के द्वारा लम्बे समय से जनप्रतिनिधियों और प्रसाशन से ओवर ब्रिज बनाने के लिए मांगे की जा रही है। वही कोरोना काल से पहले कर्मनाशा रेलवे स्टेशन पर जो ट्रेन रूक रही थी पुनः उनके ठहराव के लिए भी गामीण लम्बे समय से मांग कर रहे थे। लेकिन उनकी मांग पर कोई विचार नहीं किया गया जिससे आक्रोशित ग्रामीण अपनी मांग को लेकर आमरण अनशन पर बैठ गये। ग्रामीणों का कहना है कि कर्मनाशा बाजार के पास ओवर ब्रिज नहीं होने के कारण दर्जनों गांव के लोगो को आने -जाने में भारी कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। इतना ही नहीं ग्रामीणों ने यह भी बताया कि पीडीडीयू -गया रेलखंड पर कर्मनाशा स्टेशन के पूर्वी तरफ ट्रैक पार करने के लिए ओवरब्रिज की अती आवश्यकता है। ओवर ब्रिज नहीं होने के कारण पूर्व में इस जगह पर कई एक दुर्घटनाएं घट चुकी है। ओवर ब्रिज नहीं होने के कारण लोगों को 6 से 10 किलोमीटर की दूरी तय करके कर्मनाशा बाजार में आना पड़ता है। वही ट्रेनों का ठहराव नहीं होने के कारण लोगों को आवागमन में काफी परेशानी का सामना करना पड़ता है। वही आने जाने के लिए राष्ट्रीय राजमार्ग से बस और ऑटो का सहारा लेना पड़ता है जिसमें काफी पैसा खर्च करना पड़ता है।

# महान स्वतंत्रता सेनानी की प्रतिमा का किया अनावरण



**दैनिक शुभ भास्कर, सुभाष चन्द्र झा, सहरसा**। जिले के सत्तर कटैया प्रखंड स्थित पंचगछिया गांव में महान स्वतंत्रता सेनानी स्व राम बहादुर सिंह एवं पद्मानंद सिंह ब्रह्मचारी के प्रतिमा का अनावरण मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के द्वारा शुक्रवार को किया गया।इस अवसर पर भगवती स्थान प्रांगण में श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। इस सभा की अध्यक्षता कुलानंद यादव अकेला एवं संचालन मोहम्मद आसिफ अली के द्वारा किया गया।इस सभा को मुख्यमंत्री नीतीश कुमार,राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह, अनुसूचित जनजाति कल्याण मंत्री रत्नेश सादा, पूर्व सांसद लवली आनंद आनंद मोहन सिंह बेलदौर विधायक पन्नालाल पटेल शिवहर विधायक चेतन आनंद, विधायक गुंजेश्वर शाह ने सभा को संबोधित किया। इस मौके पर पूर्व सांसद आनंद मोहन ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत कर जोरदार अभिनंदन किया। पूर्व सांसद श्री मोहन ने कहा कि पंचगछिया स्वतंत्रता सेनानियों का गढ़ रहा है। साथ ही यह भूमि क्रांतिकारियों के लिए तीर्थ के समान रहा है।उन्होंने कहा कि स्व राम बहादुर सिंह स्वतंत्रता आंदोलन में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। भारत में तीन गांधी हुए हैं। एक राष्ट्रपिता महात्मा गांधी, दूसरे खान अब्दुल गफ्फार खान सीमांत गांधी तथा स्वर्गीय राम बहादुर सिंह को कोशी का गांधी कहा गया। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान पर उन्होंने रॉलेक्ट एक्ट का विरोध किया। साथ ही विदेशी वस्तुओं की होली जलाई। उन्होंने कहा कि कोसी की धरती समाजवादियों का गढ रहा है।ऐसे में मुख्यमंत्री का आगमन समाजवादियों के लिए प्रेरणा के स्रोत हैं।राष्ट्रीय अध्यक्ष राजीव रंजन उर्फ ललन सिंह ने कहा कि बिहार सरकार के द्वारा देश की आजादी में भाग लेने वाले लोगों का नया इतिहास लिख रही है। वहीं वर्तमान केंद्र सरकार जिसने आजादी की इच्छा में कोई भूमिका नहीं निभाई।वे लोग आज इतिहास और संविधान को बदलने का प्रयास कर रहे हैं।मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि प्रतिमा अनावरण के मौके पर मुझे आमंत्रित किया गया है जो मेरा सौभाग्य है। मैं और आनंद मोहन जी जेपी आंदोलन की समय से अच्छे दोस्त रहे हैं और यही कारण रहा कि इस अवसर पर महान स्वतंत्रता सेनानियों के प्रतिमा अनावरण यह मौके पर आने का अवसर प्राप्त हुआ है ।हम अनेको बार को यहां आ चुके हैं। उन्होंने कहा कि स्वर्गीय राम बहादुर बाबू 1919 में स्वामी सहजानंद के संपर्क में आए। जिसके कारण उन्होंने रॉलेक्ट एक्ट का विरोध किया। इस कारण उन्हें जेल भेज दिया गया। 1920 ईस्वी में कोसी के पिछड़ापन को दूर करने के लिए कोशी सेवक दल का गठन कर विदेशी वस्त्रो का बहिष्कार किया। साथ ही खादी ग्राम उद्योग की स्थापना कर लोगों की मदद की। उन्होंने कहा कि राम बहादुर बाबू गांधी जी के साथ आजादी के आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाई। वही 1930 ईस्वी में नमक सत्याग्रह तथा 1942 में भारत छोड़ो आंदोलन में अग्रणी भूमिका निभाई। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में एक ही परिवार के 6 सदस्य जेल गए।जो बहुत बड़ी बात है।वहीं बापू से प्रेरणा पाकर नशा मुक्ति का आह्वान किया।मुख्यमंत्री ने उपस्थित लोगों को भी नशा से दूर रहने की अपील की। उन्होंने कहा कि 1934 में आए भीषण भूकंप के कारण पूरा बिहार बर्बाद हो गया था। वही स्वर्गीय राम बहादुर बाबू का भी घर क्षतिग्रस्त हो गया था लेकिन राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के आह्वान पर उन्होंने अपनी पत्नी कुंती देवी से देश हित में दान के लिए प्रेरित किया। तब जाकर उनकी पत्नी ने पूज्य बापू को चार सेर सोना दान किया। इस मौके पर पंचगछिया गांव को जगह जगह तोरण द्वार से सजाया गया था। वहीं सुरक्षा की दृष्टि कौन से चप्पा चप्पा पर सुरक्षा बल के जवान मौजूद थे। इस मौके पर जदयू जिला अध्यक्ष चंद्रदेव मुखिया, प्रवीण आनंद, रोशन सिंह, जयशंकर सिंह, अमन सिंह, सुजीत कुमार, रोहिनदास, अजय सिंह, बबलू,किशोर प्रसाद सिंह, मानवेंद्र ठाकुर, रेनू झा,अनिल कुमार सिंह सहित अन्य मौजूद थे।

## आरबीएस पब्लिक स्कूल में स्टेट लेवल अंडर 19 गर्ल्स बाली बाल प्रतियोगिता का डीइओ ने किया उद्घाटन

**दुर्गावती**। स्थानीय प्रखंड के आरबीएस पब्लिक स्कूल कुल्हड़ियां में शुक्रवार को सीबीएसई नई दिल्ली द्वारा आयोजित स्टेट लेवल अंडर 19 गर्ल्स बाली बाल प्रतियोगिता का जिला शिक्षा पदाधिकारी कैमूर सुमन शर्मा के द्वारा फीता काट कर उद्घाटन किया गया और सभी खीलाड़ियो से हाथ मीला कर उनका परिचय करते हुए उनका हौसला बढ़ाया गया। उद्घाटन मैच डीपीएस बोकारो बनाम रेडिएंट इंटरनेशनल स्कूल पटना के बीच खेला गया। जिसमें डीपीएस बोकारो स्कूल की टीम ने 2- 0 से मैच जीत लिया। दूसरे सेट का मैच आरबीएस पब्लिक स्कूल कुल्हड़िया कैमूर बनाम आरकेएस विद्या मंदिर धनबाद के बीच खेला गया। जिसमें आरबीएस पब्लिक स्कूल कुल्हड़िया की टीम ने 2-0 से मैच जीत लिया। प्रतियोगिता शुरू होने से पहले कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला शिक्षा पदाधिकारी सुमन शर्मा, विशिष्ट अतिथि डीपीओ कैमूर अक्षय पांडेय , मानव भारती स्कूल चांद के डायरेक्टर विकास पांडेय , सेंट थॉमस स्कूल मोहनिया के अमर अग्रवाल एवं आबजर्वर डीएवी पब्लिक स्कूल रतवार के राजू कुमार को



विद्यालय के संस्थापक ओमप्रकाश सिंह द्वारा स्मृति चिन्ह एवं अंगवस्त्र भेंट कर सम्मानित किया गया। बताते चलें कि दुर्गावती प्रखंड में यह पहला विद्यालय है जहां पर इस प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस संबंध मे जिला शिक्षा पदाधिकारी कैमूर सुमन शर्मा ने खीलाड़ीयो का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि खेल का हमारे जीवन में बहुत बड़ा योगदान है खेल से हमारा स्वास्थ्य अच्छा रहता है इसलिए खेल को जीत और हार के उद्देश्य से नहीं बल्कि अपने बेहतर स्वास्थ्य के लिए भी खेलना चाहिए। खेल के प्रति युवाओं को जागरूक करने के लिए खेल कूद प्रतियोगिता का समय समय पर आयोजन किया जाता है। इस मौके पर आरबीएस पब्लिक स्कूल की चेयरपर्सन चंपा देवी, डायरेक्टर कुमार गौरव, प्रिंसिपल हूमा जैदी, वाइस प्रिंसिपल सहित शिक्षक व काफी संख्या मे विद्यालय के छात्र मौजूद थे।

### 60 पीस शराब के साथ दो गिरफ्तार बाइक जप्त



**दुर्गावती सदर**। दुर्गावती की पुलिस ने गस्ती के दौरान 60 पीस शराब के साथ दो लोगों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया। मिली जानकारी के मुताबिक पुलिस के द्वारा शराब के खिलाफ अभियान चलाया जा रहा था। उसी दौरान उत्तर प्रदेश की तरफ से आते हुए बाइक से दो लोगों को पुलिस ने देखा और ठहरने का आदेश दिया। ठहरने के बाद जब बाइक की चेकिंग की गई तो उन दोनो के पास से 60 की शराब पाई गई। जहां से पुलिस ने बाइक समेत दो लोगों को गिरफ्तार कर थाने लाई। कागजी प्रक्रिया पूरी करने के बाद पुलिस में दोनों अभियुक्तों को जेल भेज दिया गिरफ्तार अभियुक्त रविंदर यादव कर्मनाशा तथा दूसरा विकास यादव थाना क्षेत्र के ग्राम धनेछा का रहने वाला बताया जाता है।

### भाजपा के कार्यकर्ता शहीद विकास सिंह के दसवीं जयंती पर माला अर्पण किए जिला अध्यक्ष विमलेश पांडेय



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, रामपुर (कैमूर)**। रामपुर प्रखंड के निसिझा के रहने वाले शाहिद विकास सिंह के दसवीं शहादत दिवस पर माला अर्पण किया बीजेपी किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष विमलेश पांडेय मिली जानकारी के अनुसार प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 27 अक्टूबर 2013 को पटना गांधी मैदान में हुंकार रैली था जिसमें बम ब्लास्ट होने के कारण विकास सिंह शहीद हो गए थे जिसमें प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी मृतक के परिवार से मिलने के लिए उसके ग्राम निसिझा में आए हुए थे शहीद विकास सिंह की दसवां शहादत दिवस पर भाजपा किसान मोर्चा जिला अध्यक्ष विमलेश पांडेय के द्वारा उनकी प्रतिमा पर माला अर्पण किया गया एवं अनिल सिंह अवधेश शाह कृपा नारायण सिंह धनंजय सिंह आदि लोगों ने उनके प्रतिमा पर माला अर्पण किया।

### सड़क पर फैले गंदे पानी से हो रहा मच्छर बढ़ोतरी,आम ग़रीबों का सोना हुआ हराम



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, भगवानपुर (कैमूर)**। प्रखंड अंतर्गत सरैया पंचायत के उमापुर गांव में सड़क पर गंदे पानी व गंदगी की वजह से हो रहा मच्छरों की जनसंख्या में बढ़ोतरी, आम गरीबों का सोना हुआ हराम। मच्छरों की प्रति बेतहाशा जनसंख्या से रात-तो रात दिन में भी अच्छे से बैठना और सोना है मुश्किल। आपको बता दें कि सरैया पंचायत के उमापुर गांव में गंदे नालियों के बहते पानी सड़क पर ही तैरता हुआ नजर आयेगा। इतना ही नहीं कूड़े कचरे की भी अंबार लगा रहता है। जिसके वजह से मच्छरों की संख्या आए दिन बढ़ता हुआ नजर आ रहा है।आम गरीबों को और जानवरों को रात में भी विश्राम करना मुश्किल सा हो गया है। ऐसे दिखावा के लिए, सरकार द्वारा जनप्रतिनिधियों के माध्यम से सरकारी कर्मियों की देखरेख में स्वच्छता अभियान के नाम पर पानी की तरह पैसा बहाते हुए, स्वच्छ भारत का सपना दिखाया जा रहा है। शोधकर्ताओं द्वारा भी शोधकर अनेको बार बताया गया कि मच्छरों के काटने से अनेकों तरह की बीमारियां उत्पन्न होती है साथ ही जल जमाव कि जगह रहने वाले मच्छरों से खतरनाक रोग डेंगू जैसी बीमारियां होती है। इस पर रोकथाम के लिए प्रचार-प्रसार पर भी करोड़ों रुपया पानी की तरह बहाया गया। पर स्थल पर उतर कर देखा जाए तो यह सारी सावधानियां सिर्फ और सिर्फ लूट खसोट का संसाधन बनता हुआ नजर आ रहा रहा है। स्वच्छता अभियान के नाम पर जनप्रतिनिधि व संबंधित विभाग के कर्मि सिर्फ मलाई चाट रहे हैं। स्थल पर देखने से प्रतीत होता है कि कोरी सच्चाई यही है।

कार्यक्रम प्रखंड परियोजना क्रियान्वयन इकाई की ओर से रोजगार-सह-मार्गदर्शन मेला का आयोजन

## जीविका की ओर से रोजगार-सह-मार्गदर्शन मेला का आयोजन

**सिकटी**। जीविका सिकटी की ओर से दीनदयाल उपाध्याय ग्रामीण कौशल्य योजना के तहत सिकटी प्रखंड के बरदाहा + 2 उच्च विद्यालय में प्रखंड परियोजना क्रियान्वयन इकाई, सिकटी, अररिया की ओर से रोजगार-सह-मार्गदर्शन मेला का आयोजन 27 अक्टूबर 2023 दिन शुक्रवार को किया गया। जिसका उद्घाटन प्रखंड विकास पदाधिकारी मो. परवेज आलम, जीविका जिला परियोजना प्रबंधक श्री नवीन कुमार, प्रखंड परियोजना प्रबंधक मो. समिऊल हसन और सीएलएफ की लीडर्स ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर किया। इस मौके पर बोलते हुए प्रखंड विकास पदाधिकारी ने युवाओं से जीविका के इस विशेष आयोजन का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि जीविका की ओर से युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ने का यह बेहतरीन मौका है। इसलिए अधिक-से-अधिक युवाओं को इसका लाभ उठाना चाहिए। इसके



तहत जहां उन्हें उनकी योग्यता के अनुसार रोजगार मिल सकता है, वहीं, अपना रोजगार करने के लिए भी मौका दिया जाता है। इसके अलावा जो स्वरोजगार करना चाहते हैं उन्हें भी प्रशिक्षण देकर स्वरोजगार से जोड़ने में मदद की जाती है। वहीं, जीविका के जिला परियोजना प्रबंधक श्री नवीन कुमार ने अपने संबोधन में युवाओं को इस सुअवसर का लाभ उठाने की अपील की। उन्होंने कहा कि युवाओं के लिए संगठित क्षेत्रो में रोजगार पाने का यह बहुत ही अच्छा अवसर है। अधिक से अधिक संख्या में युवा इसका लाभ उठाएं। जो युवा इसके माध्यम से रोजगार या स्वरोजगार से जुड़ते हैं उनकी जिंदगी में बदलाव आना निश्चित है। इससे उनका और उनके परिवार का आर्थिक और सामाजिक सशक्तिकरण होना तय है। जो युवा इसके माध्यम से कहीं बाहर रोजगार के लिए जाते हैं और उन्हें बाहर किसी प्रकार के मदद की जरूरत होती है तो उन्हें वहां भी मदद मुहैया कराई जाती है। इसलिए सभी योग्य युवक-युवतियों को इस अवसर का लाभ उठाना चाहिए। बरदाहा के +2 उच्च विद्यालय में आयोजित इस रोजगार-सह-मार्गदर्शन मेला में बड़ी संख्या में अभ्यर्थियों ने हिस्सा लिया। इस मेला में केपीआर मिल्स लिमिटेड, एलआईसी, भारद्वाज सेक्यूरिटीज, होप केयर सर्विसेज इंडिया प्राइवेट लिमिटेड, एसबीआई लाइफ, ग्रीनटास इंडस्ट्रीज, इंफो वैली प्रा. लि., ऊर्वरधारा प्रा. लि., इफोस इन, नवभारत फर्टिलाइजर्स आदि कंपनियों ने हिस्सा लिया। इसके अलावा एसबीआई आरसेटी और मनरेगा की ओर से भी प्रतिनिधियों ने इस मेले में हिस्सा लिया। इस मौके पर 1465 युवाओं ने निबंधन करवाया। जिसमें 115 अभ्यर्थियों को विभिन्न कंपनियों की ओर से मौके पर ही नियुक्ति पत्र दिया गया। साथ ही, स्वरोजगार प्रशिक्षण के लिए आरसेटी अररिया में 124 युवाओं ने निबंधन करवाया। डीडीयू-जीकेवाई के तहत प्रशिक्षण हेतु 87 युवाओं ने आवेदन दिया।

निजी कार्यक्रम में पधारे कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष ने कह दिया बड़ी बात

## देश में महात्मा गांधी और नाथूराम गोडसे विचारधारा के बीच चल रहा है युद्धः डा0 अखिलेश प्रसाद सिंह





**मोतिहारी चंपारण ब्यूरो अशोक वर्मा** । बिहार प्रदेश कांग्रेस कमिटी के अध्यक्ष एवं राज्यसभा सांसद डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह नगर के एक निजी कार्यक्रम में उपस्थित हुए और पत्रकार साथियों से बात करते हुए कहा कि इस वक्त देश में महात्मा गांधी और नाथूराम गोडसे के विचारधार के बीच लड़ाई है। लोकतंत्र और संस्थान पर हमला हुआ है। इस समय देश में हिंसा-भेदभाव बढ़ा है। इं डि या अलायंस को लेकर सरकार घबराई हुई है। हम भारत की आवाज हैं। इसे लेकर प्रधानमंत्री डरे हुए हैं इसीलिए वो देश का नाम बदलना चाहते हैं। आगे प्रदेश अध्यक्ष ने कहा कि 2024 में इंडिया गठबंधन पूर्ण रूप से एनडीए गठबंधन का सफाया कर के देश में इंडिया गठबंधन के नेतृत्व में मजबूत व सशक्त सरकार का गठन करेगी। वहीं जिलाध्यक्ष ई० शशिभूषण राय उर्फ गप्पू राय ने कहा कि सम्मानित प्रदेश अध्यक्ष डॉ० अखिलेश प्रसाद सिंह के नेतृत्व में बिहार में कांग्रेस पार्टी मजबूत हुई हैं।पुरे बिहार के कार्यकर्ताओं में जोश और जुनून बढ़ा हैं। जिला परिषद् क्षेत्र संख्या-32(कल्याणपुर) से मो० सदरे आलम ने राहुल गांधी, मल्लिकार्जुन खड़गे, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, डॉ अखिलेश प्रसाद सिंह एवं कांग्रेस पार्टी के विचारधारा से प्रेरित होकर कांग्रेस पार्टी का सदस्यता ग्रहण कियें। उक्त मौके पर कांग्रेस नेता मुमताज अहमद, अखिलेश्वर प्रसाद यादव उर्फ भाई जी, शैलेन्द्र कुमार सिंह,विनय सिंह, संजीव कुमार सिंह उर्फ टुन्नी सिंह, मुनमुन जयसवाल, डॉ कुमकुम सिन्हा,किरण कुशवाहा,बिन्टी शर्मा, ऋषि सिंह, आबिद हुसैन, ओसैदूर रहमान, आशीष रंजन,नयाज अहमद, राजकुमार कुशवाहा,अजय झा सहित अन्य नेता उपस्थित रहें।

## ख़ास ख़बर

### खेत का सिंचाई का पाइप तोड़ने के विवाद में चार का शांतिभंग में चालान

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रमेश प्रसाद सोनी, दुल्लहपुर गाजीपुर।** दुल्लहपुर थाना क्षेत्र के शिवपुर गांव में खेत की सिंचाई के लिए बिछाई गई पाइप को तोड़ देने के मामले में पुलिस ने दो महिला समेत दो पुरुषों का शांति भंग में चालान कर दिया । दुल्लहपुर थाना अध्यक्ष अशोक कुमार मिश्रा ने बताया कि सिकंदर और उनकी पत्नी बबीता जबकि दूसरे पक्ष से नीलम और सोनू का आपसी मारपीट के बाद चालान किया गया।

### बलिया का वांछित अभियुक्त पहुंचा थाने ,फिर हुई कार्यवाही



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रमेश प्रसाद सोनी, गाजीपुर ।** श्रीमान पुलिस अधीक्षक गाजीपुर महोदय द्वारा अपराध एवं अपराधियों/वांछित अभियुक्तो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के तहत श्रीमान अपर पुलिस अधीक्षक ग्रामीण महोदय के कुशल निर्देशन व श्रीमान क्षेत्राधिकारी मु0बाद महोदय के कुशल मार्गदर्शन में व थानाध्यक्ष एसओ श्री राजेश बहादुर सिंह के नेतृत्व में दिनांक 27.10.2023 को उ0नि0 श्री रामअंजोर यादव थाना हाजा के आगन्तुक डेस्क पर मौजूद थे कि एक व्यक्ति जिसकी उम्र लगभग 32 वर्ष है आगस्तुक डेस्क पर आया एव प्रकट किया कि साहब मेरा नाम अनिल गुप्ता पुत्र कृष्णचन्द्र गुप्ता निवासी सागरपाली थाना फेफना जनपद बलिया है कल मेरे घर पर पुलिस आयी थी मेरे बारे में पूछ रही थी किन्तु मै घर पर मौजूद नही मिला था वापस आने पर पता चला तो मैं आपसे मिलने आया हूँ। विस्वास होने पर की अनिल गुप्ता दि0-21.09.2023 को थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0-152/2023 धारा-419/420/429 भादवि व 3/5ए/5बी/8 गोवध निवारण अधि0 का वांछित अभियुक्त है कि कारण गिरफ्तारी बताते हुए हिरासत पुलिस में लिया गया ।

### प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का जनपद स्तरीय आयोजन



**दैनिक भास्कर संवाददाता सुधाकर पाण्डेय, गाजीपुर।** भारत सरकार के विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विभाग द्वारा 31वीं राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस का जनपद स्तरीय आयोजन आज कन्या उच्च प्राथमिक विद्यालय मनिहारी, जनपद गाजीपुर में किया गया। जिसे राष्ट्रीय विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संचार परिषद द्वारा उत्प्रेरित किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य देश के कोने-कोने से विज्ञान प्रतिभाओं की खोज करना एवं बच्चों में वैज्ञानिक चेतना का अंकुरण कर उन्हें स्थानीय परिवेश में तार्किक वैज्ञानिक खोज की दिशा में आगे बढ़ाना है। बच्चे मुख्य विषय एवं उसके उप विषय से संबंधित स्थानीय समस्याओं को चिन्हित कर विज्ञान विधि की सहायता से नवाचारी खोज करते हैं। इस वर्ष का मुख्य विषय स्वास्थ्य और कल्याण के लिए परितंत्र को समझना है। जिसके अंतर्गत पांच उप विषय थे। स्वास्थ्य, पोषण व कल्याण को प्रोत्साहन देना उप विषय के अंतर्गत पीएम श्री कंपोजिट विद्यालय मरदह, जनपद गाजीपुर के छात्रों द्वारा दो शोध कार्य किए गए तथा जनपद स्तरीय आयोजन में अपने शोध कार्य को प्रस्तुत किया। प्रथम ग्रुप में राजवीर कुमार कक्षा 6 एवं रोशनी राजभर कक्षा 6 ने अपना शोध कार्य कक्षा में अन्य बच्चों की अपेक्षा कुछ बच्चों में सीखने की कमी की समस्या शीर्षक पर किया तथा द्वितीय ग्रुप में शालिनी मौर्य कक्षा 8 एवं डिंपल कुमारी कक्षा 7 ने कम उम्र में ही आंखों की खराब होने की समस्या शीर्षक पर अपना शोध कार्य प्रस्तुत किया। अपने मार्गदर्शक शिक्षक श्री रविंद्र प्रसाद मौर्य जी की सहायता से इन बच्चों ने अपने शोध कार्य को पूर्ण किया तथा जनपद स्तरीय 31वी राष्ट्रीय बाल विज्ञान कांग्रेस में प्रतिभा किया।अब यह बच्चे राज्य स्तर में प्रतिभागिता के लिए तैयारी करेंगे। खंड शिक्षा अधिकारी मरदह श्री राजीव कुमार यादव जी ने इन बच्चों के उज्जवल भविष्य की कामना की।

# मतदान से ही एक विकसित एंव मजबूत राष्ट्र का निर्माण होता है, डीएम आर्यका अखौरी




**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रमेश प्रसाद सोनी गाजीपुर ।**भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार आज दिनांक 27 अक्टूबर, 2023 से 09 दिसम्बर, 2023 तक चलने वाले लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु मतदाता सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षित कार्यक्रम का शुभारम्भ राजकीय महिला महाविद्यालय गाजीपुर में जिला निर्वाचन अधिकारी आर्यका अखौरी ने माँ सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण, दीप प्रज्ज्वलित एवं फीता काटकर किया। इस अवसर पर उन्होने वहां उपस्थित छात्राओ को मतदाता जागरूकता के सम्बन्ध में शपथ दिलायी तथा 18 वर्ष एवं उससे उपर के मतदाताओ मे मतदाता रजिस्ट्रेशन फार्म का वितरण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने अपने सम्बोधन में कहा कि हमारा देश एक लोक तन्त्रात्मक देश है यहा प्रत्येक 05 वर्ष में चुनाव होते है। मतदान प्रत्येक व्यक्ति का मूल अधिकार है। मतदान से ही एक विकसित एंव मजबूत राष्ट्र का निर्माण होता है। हम सब का दायित्व है कि अपने-अपने मतो का शत-प्रतिशत उपयोग करते हुए एक मजबूत राष्ट्र के निर्माण में अपनी भागीदारी निभाये तथा अपने परिवार, पास -पडोस, गॉव , मुहल्ला में भी लोगो को मतदान हेतु प्रेरित करे। उन्होने कहा कि जनपद में 27 अक्टूबर, 2023 से 09 दिसम्बर, 2023 तक यह अभियान चलेगा। विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम में मतदाताओं के नाम मतदाता सूचियों से जोडे व हटाये जायेगे । उन्होंने बताया कि यदि किसी मतदाता के नाम या अन्य किसी विवरण में संशोधन की आवश्यकता है तो अपना संशोधन भी करा सकते हैं एवं जो मतदाता एक ही विधानसभा क्षेत्र में एक मतदेय स्थल से किसी अन्य मतदेय स्थल पर शिफ्ट हो गए हैं, ऐसे मतदाता भी आयोजित होने वाले शिविरों का लाभ उठाते हुए अपना नाम स्थानांतरित करा सकते हैं। उन्होंने बताया कि नाम सम्मिलित कराने के लिए फॉर्म 6, प्रवासी भारतीयों के लिए फॉर्म 6 क, मतदाता सूची से नाम कटवाने के लिए फॉर्म 7, नाम या अन्य किसी विवरण में संशोधन कराने के लिए फॉर्म 8 एवं एक ही विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र के अंतर्गत एक मतदेय स्थल से दूसरे मतदेय स्थल पर नाम स्थानांतरित कराने के लिए फार्म 8 क भरते हुए संचालित विशेष अभियान का लाभ उठा सकते हैं । उन्होंने सभी का आह्वान करते हुए कहा कि प्ले स्टोर के माध्यम से अपने अपने मोबाइल में वोटर हेल्पलाइन एप्प डाउनलोड करके अपने घर, कार्यालय से ही ऑनलाइन फॉर्म भरकर इस सुविधा का लाभ उठा सकते हैं। ऑफलाइन आवेदन करने के लिए विशेष अभियान तिथियों में अपने-अपने मतदान केंद्रों/स्थलों पर उपस्थित होकर बीएलओ अथवा पदाभिहित अधिकारियों के पास अपना आवेदन फॉर्म जमा कर सकते हैं । उन्होने बताया कि 1 जनवरी 2024 के आधार पर विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों की निर्वाचक नामावलियों का विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण का कार्य 27 अक्टूबर, 2023 से 09 दिसम्बर, 2023 तक कराया जाएगा। उन्होंने बताया कि पुनरीक्षण/विशेष अभियान के तहत आगामी 04 नवंबर, 2023 दिन शनिवार, 05 नवम्बर, 2023 दिन रविवार, 25 नवम्बर, 2023 दिन शनिवार, 26 नवम्बर, 2023 दिन रविवार, 02 दिसम्बर, 2023 दिन शनिवार एवं 03 दिसम्बर, 2023 दिन रविवार को दावे और आपत्तियां प्राप्त करने के लिए सभी मतदान केंद्रों/स्थलों पर विशेष अभियान आयोजित कराए जाएंगे। इस अवसर पर उप जिला निर्वाचन अधिकारी अरूण कुमार सिंह, उप जिलाधिकारी सदर, डिप्टी कलेक्टर, प्रभारी प्रधानाचार्य महिला पी जी कालेज, एंव अन्य कर्मचारी उपस्थित थे।

### जमानियां न्यू प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र गहमर का निरीक्षण



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता, मनोज कुमार जमानियां ।** जमानियां सपा विधायक ओमप्रकाश सिंह ने स्वास्थ्य केन्द्र गहमर का निरीक्षण करने पहुंचे तो स्वास्थ्य केन्द्र पर लटका मिला ताला तो सपा विधायक नाराजगी जताते हुए कहे कि इस दौरान प्रशासन द्वारा संज्ञान में लेते हुए कहा कोई कर्मचारी मौजूद नहीं था गहमर में स्वास्थ्य केन्द्र पर पूर्ण रूप से बंद था लेकिन अधिकारियों से अवगत कराते हुए ओमप्रकाश सिंह प्रशासन से मांग करते हुए कहे कि इन अधिकारियों पर कार्रवाई की जाएगी क्षेत्रीय ग्रामीण द्वारा शिकायत मिल रही थी एशिया के सबसे बड़ा गांव गहमर कहा जाता है ओमप्रकाश सिंह क्षेत्र में भ्रमण के दौरान स्वास्थ्य केन्द्र पहुंच गए ना कोई अधिकारी है नही कोई कर्मचारी मौजूद रहे स्वास्थ्य केन्द्र पर ताला लटका मिला।

### खंड विकास अधिकारी के तबादला होने से मचा हड़कंप



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता सुरेश चन्द्र पाण्डेय, जखनिया गाजीपुर।** जखनियां ब्लाक के खंड विकास अधिकारी त्रिवेणी राम का गाजीपुर मुख्य विकास भवन में स्थानांतरण हो गया उनके जगह पर जखनिया के नए बीडीओ संजय कुमार गुप्ता ने आज देवकली से जखनिया के कार्यभार संभाला साथ ही मनरेगा का समस्त कार्य डीसी देवनंदन दुबे देखेंगे। मुख्य विकास अधिकारी द्वारा तबादला किए जाने से जखनियां ब्लाक के लोगों में चर्चा का बाजार गर्म हो गया आखिर इतना जल्दी क्यों स्थानांतरण किया गया।

# अमृत कलश को डीएम ने हरी झंडी दिखाकर लखनऊ किया रवाना



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रमेश प्रसाद सोनी, गाजीपुर।** आजादी का अमृत महोत्सव के अंतर्गत ''मेरी माटी,मेरा देश''(मिट्टी को नमन,वीरों का वंदन) जनपद के 16 विकास खण्डों एवं 08 नगरीय निकायों से संकलित अमृत कलश को जनपद गाजीपुर से लखनऊ व दिल्ली जाने वाली 24 अमृत कलश के वाहक, कलशवीरों के साथ नोडल अधिकारी, चिकित्सक, पुलिस कर्मियों को जिलाधिकारी आर्यका अखौरी ,मुख्य विकास अधिकारी संतोष कुमार वैश्य, जिलाध्यक्ष भाजपा सुनील सिंह, विधान परिषद सदस्य विशाल सिंह ''चंचल'' के प्रतिनिधि प्रदीप पाठक, नेहरू युवा केंद्र के स्वम् सेवको को रैली में माला पहनाकर कलश प्रदान किया गया ततपश्चात हरी झण्डी दिखाकर लंका मैदान से रवाना किया रैली लंका मैदान से सैनिक चौराहा, प्रकाश नगर, होते हुए महराजगंज नेशलन हाईवे पहुची जहां आरक्षित बस को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया । जिलाधिकारी ने कहा कि जनपद के समस्त विकास खण्डो, नगर पालिका/नगर पंचायतो के प्रत्येक घरो से इक्क्ठा किये गये चावल के दाने व मिट्टी के कणो को 24 कलश मे एकत्रित किये गये है जो आज इस जनपद का प्रतिनित्व करते हुए वाहक कलश वीरो द्वारा लंका मैदान से प्रस्थान कर लखनऊ तथा लखनऊ से फिर दिल्ली के लिए प्रस्थान करेगें। दिल्ली मे पूरे देश के जनपदो से इकट्ठा किये गये कलश से एक अमृत वाटिका का निर्माण होगा जो इस बात का गर्व महसूस करायेगा कि देश की आजादी के लिए जो वीरता का कार्य हमारे पूरखो ने किया है जिसके बल बूते पर हमारा देश विश्व गुरू के स्थान पर पहुचने के लिए सक्षम स्थान पर पहुच चुका है।

# आरोग्य जीवन के 75 वां फिट राइज रन का आयोजन



**शुभ भास्कर चंदौली/डीडीयू नगर।** स्थानीय नगर में रेलवे सुरक्षा बल की ओर से सरदार बल्लभ भाई पटेल राष्ट्रीय पुलिस अकादमी आरक्षक आरोग्य जीवन के 75 वां फिट राइज रन का आयोजन शुक्रवार किया गया। इसमें मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय से प्लांट डिपो कारखाना और यहां से वापस बाकले खेल मैदान तक दौड़े। यहां सबसे तेज दौड़ने वाले धावकों को वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त जेथिन बी राज ने पुरस्कृत किया। फिट राइज रन के तहत रेलवे सुरक्षा बल के निरीक्षक, उपनिरीक्षक, सहायक उपनिरीक्षक, आरक्षी सहित 80 जवान डीआरएम ऑफिस परिसर में शुक्रवार की सुबह साढ़े छह बजे पहुंचे। यहां एडीआरएम ने दौड़ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। दौड़ में शामिल जवान यूरोपियन कॉलोनी, प्लांट डिपो कॉलोनी होते हुए प्लांट डिपो कारखाना पहुंचे। यहां से वापस उसी रास्ते से होते हुए पांच किमी की दौड़ पूरी करते हुए बाकले खेल मैदान में पहुंचे। यहां वरीय मंडल सुरक्षा आयुक्त जेथिन बी राज, सहायक सुरक्षा आयुक्त हरिनारायण राम ने पहले तीन स्थान प्राप्त करने वाले धावकों को पुरस्कृत किया। इस मौके पर आरपीएफ पीडीडीयू पोस्ट निरीक्षक प्रदीप कुमार रावत, निरीक्षक रंजीत कुमार, बृजेश कुमार, विजय तिवारी, जावेद अहमद, आरके कच्छवाहा, नाथुन मांझी आदि रहे।

### युवती के हत्यारा के आरोपी को पुलिस ने किया अरेस्ट



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रमेश प्रसाद सोनी, गाजीपुर ।** मु0अ0सं0 241/23 धारा 365 /498ए/304बी /201भा0द0वि0 व 3/4 डी0पी0एक्ट व बढोत्तरी धारा 302/34 भादवि से संबन्धित 01 अभियुक्त गिरफ्तार व 02 बाल अपचारी अभिरक्षा मे। दिनांक 23-10-2023 को श्रीमती संजू देवी पत्नी जगदीश राम निवासी ग्राम मुबारकपुर उचौरी थाना शादियाबाद जनपद गाजीपुर की लिखित प्रार्थना पत्र वावत खुद की लड़की अनुप्रिया पत्नी विनोद राम ग्राम किसोहरी थाना नन्दंगज गाजीपुर को देवर अभिषेक पुत्र स्व0 बालचन्द राम निवासी ग्राम किसोहरी थाना नंन्दगंज गाजीपुर दवा दिलाने के नाम लेकर गया और शाम तक उसको कमरे पर नही छोड़ा । जब आवेदिका ने अपनी लड़की के बारे में पता लगायी और अभिषेक से पूछी कि अनुप्रिया कहा हैं तो वह बताया कि हम उसको कमरे पर कटघरा छोड़कर आये है। जबकि मेरी लड़की अपने कमरे पर नही है। प्रार्थिनी को आंशका है कि अभिषेक पुत्र स्व0 बालचन्द राम व उसकी सास कुसुम देवी पत्नी स्व0 बालचन्द राम निवासी ग्राम किसोहरी थाना नंन्दगंज गाजीपुर द्वारा प्रार्थिनी की लड़की अनुप्रिया को कही हटा देने के सम्बन्ध में थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 241/23 धारा 365 भा0द0वि0 बनाम अभिषेक पुत्र स्व0 बालचन्द राम व उसकी सास कुसुम देवी पत्नी स्व0 बालचन्द राम निवासी ग्राम किसोहरी थाना नंन्दगंज गाजीपुर पंजीकृत हुआ कि दिनांक 23-10-2023को अपनी लड़की की तलास करती रही जिसका शव ग्राम कटघरा के सिवान में पाया गया हैं बेटी अनुप्रिया को उसकी सास कुसुम देवी ,देवर अभिषेक देवरानी प्रिया पत्नी अभिषेक व ननद मनीषा पुत्री स्व0 बालचन्द व नन्दोई प्रशान्त ने दहेज में मोटर साइकिल व नकद पांच लाख रूपया न मिलने पर दहेज के लिये प्रताडित करते हुये बेटी अनुप्रिया को दवा के बहाने ले जाकर हत्या कर लाश को छिपा देने के संबन्ध में लिखित दाखिला प्रा0पत्र के आधार पर पूर्व में पंजीकृत मु0अ0सं0 241/23 धारा 365 भा0द0वि0 मे धारा 498ए/304बी /201भा0द0वि0 व 3/4 डी0पी0एक्ट की बृद्धि बनाम 1.अभिषेक पुत्र स्व0 बालचन्द राम देवर 2. कुसुम देवी पत्नी स्व0 बालचन्द राम सास 3. प्रियां पत्नी अभिषेक देवरानी 4.मनीषा पुत्री स्व0 बालचन्द राम ननद निवासीगण ग्राम ग्राम किसोहरी थाना नंन्दगंज गाजीपुर 5. प्रशान्त पुत्र अज्ञात निवासी अज्ञात नन्दोई के बिरूद्ध की जा रही हैं कि श्रीमान् पुलिस अधीक्षक महोदय गाजीपुर व श्रीमान् अपर पुलिस अधीक्षक नगर व श्रीमान् क्षेत्राधिकारी भुड़कुडा के निर्देशन में अपराध एवं अपराधियों के नियन्त्रण एंव वांछित अभियुक्तो की गिरफ्तारी हेतु चलाये जा रहे अभियान के क्रम में दिनांक 26-10-2023 को प्रभारी निरीक्षक सत्येन्द्र कुमार राय मय हमराह अवांछनिय तत्व कटघरा बाजार में मामूर था कि जरिये मुखवीर सूचना मिली की दिनांक 23-10-2023 को ग्राम कटघरा सिवान में हुई घटना से सम्बन्धित वांछित अभियुक्त अपने घर पर बाहर से अभी आया है जो कही बाहर जाने के लिये अपने दरवाजे के बाहर बैठ कर आपस में बात चीत कर रहे हैं । यदि जल्दी किया जाये तो पकड़ा जा सकता है। मुखवीर खास को साथ लेकर ग्राम किसोहरी थाना क्षेत्र नन्दगंज पहुचकर अभियुक्त उपरोक्त के घर के कुछ दूर पहले मुखवीर ने इशारा से बताया कि वही लड़का अभिषेक पुत्र स्व0 बालचन्द राम निवासी ग्राम ग्राम किसोहरी थाना नंन्दगंज जनपद गाजीपुर जो अपने दरवाजे के बाहर बैठ कर बात चीत कर रहै हैं । बताकर हट बढ़ गया हम पुलिस मय हमराही के साथ अक बारगी पहुच कर बैठे हुये व्यक्तियो के पास पहुचकर नाम पता व उम्र पूछा गया तो उसने अपना नाम अभिषेक पुत्र स्व0 बालचन्द राम निवासी ग्राम ग्राम किसोहरी थाना नंन्दगंज जनपद गाजीपुर उम्र करीब 19 वर्ष बताया जो थाना स्थानीय पर पंजीकृत मु0अ0सं0 241/23 धारा 365/498ए/304बी /201 भा0द0वि0 व 3/4 डी0पी0एक्ट में नामजद वाछिंत अभियुक्त अभिषेक उपरोक्त को गिरफ्तार किया गया।

### रसोइया संघ के जिलाध्यक्ष बनाये गये शिवब्रत सिंह यादव



**शुभ भास्कर चंदौली/चहनियां।** स्थानीय विकास खण्ड क्षेत्र के कंपोजिट विद्यालय नादी पर शुक्रवार को रसोइयों संघ की जनपद स्तरीय बैठक का आयोजन किया गया, जिसमें सभी ब्लॉकों से रसोईया उपस्थित हुए और विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किये। चर्चा के दौरान समय से रसोइयों का वेतन, रसोइयों को साल में कपड़े की व्यवस्था, उनके प्रशिक्षण की व्यवस्था आदि मुद्दों पर चर्चा। बैठक में कंपोजिट विद्यालय नादी के रसोईया शिवब्रत सिंह यादव को सर्वसम्मति से रसोइयां संघ जनपद चंदौली का जिलाध्यक्ष मनोनीत किया गया। इस अवसर पर शिवब्रत सिंह यादव ने कहा कि मुझे जिस विश्वास के साथ हमारे भाईयों बहनों ने यह महत्वपूर्ण जिम्मेदारी दी है, उस पर खरा उतरने की पूर्ण कोशिश करूंगा। इस मनोनयन में जिन विद्यालयों के रसोइयां उपस्थित थे उनमें प्राथमिक विद्यालय समुद्रपुर उत्तरी, प्राथमिक विद्यालय टांडा, प्राथमिक विद्यालय नई बाजार, प्राथमिक विद्यालय सैफपुर, प्राथमिक विद्यालय डेरवा इत्यादि विद्यालयों के रसोइयों मुख्य रूप से शामिल थे, सभी ने इस मनोनयन पर अपनी सहमति प्रदान की।

**निरीक्षण** क्लीनिक पर ध्यान देने के निर्देश दिए , जेल में निरूद्ध बंदियों को समय से सहायता प्राप्त हो सके

# सचिव ने जिला जेल का किए औचक निरीक्षण साथ ही रहने खाने पीने ली जानकारी



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रमेश प्रसाद सोनी, गाजीपुर।** माननीय राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ के निर्देशों के अनुपालन में आज दिनांक 27.10.2023 को जिला कारागार, गाजीपुर में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, गाजीपुर के पूर्णकालिक सचिव, श्री दीपेन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा जेल का निरीक्षण किया गया। बंदियों से निःशुल्क अधिवक्ता, जेल लोक अदालत तथा उनकी जेल अपील से संबंधित अन्य समस्याएं पूछी गयी एवं उनके यथोचित अधिकार हेतु आवश्यक दिशा-निर्देश दिया गया तथा बंदियों को उनके संवैधानिक अधिकारों के विषय में विस्तृत जानकारी दी गयी। जेल अधीक्षक द्वारा बताया गया कि वर्तमान में कुल 960 बंदी निरूद्ध है। जिसमें 844 पुरूष, 53 महिला के साथ 09 बच्चा निरूद्ध है व 63 अल्पवयस्क है। सुबह का नाश्ता-दलिया, चाय व दोपहर का भोजन-रोटी, चावल, अरहर की दाल, सब्जी (आलू, पालक, मूली) तथा सायं का भोजन-रोटी, चावल, चना, उरद की दाल सब्जी (आलू, लौकी)। सचिव महोदय द्वारा पुरूष एवं महिला बैरक का भी निरीक्षण किया गया तथा जेल के कई बंदियों से बात कर उनकी समस्याओं को समझने के साथ ही उनके निस्तारण का निर्देश दिया। सचिव महोदय ने कारापाल को जिला कारागार में स्थित जेल लीगल क्लीनिक पर विशेष रूप से ध्यान देने के निर्देश दिए ताकि जेल में निरूद्ध बंदियों को समय से व समुचित विधिक सहायता प्राप्त हो सके। कारागार परिसर में साफ-सफाई, मच्छरो के बचाव के लिए छिड़काव के लिए निर्देशित किया गया। इस अवसर पर कारागार कारापाल उपस्थित रहे।

# बाहुबली मुख्तार अंसारी पर फिर कसा शिकंजा



**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता रमेश प्रसाद सोनी, गाजीपुर।** महानिदेशक उ0प्र0 लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे अभियान “OPERATION CONVICTION” के अन्तर्गत मॉनिटरिंग सेल व अभियोजन द्वारा की गयी लगातार प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप 02 नफर अभियुक्तों को मा0 न्यायालय द्वारा दोषी करार देते हुए दी गयी सजा दिनांक 27.10.2023 को मॉनिटरिंग सेल व अभियोजन के प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप थाना करण्डा पर पंजीकृत मु0अ0सं0 482/10 धारा 3(1) उ0प्र0 गैंगेस्टर अधि0 से सम्बन्धित प्रकरण में 02 नफर अभि0 (1) मुख्तार अंसारी पुत्र सुभान अल्लाह अंसारी (IS-191 गैंग का सरगना) निवासी यूसुफपुर दर्जी टोला थाना मोहम्मदाबाद जनपद गाजीपुर व (2) सोनू यादव पुत्र जवाहिर यादव नि0 परसरही थाना कोतवाली, गाजीपुर के विरुद्ध लगातार किये गये प्रभावी पैरवी के फलस्वरूप अभि0 मुख्तार अंसारी उपरोक्त को 10 वर्ष का कठोर कारावास व 05 लाख का जुर्माना, जुर्माना न अदा करनें पर 02 वर्ष का अतिरिक्त कारावास , व अभि0 सोनू यादव उपरोक्त को 05 वर्ष का कठोर कारावास व 02 लाख जुर्माना , जुर्माना न अदा करनें पर 01 वर्ष का अतिरिक्त कारावास के दण्ड से दण्डित किया गया।

# जनपद के कौशल विकास प्रशिक्षण केंद्रों की हुई जांच



**ब्यूरो आवेश अंसारी, गोण्डा।** गोण्डा जिलाधिकारी नेहा शर्मा के आदेश पर जनपद में शुरू हुई जांच ने कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्रों में प्रशिक्षण कार्यक्रमों की गुणवत्ता पर सवाल खड़े कर दिए हैं। केन्द्रों पर प्रशिक्षण के लिए मानकों के अनुरूप पर्याप्त संसाधन ही उपलब्ध नहीं हैं। लैब और कार्यशाला तो उपलब्ध नहीं हैं। प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति बेहद कम है। सभी प्रशिक्षणार्थियों को समय पर वर्दी व पाठ्य सामग्री तक उपलब्ध नहीं कराई जा रही है। हालात यह हैं कि 50 प्रतिशत से ज्यादा केन्द्रों पर प्लेसमेंट शून्य या बेहद कम पाया गया है। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने सभी केन्द्रों की जांच रिपोर्ट मिशन निदेशक उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन को भेजकर प्रशिक्षण प्रदाताओं के विरुद्ध अग्रिम कार्यवाही करने की संस्तुति कर दी है। दबता दें, बीते 10 अक्टूबर को जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने वजीरगंज के हथिनाग स्थित कौशल विकास मिशन के प्रशिक्षण केन्द्र का औचक निरीक्षण किया था। निरीक्षण के दौरान भारी गड़बड़ियां सामने आई। जिसके बाद, जिलाधिकारी के आदेश पर खण्ड विकास अधिकारी एवं खण्ड शिक्षा अधिकारी की संयुक्त टीम द्वारा जनपद में संचालित सभी प्रशिक्षण केन्द्रों की जांच कराई गई। जांच में केन्द्रों पर भारी गड़बड़ियां पाई गई हैं। जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने बताया कि केन्द्रों पर पाई गई अनियमितताओं के संबंध में मिशन निदेशक उत्तर प्रदेश कौशल विकास मिशन को कार्यवाही के लिए पत्र भेज दिया गया है।

**यह कमियां आई सामनेः** फ्रंट लाइन ग्लोबल सर्विसेज : खण्ड विकास अधिकारी पण्डरी कृपाल व खण्ड शिक्षा अधिकारी पण्डरी कृपाल की संयुक्त टीम ने सदर स्थित इस केन्द्र की जांच की। जांच आख्या से स्पष्ट होता है कि निरीक्षण के दौरान केन्द्र पर प्रशिक्षणार्थियों की उपस्थिति नहीं मिली। बिना डीपीएमयू कार्यालय के अनुमति के प्रशिक्षण प्रदाता द्वारा दिनांक 10.10.2023 को ई-मेल करते हुए स्वयं के निर्णय से केन्द्र को बन्द कर दिया गया है। कम्प्यूटर लैब में मानक के सापेक्ष 03 कम्प्यूटर व हेल्थकेयर के लैब में सामग्री की अनुपलब्धता भी पायी गयी। केन्द्र बन्द हो जाने के कारण प्रशिक्षण की गुणवत्ता का परीक्षण नहीं किया जा सका। प्लेसमेन्ट की प्रगति शून्य रहा है। टेक्नो हॉरिजोन : पंडरी कृपाल ब्लॉक में बीएफपी इंटर कॉलेज के परिसर में इसका संचालन किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान केन्द्र पर जांच के दौरान केन्द्र पर एक भी प्रशिक्षणार्थी उपस्थित नहीं था। इस सम्बन्ध में संस्था के संचालक द्वारा बताया गया कि जिला समन्वयक को इस विषय में अवगत कराया जा चुका है। वर्दी व पाठ्य सामग्री वितरित की गयी, फोटो संलग्न है परन्तु प्रशिक्षणार्थियों की अनुपस्थिति के कारण भौतिक सत्यापन नहीं किया जा सका। केन्द्र पर स्थापित कम्प्यूटर लैब व कार्यशाला के लैब में उपकरण कम पाये गये। प्लेसमेन्ट की प्रगति शून्य है। कम्प्यूटर हाउस : बलरामपुर रोड पर संचालित इस प्रशिक्षण केन्द्र के निरीक्षण के दौरान पंजीकृत 108 प्रशिक्षणार्थियों के सापेक्ष 68 प्रशिक्षणार्थी मिले। केन्द्र पर प्रशिक्षणार्थियों वर्दी व पाठ्य सामग्री का वितरण नहीं किया गया है। लैब में मानक के सापेक्ष उपकरण कम पाये गए। प्लेसमेन्ट की प्रगति शून्य है। टेक्नो हॉरिजोन : बभनजोत ब्लॉक के इस प्रशिक्षण केन्द्र पर पंजीकृत प्रशिक्षणार्थियों को वर्दी व पाठ्य सामग्री का वितरण नहीं किया गया है। प्रशिक्षण केन्द्र पर स्थापित जी0डी0ए0 लैब में उपकरण मानक के अनुरूप कम पाये गये। उपस्थित प्रशिक्षणार्थियों से वार्ता करने पर गुणवत्ता संतोषजनक प्रतीत नहीं हुई। मैक्स प्रो डिजिटल इंडिया प्राइवेट लिमिटेड : जांच में सामने आया कि प्रशिक्षण प्रदाता मैक्स प्रो डिजिटल इण्डिया प्रा0लि0 ग्राम सिसहनी बभनान गोण्डा कौशल विकास प्रशिक्षण केन्द्र के पास संस्था संचालन के लिए आधारभूत संसाधन नहीं हैं। संस्था के व्यवस्थापक/प्रबंधक द्वारा कार्य करने में असक्षमता व्यक्त की गयी है। श्री देव बिल्डर्स एंड कंस्ट्रक्शन प्राइवेट लिमिटेड : परसपुर में संचालित प्रशिक्षण केन्द्र पर पंजीकृत प्रशिक्षणार्थियों को वर्दी व पाठ्य सामग्री वितरित नहीं किया गया है। कम्प्यूटर लैब में 15 कम्प्यूटर के सापेक्ष 01 कम्प्यूटर पाया गया। कम्प्यूटर हाउस : निरीक्षण के दौरान पंजीकृत 27 प्रशिक्षणार्थियों के सापेक्ष 16 प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए पाये गये। प्रशिक्षण की गुणवत्ता असंतोषजनक पाई गई। ट्राइब्स कम्यूनिकेशन प्राइवेट लिमिटेड : सदर तहसील के रुपईडीह ब्लॉक में संचालित केन्द्र पर पंजीकृत 108 प्रशिक्षणार्थियों के सापेक्ष 73 प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए पाये गये। प्रशिक्षणार्थियों वर्दी व पाठ्य सामग्री का वितरण नहीं किया गया है। लॉरस एज्युटेक प्राइवेट लिमिटेड : निरीक्षण के दौरान केन्द्र पर पंजीकृत 108 प्रशिक्षणार्थियों के सापेक्ष 52 प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए पाये गये। प्रशिक्षणार्थियों वर्दी व पाठ्य सामग्री का वितरण नहीं किया गया है। पीपुल्स जनरल एसोसिएशन : वजीरगंज ब्लॉक में संचालित इस केन्द्र पर निरीक्षण के दौरान छात्रावास बन्द पाया गया एवं एवं 10 प्रशिक्षणार्थी केन्द्र पर उपस्थित थे व कोई टी0ओ0टी0 प्रशिक्षक उपस्थित नहीं था। केन्द्र पर 15 कम्प्यूटर के सापेक्ष 10 सक्रीय व 03 निष्क्रीय पाये गये। उपस्थित 10 प्रशिक्षणार्थियों से वार्ता करने पर गुणवत्ता अच्छी प्रतीत नहीं हुई।महिला पुरूष डाक्टर का मौके पर अनुबंध पत्र नहीं है। आर0ओ0 नहीं है इण्डिया मार्का हेण्ड पम्प लगा हुआ है। टेक्नो हॉरिजोन : संस्था द्वारा झंझरी ब्लॉक में बाबू राम इंटर कॉलेज में केन्द्र का संचालन किया जा रहा है। निरीक्षण के दौरान पंजीकृत 120 प्रशिक्षणार्थियों के सापेक्ष 49 प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए पाये गये। ब्लूमिंग लाइफ मल्टी सर्विसेज प्राइवेट लिमिटेडः निरीक्षण के दौरान केन्द्र पर पंजीकृत 140 प्रशिक्षणार्थियों के सापेक्ष 53 प्रशिक्षण प्राप्त करते हुए पाये गये।

## ख़ास ख़बर

### सीसीटीएनएस डिस्ट्रिक्ट मिशन टीम की मासिक गोष्ठी का किया आयोजन, सम्बन्धित को दिए आवश्यक दिशा निर्देश



**ब्यूरो आवेश अंसारी, गोण्डा।** गोण्डा पुलिस अधीक्षक अंकित मित्तल के निर्देशन में अपर पुलिस अधीक्षक गोण्डा शिवराज ने उच्चाधिकारियों द्वारा प्राप्त निर्देशों के क्रम में सीसीटीएनएस डिस्ट्रिक्ट मिशन टीम की मासिक गोष्ठी का आयोजन किया गया। जिसमे सीसीटीएनएस रैंकिंग को प्रभावित करने वाले महत्वपूर्ण बिंदुओं, अपराधियों के फोटोग्राफ्स सीसीटीएनएस पोर्टल पर अपलोड करने, गुमशुदा व्यक्तियों के विवरण एवं फोटो को अपलोड करने, प्रतिदिन डाटा सिंक करने, आईसीजेएस व cri-mac पर प्रतिदिन, सीसीटीएनएस रैंकिंग पैरामीटर के अनुसार कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया जिससे सीसीटीएनएस की जनपदीय रैंकिंग में जनपद की स्थिति उच्च बनी रहे इसके साथ ही सीसीटीएनएस पोर्टल पर अपराध अन्वेषण में उपयोगी दस्तावेजों को अपलोड करने हेतु निर्देशित किया गया तथा नागरिकों द्वारा दिये गये आनलाइन नागरिक सेवाओं यथा चरित्र सत्यापन, किरायेदार सत्यापन, घरेलू सहायता सत्यापन, शिकायत, एवं पोस्टमार्टम रिपोर्ट का समय पूर्व निस्तारण हेतु निर्देशित किया गया, दुर्घटना होने पर विवेचक द्वारा तत्काल iRAD के माध्यम से फीडिंग हेतु भी निर्देशित किया गया। इस अवसर पर सी0सी0टी0एन0एस0 प्रभारी राजदीप यादव व सभी थानों से आये कम्प्यूटर ऑपरेटर/सी0सी0टी0एन0एस0 कर्मचारीगण उपस्थित रहे।

### महिला कार्यकताओं का सम्मेलन आज उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य करेंगे सम्बोधित



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** भाजपा द्वारा देवकाली स्थित गोकुल रिसोर्ट में 28 अक्टूबर को महानगर की महिला कार्यकर्ताओं का सम्मेलन आयोजित किया जाएगा। सम्मेलन को उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य सम्बोधित करेंगे। नारी शक्ति वंदन अधिनियम के पास होने के बाद से भाजपा लगातार महिलाओं से संवाद स्थापित कर अधिनियम के बारे में जागरूक कर रही है। महानगर अध्यक्ष कमलेश श्रीवास्तव ने बताया कि महिला सम्मेलन दोपहर में 2 बजे से प्रारम्भ होगा। जिसमें महानगर से लगभग 2 हजार महिलाओं की संख्या रहेगी। व्यवस्था को लेकर महिला मोर्चा की पदाधिकारी व कार्यकताओं को जिम्मेदारियां सौंप दी गई है। कार्यकर्ता महिलाओं से सम्पर्क व संवाद कर उन्हें सम्मेलन में आमंत्रित करें। जिससे उपमुख्यमंत्री द्वारा नारी शक्ति वंदन अधिनियम के बारे में उनसे संवाद किया जा सके।

### भरत, ध्रुव और प्रहलाद के चरित्र की कथा प्रसंग सुनकर श्रोता हुए भाव विभोर

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ बीकापुर अयोध्या।** ब्लॉक क्षेत्र के जलालपुर माफी लाला का पुरवा में आयोजित की जा रही सप्त दिवसीय संगीतमय श्रीमद् भागवत कथा के तीसरे दिन बृहस्पतिवार की रात बड़ी छावनी अयोध्या से पधारे कथा व्यास आचार्य संजय कृष्ण शास्त्री जी महाराज द्वारा श्रीमद् भागवत कथा के दौरान भरत जी का चरित्र, प्रहलाद चरित्र, ध्रुव चरित्र, नरसिंह अवतार, अजामिल की कथा महात्म्य का व्याख्यान किया गया। ज्ञान के साथ वैराग्य के बारे में भी कथा व्यास द्वारा कथा के दौरान वर्णन किया गया। कथा व्यास द्वारा परीक्षित जी की कथा के बारे में बताया कि राजा परीक्षित का संवाद कलयुग से हुआ और कलयुग को राजा परीक्षित ने चार स्थान दिए अपने राज्य में रहने के लिए पहला स्थान जहां जुआ खेला जाए, दूसरा स्थान जहां पर मदिरा का पान करते हुए लोग, तीसरा स्थान जहां पर वैश्याएं नृत्य करती हो एवं चौथा स्थान जहां पर जीव हिंसा होती हो एवं पांचवा स्थान स्वर्ण अर्थात सोने में दिया। श्रीमद्भागवत में ऐसा वर्णन है की स्वर्ण में कलयुग का वास भी है। एवं भगवान का वाशी है तो सोने में कलयुग का वास है। और कि सोने में भगवान का वास है। जो स्वर्ण संपत्ति ईमानदारी पूर्वक अर्जित किया गया हो उसमें भगवान का वास होता है। एवं जो स्वर्ण संपत्ति बेईमानी पूर्वक अर्जित किया गया हो उसमें कलयुग का वास होता है। पूज्य महाराज जी ने कथा श्रवण करते समय बताया की असली संत को पहचानने में भूल हो जाए तो परिणाम बहुत गलत होता है। राजा परीक्षित ने असली संत को नकली मान लिया और परिणाम बहुत गलत हुआ।

### डीएम ने निर्माणाधीन इंजीनियरिंग कॉलेज का औचक निरीक्षण



**ब्यूरो आवेश अंसारी, गोण्डा।** गोण्डा जिलाधिकारी नेहा शर्मा ने निर्माणाधीन इंजीनियरिंग कॉलेज का औचक निरीक्षण कर कार्य प्रगति का लिये जायजा। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने निर्माणाधीन इंजीनियरिंग कॉलेज में पहुंचकर प्राचार्य आवास, प्रशासनिक भवन, महिला छात्रावास, पुरुष छात्रावास एवं अन्य सभी तैयार हो रहे सभी बिल्डिंग भवनों में जाकर कार्य प्रगति एवं गुणवत्ता की जानकारी ली। साथ ही संबंधित कार्यदाई संस्था एवं अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा है कि निर्माणाधीन इंजीनियरिंग कॉलेज के निर्माण में और तेजी लाएं ताकि सत्र प्रारंभ से पहले पूरी गुणवत्ता के साथ तैयार हो सके। निरीक्षण के दौरान कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए जिलाधिकारी ने कार्यदाई संस्था एवं संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निर्माणाधीन इंजीनियरिंग कॉलेज में बचे हुए कार्यों को पूरी गुणवत्ता के साथ जल्द से जल्द तैयार करना सुनिश्चित करें।

## राम की पड़ी पर पूजा दर्शन करती कुलपति प्रोफेसर प्रतिभा गोयल



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । योगी सरकार द्वारा अबकी बार सातवें दीपोत्सव को भव्य बनाने को लेकर तैयारियां शुरू हो गई हैं। डॉ राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय की कुलपति प्रो प्रतिभा गोयल ने दीपोत्सव-2023 को एतिहासिक बनाने के लिए शुक्रवार को प्रातः 7 बजे राम की पैड़ी पर मुख्य यजमान के रूप में वैदिक मंत्रोचार के साथ पूजन अर्चन किया। इस पूजन में सरयू मन्दिर के पुजारी नेत्रजा मिश्र ने विधि विधान से दीपोत्सव की सफलता के लिए पूजन कराया। इससे पहले कुलपति प्रो गोयल ने मॉ सरयू जलाभिषेक के साथ सफल आयोजन हेतु कामना की। कुलपति प्रो गोयल ने बताया कि प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के कुशल मार्गदर्शन में उत्तर प्रदेश शासन व अवध विश्वविद्यालय के सहयोग से दीपोत्सव को एतिहासिक बनाया जाएगा। इसमें 24 लाख से अधिक दीए सजाने के साथ 21 लाख दीए प्रज्ज्वलित किए जायेंगे। इसके लिए आवासीय परिसर, संबद्ध महाविद्यालयों एवं स्वयंसेवी संस्थाओं के 25 हजार से अधिक वॉलंटियर्स लगाए जा रहे हैं। विश्वविद्यालय द्वारा घाटों पर दीए बिछाए जाने की मार्किंग का कार्य सम्पन्न हो चुका है। सभी के सहयोग से सातवें दीपोत्सव में छठवीं बार गिनीज बुक ऑफ वर्ल्ड रिकॉर्ड में नाम दर्ज कराया जाएगा। कुलपति ने बताया कि अयोध्या का प्रांतीय दीपोत्सव पूरी दुनिया में सांस्कृतिक छटा बिखेर रहा है। इस प्रान्तीयकृत दीपोत्सव मेले को लेकर भारतीय जनमानस सहित विश्वभर के लोग बड़ी उत्सुकता से प्रतीक्षारत हैं। विश्वविद्यालय प्रशासन दीपोत्सव को लेकर तैयारियों को अंतिम रूप दे रहा है। दीपोत्सव के वालंटियर्स व पदाधिकारी 11 नवम्बर को पिछले रिकॉर्ड को तोड़ते हुए विश्व पटल परा स्थापित करेंगे।इस दौरान अयोध्या महापौर गिरीशपति त्रिपाठी, विवि के कुलसचिव डॉ अंजनी कुमार मिश्र, परीक्षा नियंत्रक उमानाथ, दीपोत्सव नोडल अधिकारी प्रो संत शरण मिश्र, डॉ सुरेन्द्र मिश्र सहित बड़ी संख्या में शिक्षक, कर्मचारी शामिल रहे।

## सभी मतदाताओं के सहयोग से लोकतंत्र बनेगा मजबूत - डीएम



**ब्यूरो आवेश अंसारी, गोण्डा।** निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण अभियान के तहत मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम का शुभारंभ जिलाधिकारी नेहा शर्मा (DM Neha Sharma) ने एलबीएस डिग्री कालेज से किया। उन्होंने अभियान का शुभारंभ मां सरस्वती की प्रतिमा पर माल्यार्पण व दीप जलाकर किया। जिलाधिकारी ने कहा कि सभी व्यस्क छात्र एवं छात्राएं अपना नाम निर्वाचक नामावली में अवश्य जुड़वाएं एवं शत प्रतिशत मतदान करें। आप सभी के एक-एक वोट की कीमत लोकतंत्र में अमूल्य है। सभी मतदाताओं के सहयोग से ही लोकतंत्र मजबूत होगा। जिलाधिकारी ने कहा कि हम सभी को दो चरणों में इस अभियान को सफल बनाना होगा। पहले चरण में मतदाता बनना होगा और दूसरे चरण में मतदान करना होगा। इस मौके पर अपर जिलाधिकारी सुरेश कुमार सोनी व एलबीएस के प्रधानाचार्य, सदर एसडीएम, निर्वाचन कार्यालय के अधिकारी एवं कर्मचारीगण व सभी शिक्षक व छात्र छात्राएं मौजूद रही।

**जिलाधिकारी ने छात्रों को दी प्रपत्रों की जानकारीः** मतदाता पंजीकरण कार्यक्रम के शुभारंभ के अवसर पर डीएम ने सभी छात्र छात्राओं से कहा कि इस पूरे कार्यक्रम में ऐसे मतदाता जिनकी आयु 1 जनवरी 2024 को 18 साल पूरी हो चुकी है अथवा 18 साल से अधिक हो गई है, वह अपना नाम मतदाता सूची में सम्मिलित कराने के लिए प्रपत्र 6 में आवेदन कर सकते हैं। मृत, स्थानांतरित एवं दोहरी प्रविष्टि वाले मतदाता का नाम मतदाता सूची में सम्मिलित है तो उनके लिए प्रपत्र 7 में आवेदन कर उस मतदाता का नाम विलोपित करवा सकते हैं। इसके साथ नाम पते में त्रुटि सुधार के लिए प्रपत्र 8 में आवेदन कर सकते हैं। प्रपत्र 8 क से मतदाता अपने नाम को एक भाग से दूसरे भाग में स्थानांतरित करने के लिए आवेदन कर सकते हैं। इसके लिए क्षेत्र के मतदान केंद्र पर बूथ लेवल अधिकारी के पास जाकर अथवा ऑनलाइन अपने मोबाइल नंबर से रजिस्ट्रेशन कराते हुए आवेदन किया जा सकता है।

## जुलूस गौसिया का स्वागत करते सपा नेता



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** जुलूसे गौसिया का रीडगंज चौराहे पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडेय पवन, जिला अध्यक्ष पारस नाथ यादव, महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव,महासचिव हामिद जाफर मीसम ने किया स्वागत। जुलूसे गौसिया का स्वागत रीडगंज चौराहे पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन , जिला अध्यक्ष पारस नाथ यादव महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव व महानगर महासचिव हामिद जफर मीसम ने मौलाना शमसुल कमर, मौलाना बगदादी को माला पहनाकर स्वागत किया, महानगर प्रवक्ता राकेश यादव एडवोकेट ने बताया इस मौके पर स्वागत करने वालों में पूर्व मंत्री तेज नारायण पांडे पवन, जिला अध्यक्ष पारस नाथ यादव,महानगर अध्यक्ष श्याम कृष्ण श्रीवास्तव महासचिव हामिद जफर मीसम , पूर्व सभासद जिला सचिव वसी हैदर गुड्डू, महानगर सचिव वीरेन्द्र गौतम, जगन्नाथ यादव, जिला उपाध्यक्ष अरौनी पासवान, जय प्रकाश यादव, पार्षद मुकेश कोरी, छात्र संघ अध्यक्ष आभास कृष्ण यादव कान्हा, जिला सचिव अंसार अहमद बब्बन,अखिलेश चतुर्वेदी इत्यादि लोग मौजूद थे।

## धेनुवावा व सोनबरसा माफी ग्राम पंचायत में आयोजित हुई ग्राम चौपाल

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ बीकापुर अयोध्या।** विकासखंड क्षेत्र के 2 ग्राम पंचायतो सोनबरसा माफी और धेनुवावा ग्राम पंचायत में शुक्रवार को ग्राम जन चौपाल का आयोजन किया गया। शासन की प्राथमिकता में शामिल सोनबरसा माफी ग्राम पंचायत के पंचायत भवन पर आयोजित ग्राम चौपाल प्रधान संध्या सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। चौपाल में मौजूद तकनीकी सहायक अनिल कुमार सिंह और ग्राम पंचायत सचिव अंशू यादव द्वारा चौपाल में मौजूद लोगों से संवाद करके उनकी समस्या का निस्तारण किया गया। इस दौरान जन चौपाल में ग्रामीणों द्वारा राशन कार्ड, आवास, पेंशन, जल निकासी की नाली सहित अन्य समस्याओं से संबंधित 9 शिकायतें आई। अधिकारियों द्वारा निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया। ग्राम चौपाल में प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत ग्रामीणों ने अपना आवेदन भी दिया। ग्राम पंचायत में कराए गए विकास कार्यों का सत्यापन भी किया गया। जरूरतमंदों को मिल रहे जन कल्याणकारी योजनाओं की भी समीक्षा की गई। ग्राम चौपाल में राज्य आजीविका मिशन के तहत स्वयं सहायता समूह के माध्यम से महिलाओं को स्वरोजगार उपलब्ध कराने, निशुल्क बोरिंग, वृद्धा, विकलांग, विधवा पेंशन, प्रधानमंत्री मुख्यमंत्री आवास, किसान सम्मान निधि, शौचालय निर्माण, पेयजल के लिए हैंडपंप सहित गांव में चल रही अन्य जनकल्याणकारी योजनाओं की की जानकारी दी गई। इस मौके पर प्रधान प्रतिनिधि संदीप सिंह उर्फ सोनू सिंह, रोजगार सेवक प्रीति सिंह, पंचायत सहायक आकांक्षा शुक्ला, आंगनबाड़ी कार्यकत्रियों सहित ग्रामीण मौजूद रहे। जबकि धेनुवावा ग्राम पंचायत के पूर्व माध्यमिक परिषदीय विद्यालय में आयोजित ग्राम चौपाल ग्राम प्रधान अरविंद कुमार सिंह की अध्यक्षता में आयोजित हुई। ग्राम चौपाल में सहायक विकास अधिकारी बद्रीनाथ पांडे द्वारा ग्रामीणों की शिकायत सुनकर उनका समाधान किया गया तथा सरकार की जन कल्याणकारी योजना की जानकारी दी गई। तकनीकी सहायक काशीराम, पंचायत सचिव शुभम शुक्ला, रोजगार सेवक अनीता यादव, पंचायत सहायक संगीता सिंह, आंगनबाड़ी कर्मी परिषदीय स्कूल के अध्यापक सहित ग्रामीण मौजूद रहे। ग्राम चौपाल में उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य का संदेश पढ़कर सुनाया गया। विकास कार्यों और मनरेगा कार्य की समीक्षा की गई। और लोगों की जन समस्याओं को सुना गया तथा निस्तारण करने का आश्वासन दिया गया।

## विवाहित महिला ने सीओ को शिकायती पत्र देकर थानाध्यक्ष की करतूतें बयां की

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ मिल्कीपुर अयोध्या।** प्रदेश सरकार जहां एक ओर महिलाओं के सम्मान एवं सुरक्षा को लेकर बृहद तौर पर पर मिशन महिला सुरक्षा अभियान चला रही है और उक्त अभियान के तहत चौथे फेज में उत्तर प्रदेश पुलिस सहित अन्य विभागों के कर्मियों द्वारा विविध कार्यक्रम भी आयोजित किया जा रहा है, वहीं दूसरी ओर जिले के खंडासा थानाध्यक्ष महिला संबंधी अपराधों में भी कार्यवाही करने के बजाय उदासीन बने हुए हैं। यही नहीं महिलाओं से बदसलूकी एवं अभद्रता करने में भी पीछे नहीं है। ऐसा ही एक मामला खंडासा थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहित महिला के साथ ससुर द्वारा छेड़खानी किए जाने संबंधी प्रकरण में प्रकाश में आया है, जहां बेअंदाज थानाध्यक्ष द्वारा पीड़ित विवाहिता की शिकायतों पर कार्यवाही करने के बजाय उसे थाने से हाथ पकड़ कर खींचते हुए बाहर का रास्ता दिखा दिया गया है। दिए गए अपने शिकायती पत्र में खंडासा थानाध्यक्ष द्वारा कार्रवाई न किए जाने से नाराज पीड़ित महिला ने क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर का दरवाजा खटखटाते हुए न्याय की गुहार की है। पीड़ित महिला ने आपबीती बताते हुए सीओ मिल्कीपुर को शिकायती पत्र दे दिया है। हालांकि अभी प्रकरण में कोई भी सुसंगत कार्यवाही नहीं हो सकी है।प्राप्त जानकारी के मुताबिक थाना क्षेत्र की एक गांव निवासी महिला ने खंडासा थाने में बीते 25 अक्टूबर को शिकायती पत्र देते हुए आरोप लगाया था कि उसके पति रोजी रोजगार के सिलसिले में बाहर शहर प्रदेश में रहा करते हैं। इधर घर पर अकेला पाकर उनके ससुर छेड़छाड़ करते हैं तथा हम बिस्तर होने का दबाव भी बनाते हैं। महिला का आरोप है कि पहले तो उसने लोक लाज के भय से इस बात को किसी से नहीं बताया था। किंतु जब उसके ससुर की आदत नहीं मानी और वह प्रताड़ित करने लगे, तब उसने अपने ससुर की सारी हरकतें अपने पति से बता दिया था और अपने मायके चली गई थी। पति के शहर से वापस लौट के बाद पीड़ित महिला पहले खंडासा थाना क्षेत्र स्थित स्थानीय पुलिस चौकी कंधई कला पहुंची और चौकी प्रभारी से मामले में शिकायत की, किंतु चौकी से भी उसे कोई न्याय नहीं मिला और बीते 25 अक्टूबर वह थाने पहुंची जहां पुलिस ने पहले तो उसके ससुर को थाने तलब किया, किंतु बाद में खंडासा थानाध्यक्ष के तेवर बदल गए और उन्होंने पीड़ित महिला पर ही मामले में सुलह समझौता किए जाने का दबाव बनाना शुरू कर दिया।

## बिजनेस कार्यशाला की बैठक करते मंडल आयुक्त गौरव दयाल



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । मण्डलायुक्त गौरव दयाल की अध्यक्षता में निवेश मित्र सिंगल विन्डो पोर्टल व ईज आफ डुईंग बिजनेस पर एक दिवसीय मण्डल स्तरीय कार्यशाला का आयोजन आयुक्त कार्यालय सभागार में किया गया। मण्डलायुक्त ने कार्यशाला में आये हुए विभिन्न विभागों के अधिकारियों एवं उद्यमी बन्धुओ को सम्बोधित करते हुये कहा कि इस कार्यशाला का उद्देश्य सरकार द्वारा की गयी ईज आफ डुईंग बिजनेस पहल के बारे में जागरूकता पैदा करना है। प्रदेश सरकार की एकल विन्डो प्रणाली का बेहतर ढंग से उपयोगकर्ता इस्तेमाल कर सकें इसकी जागरूकता लाना है, इसके साथ ही इस एकल विन्डो प्रणाली के माध्यम से विभिन्न उद्यमों लगाने हेतु एनओसी/लाईसेंसिंग की प्रक्रिया सुलभ होगी उद्यमी घर बैठे ही ऑनलाइन पोर्टल के माद्यम लाइसेंस व एन0ओ0सी0 निर्गत करवा सकते है। उन्होंने कहा कि शासन द्वारा इस विस्तृत कार्यशाला का आयोजन इसलिए भी किया गया है कि इस पोर्टल से सम्बंधित विभिन्न विभागों के अधिकारियों को बेहतर ढंग से प्रशिक्षित किया जा सकें तथा उद्यमी भाईयों को जो समस्यायें आ रही हो उनका कार्यशाला के दौरान ही निराकरण कराया जा सकें। कार्यशाला का संचालन संयुक्त आयुक्त उद्योग तथा जीएम डीआईसी अयोध्या ने किया। कार्यशाला में अयोध्या के विभिन्न प्रमुख उद्यमियों ने भाग लिया तथा सम्बंधित विभाग के अधिकारीगण मौजूद रहे।

शुभारंभ | ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स स्टोर का शुभारंभ करते अतुल सराफ

## ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स ने प्रभु श्रीराम की पावन नगरी अयोध्या में किया अपने स्टोर का शुभारंभ



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** उत्तर भारत की अग्रणी ज्वैलरी चेन ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स ने प्रभु श्रीराम की पावन नगरी अयोध्या में अपने बहुप्रतीक्षित स्टोर का शुभारंभ किया है। स्टोर का उद्घाटन ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स के चेयरमैन अतुल सराफ की उपस्थिति में सीए सजन कुमार अग्रवाल, अनूप सराफ, डायरेक्टर ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स, सौमित्र सराफ, और महेश कुमार अग्रवाल के कर कमलों द्वारा हुआ। इस अवसर पर गणेश कुमार अग्रवाल, महेश कुमार अग्रवाल, श्रीमती शीला देवी अग्रवाल, राकेश कुमार अग्रवाल, मनीष कुमार अग्रवाल, नील कमल अग्रवाल, मौसम, विधि गर्ग, आकाश, गरिमा गर्ग, श्रीमती सरोज अग्रवाल व शिवम् अग्रवाल की भी उल्लेखनीय उपस्थिति रही। शुभारंभ के अवसर पर ग्राहकों के लिए विशेष छूट भी दी जा रही है। गोल्ड ज्वैलरी के मेकिंग चार्जेज पर 20 प्रतिशत की और आभूषणों में लगे डायमंड की कीमत पर भी 20 प्रतिशत की छूट मिलेगी। इस अवसर पर अनूप सराफ ने कहा "हम अयोध्या में अपने नए स्टोर के शुभारंभ करके बेहद उत्साहित हैं। यह हमारे लिए एक महत्वपूर्ण कदम है क्योंकि हम उत्तर भारत में अपनी उपस्थिति को और मजबूत करना चाहते हैं। हम अपने ग्राहकों को उच्च गुणवत्ता वाली ज्वैलरी और उत्कृष्ट सेवा प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं।" सजन कुमार अग्रवाल ने हर्ष व्यक्त करते हुए कहा यह हम सब के लिए बेहद खास क्षण है। अयोध्यावासियों को अब ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स के उच्च-गुणवत्ता वाले आभूषणों और उत्कृष्ट ग्राहक सेवा प्राप्त होगी। महेश कुमार अग्रवाल ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स स्टोर अयोध्या ने कहा हम अयोध्यावासियों को ऐश्प्रा जेम्स एंड ज्वेल्स की समृद्ध परंपरा के अनुरूप सर्वोत्तम गुणवत्ता वाली ज्वैलरी प्रदान करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। अयोध्या में स्टोर खुल जाने से अयोध्यावासियों को अब खास मौकों पर आभूषणों की खरीदारी करने के लिए बड़े शहरों की यात्रा नही करनी होगी, उन्हे समय और पैसे की बचत के साथ उत्कृष्ट ज्वैलरी यहीं उपलब्ध होगी।

## रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का शुभारंभ करते जिलाधिकारी नीतीश कुमार



**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या** । जिलाधिकारी नितीश कुमार ने भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार अहर्ता तिथि 01 जनवरी 2024 से आधार पर विधानसभा निर्वाचक नामावलियों के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण-2023 अभियान के तहत मतदाता रजिस्ट्रेशन कार्यक्रम का झुनझुनवाला पीजी कॉलेज हांसापुर, अयोध्या में दीप प्रज्ज्वलित कर व मां सरस्वती के छाया चित्र पर माल्यार्पण कर शुभारंभ किया।इस अवसर पर जिलाधिकारी/जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि विशेष निरीक्षण अभियान के तहत समस्त बूथ लेवल ऑफिसर्स यह सुनिश्चित करेंगे कि उनके क्षेत्र के सभी पात्र बताता मतदाता सूची में पंजीकृत हो जाएं इस हेतु जागरुकता अभियान चलाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि एक जनवरी 2024 को 18 वर्ष पूर्ण करने वाले पूर्ण करने वाले प्रत्येक नागरिक का मतदाता सूची में नाम अंकित करना उनके कर्तव्य निर्वहन की प्रथम सीढ़ी है तथा दूसरा सकारात्मक रूप से अपने कर्तव्यों का तार्किक तरीके से मतदान दिवस के दिन मतदान में भाग लेना व मतदान करना है। उन्होंने जनपद वासियों से अपील की है कि जो व्यक्ति 01 जनवरी 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण कर रहे है या पूर्ण कर चुके है तथा अभी तक उनका नाम मतदाता सूची में शामिल नही है, वे अपना आवेदन फार्म-6 पर प्रस्तुत कर मतदाता सूची में नाम दर्ज करा अवश्य शामिल कराएं।

## ख़ास ख़बर

### सीवील सर्जन डॉ एस के मिश्रा ने नाला अस्पताल का किया निरीक्षण



**दैनिक शुभ भास्कर, सुष्मिता कुमारी, नाला /जामताड़ा।** सिविल सर्जन जामताड़ा डॉक्टर एस के मिश्रा ने नाला अस्पताल का निरीक्षण किया। अस्पताल में सभी कर्मियों की उपस्थिति पंजी के अलावे डिलीवरी पेशेंट से भी बात कर उपलब्ध सुख सुविधाओं के बारे में जायजा लिया ।इसके ओपीडी,ओटी, एमटीसी,लैब,कोल्ड चैन,पेशेंट वार्ड आदि का निरीक्षण किया।इस दौरान उन्होंने साफ सफाई आदि का निर्देश दिया साथ ही सभी स्वास्थ्य कर्मियों(एच डब्ल्यू) को ड्रेस कोड में रहने का सख्त निर्देश दिए। इस दौरान उन्होंने लेवर रुम, एमटीसी, ओपीडी आदि का निरीक्षण कर कई आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इस अवसर पर प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉक्टर लियाकत अंसारी, चिकित्सक डॉक्टर रामकृष्ण बाबू, बीपीएम जितेंद्र कुमार पप्पू, प्रधान सहायक जवाहरलाल झा,लेखा प्रबंधक सूरज कुमार वर्मा सहित अन्य चिकित्सा पदाधिकारी एवं स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### शहरी स्वास्थ्य वैलनेस सेंटर में मेडिकल ऑफिसर हेतु इंटरव्यू का हुआ आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/देवघर।** मधुपुर नगर परिषद में संचालित शहरी स्वास्थ्य वैलनेस सेंटर में रिक्त पद मेडिकल ऑफिसर एवं योग प्रशिक्षक की सेवा लेने हेतु 27अक्तुबर को प्रशासक मधुपुर नगर परिषद की अध्यक्षता में चयन समिति के द्वारा इंटरव्यू का आयोजन किया गया । इस इंटरव्यू में मेडिकल ऑफिसर के लिए कुल तीन अभ्यर्थियों ने इंटरव्यू में भाग लिया। योग्यता पूरी नहीं होने के कारण किन्ही का भी चयन समिति के द्वारा चयन नहीं किया गया। एवं पुनः विज्ञापन प्रकाशन का निर्णय लिया गया एवं योग प्रशिक्षक के लिए कुल चार अभ्यर्थियों ने इंटरव्यू में भाग लिया। जिसमें कुल दो अभ्यर्थियों का चयन किया गया। साथ ही एक अन्य अभ्यर्थी को वेटिंग लिस्ट में रखा गया एवं चौथे अभ्यर्थी को चयन समिति के द्वारा चयन सूची में शामिल नहीं किया गया। चयन समिति में प्रशासक मधुपुर नगर परिषद के अलावा सिविल सर्जन सह मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी देवघर डॉ रंजन सिंह एवं अवर मुख्य चिकित्सा पदाधिकारी डॉ सी०के० साही,सुनील मणि त्रिपाठी, अर्बन डीपीएम देवघर नगर मिशन प्रबंधक विजय कुमार सिंह एवं प्रभारी अनुमंडल अस्पताल मधुपुर एवं जिला शहरी स्वास्थ्य प्रबंधक सोनु कुमार, विकास कुमार शामिल थे।

### लखियाबाद गांव में जात्रा मेला का हुआ आयोजन



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, जामताड़ा।** शुक्रवार को नाला विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बिंदापाथर के लखियाबाद गांव में जात्रा मेला का आयोजन हुआ। भाजपा के वरिष्ठ नेता वीरेंद्र मंडल ने मुख्य अतिथि के रूप में लखियाबाद फुटबॉल मैदान में बासुदेव मेमोरियल क्लब के तत्वाधान में आयोजित एकदिवसीय फुटबॉल मैच प्रतियोगिता में सम्मिलित होकर फाइनल मैच के विजेता और उपविजता फुटबॉल टीम को पुरस्कार राशि देकर सम्मानित किया। मौके पर विरेन्द्र मंडल ने कहा कि नाला विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत बिंदापाथर के लखियाबाद में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी बड़े ही धूमधाम के साथ छाता मेला का आयोजन किया गया। श्री मंडल ने कहा कि फुटबॉल मैच प्रतियोगिता में भाग लेने वाले सभी खिलाड़ियों की उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।मौके पर सैकड़ो की संख्या में आदिवासी भाई-बहन उपस्थित थे।

# उपायुक्त ने मतदान केंद्र में बीएलओ के साथ सेल्फी लेकर किया उत्साहवर्द्धन



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** शुक्रवार को जिला निर्वाचन पदाधिकारी सह उपायुक्त शशि भूषण मेहरा ने मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2024 के संशोधित कार्यक्रम के अनुसार आज प्रारूप मतदाता सूची का प्रकाशन एवं बीएलओ के उर्साहवर्द्धन हेतु विभिन्न मतदान केंद्रों का भ्रमण किया गया।बीएलओ के उत्साहवर्धन हेतु जिला निर्वाचन पदाधिकारी, अनुमंडल पदाधिकारी, उप निर्वाचन पदाधिकारी एवं अंचल अधिकारी जामताड़ा के साथ #पराउड ओफ माई बीएलओ कार्यक्रम में सबसे पहले जेबीसी+2 उ० विद्यालय, जामताड़ा पहुंचे। जहां उन्होंने मतदान केंद्र सं० 245 एवं 246 के बीएलओ क्रमशः श्रीमती अमिता सिन्हा एवं श्री विजन मंडल के साथ सेल्फी लेकर उनका उत्साहवर्धन किया एवं किए जा रहे कार्यों की जानकारी ली एवं आवश्यक दिशा निर्देश दिया। इसके उपरांत वे उ०म०वि० सरखेलडीह के मतदान केंद्र सं० 237 गए। जहां उन्होंने बीएलओ श्रीमति उर्मिला देवी के साथ सेल्फी लिया एवं उन्हें प्रोत्साहित किया। उक्त मतदान केंद्रों पर उपलब्ध मतदाता सूची के अनुसार बीएलओ को सभी मतदाताओं का क्रॉस मिलान करने एवं किसी प्रकार की त्रुटि यथा अस्पष्ट फोटो, नाम हटाने एवं जोड़ने, नए मतदाताओं के नाम, प्रविष्टि सुधार, निवास स्थानांतरण आदि से संबंधित त्रुटि की जांच करने एवं शत प्रतिशत मतदाताओं के डाटा में आवश्यक सुधार करने का निर्देश दिया ताकि त्रुटिरहित मतदाता सूची का निर्माण हो सके। उन्होंने कहा कि बीएलओ की भूमिका काफी महत्वपूर्ण है, आप अपने मतदान क्षेत्र के सभी मतदाताओं को अच्छी तरह से जानते एवं पहचानते हैं, ऐसे में मतदाता सूची में सभी का नाम जुड़े एवं कोई त्रुटि न हो, इसके लिए सभी अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करें। वहीं इस दौरान उपायुक्त ने छात्र छात्राओं से मिलकर भावी मतदाता के रूप में उनका उत्साहवर्धन किया, एवं सेल्फी ली। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने इस दौरान भावी मतदाताओं से उनका हाल चाल जाना, पढ़ाई लिखाई के बारे में जानकारी ली। उन्होंने युवाओं से मतदान के महत्व, मताधिकार क्यों आवश्यक है, मतदान के फायदे को बताया। जिला निर्वाचन पदाधिकारी श्री शशि भूषण मेहरा (भा०प्र०से०) ने बताया कि संशोधित कार्यक्रम के तहत दिनांक 27.10.2023 से दिनांक 09.12.2023 तक दावा आपत्ति स्वीकार किए जायेंगे एवं 26.12.2023 तक उक्त दावों का निस्तारण किया जाएगा। इसके लिए सभी बीएलओ को एक एक प्रति प्रारूप मतदाता सूची उपलब्ध करा दिया गया है। वहीं बताया कि इस दौरान 28, 29.10.2023, 04, 05.11.2023 को विशेष कैंपेन चलाया जाएगा। इस दौरान प्राप्त सभी प्रपत्रों 6, 6 (क), 7 एवं 8 का दावा आपत्ति का निस्तारण 26.12.2023 तक किया जाएगा एवं इसके बाद मतदाता सूची का अंतिम प्रकाशन 05.01.2024 को किया जाएगा। जिला निर्वाचन पदाधिकारी ने अपील कर कहा कि जिले के सभी मतदाता प्रारूप मतदाता सूची में अपने नाम को देख लें, साथ ही अगर कोई त्रुटि है, नाम जुड़वाना है, फोटो में सुधार कराना है तो इसको अविलंब अपने बीएलओ से मिलकर सुधार करवा लें एवं सुदृढ़ लोकतंत्र के निर्माण में अपनी भागीदारी को सुनिश्चित करें। मतदान हमारा लोकतांत्रिक अधिकार है, कोई भी मतदाता छूटे ना इस परिकल्पना के साथ निर्वाचन विभाग के द्वारा त्रुटिरहित मतदाता सूची के निर्माण के लिए यह अभियान चलाया जा रहा है।मौके पर जामताड़ा सह अनुमंडल पदाधिकारी अनंत कुमार, उप निर्वाचन पदाधिकारी कीर्ति बाला लकड़ा, एईआरओ सह अंचल अधिकारी जामताड़ा अबिश्वर मुर्मू, प्रधान सहायक निर्वाचन शाखा संतोष कुमार सहित बीएलओ सुपरवाइजर आदि उपस्थित थे।

## सेविकाओं के साथ पर्यवेक्षिका ने की मासिक समीक्षा बैठक




**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर।** मधुपुर प्रखंड परिसर स्थित बाल विकास परियोजना कार्यालय सभागार में पर्यवेक्षिका सालंती हेंब्रम और प्रियंका कुमारी ने सेक्टर 2,5,6और 8 के आंगनबाड़ी सेविकाओं के साथ मासिक समीक्षा एमपीआर बैठक की। इस बैठक में बेहतर आंगनवाड़ी संचालन को लेकर सेविकाओं को कई टिप्स दिए गए। मौके पर पर्यवेक्षिका प्रियंका कुमारी और सालंती हेंब्रम ने सेविकाओं को निर्देश देते हुए कहा की सभी बीएलओ सेविकाएं अपने-अपने बुथ पर 28 और 29 अक्टूबर को स्पेशल कैंप लगाकर छूटे हुए नए मतदाताओं का नाम मतदाता सूची में जोड़ने का कार्य करें और जिस मतदाता का मतदाता सूची में पुउर फोटो है ऐसे फोटो को हटाकर रंगीन फोटो जोड़ने का कार्य करें। मतदाता सूची में त्रुटि को भी सुधार करें ताकि मतदाताओं के किसी तरह की परेशानी ना हो। वही सेविकाओं को बेहतर आंगनवाड़ी संचालन के लिए समय पर आंगनबाड़ी खोलने साफ सफाई रखने और बच्चों की उपस्थिति बढ़ाने का निर्देश दिया। साथ में सभी बच्चों को प्रतिमाह वजन और मापी कर पोषण ट्रैक्टर के द्वारा चढ़ाए और प्रतिदिन गृह भ्रमण करें कुपोषित बच्चों का पहचान कर इन्हें कुपोषित सेंटर में एडमिट करवाए ताकि उनका बेहतर इलाज हो सके। उन्होंने सेविकाओं को सी.भी गतिविधि कार्य करने का निर्देश दिया। मौके पर प्रधान सहायक प्रकाश दास, कंप्यूटर ऑपरेटर टिंकू दास ,आदेश पाल अशोक मांझी समेत सैकड़ो की संख्या में सेविकाएं बैठक में उपस्थित थे।

## मिजिल्स-रूबेला उन्मूलन संबंधी लक्ष्य प्राप्ति को लेकर हो रही विशेष पहल



**अररिया ।** जिले में नियमित टीकाकरण के आच्छादन में गुणात्मक सुधार के उद्देश्य से नुक्कड़ नाटक के माध्यम से लोगों को टीकाकरण के महत्व के प्रति जागरूक किया जा रहा है। स्वास्थ्य विभाग बिहार सरकार व यूनिसेफ की विशेष पहल से नियमित टीकाकरण मामले में कम आच्छादन वाले चिह्नित इलाकों में विशेष नुक्कड़ नाटक कार्यक्रम आयोजित किया जा रहा है। ताकि टीकाकरण के संबंध में सही जानकारी लोगों तक पहुंचा कर उन्हें अपने पांच साल तक के बच्चों को सभी जरूरी टीका लगाने के लिये प्रेरित किया जा सके। इसी कड़ी में यूनिसेफ के स्वास्थ्य विशेषज्ञ सिद्धार्थ शंकर रेड्डी अपने एक दिवसीय कार्यक्रम के तहत अररिया पहुंचे। इस क्रम में उन्होंने अररिया के विभिन्न इलाकों का भ्रमण करते हुए जन जागरूकता को लेकर संचालित अभियान के संबंध में लोगों की प्रतिक्रिया प्राप्त की। इस क्रम में उप विकास आयुक्त संजय कुमार ने शहर के नियमित टीकाकरण साइट पर पहुंच कर संचालित गतिविधियों का मुआयना किया। साथ ही टीकाकरण के आच्छादन में सुधार को लेकर संबंधित कर्मियों को कई जरूरी निर्देश दिये। इस क्रम में यूनिसेफ के एसएमसी आदित्य कुमार सिंह सहित अन्य स्वास्थ्य कर्मी मौजूद थे।

### नया एसडीओ अनंत कुमार का अनुमंडलकर्मियों ने किया स्वागत



**दैनिक शुभ भास्कर, मनीष बरणवाल, जामताड़ा।** झारखंड सरकार के द्वारा बड़े पैमाने पर किए गए फेर बदल के तहत जामताड़ा में 87वें एसडीओ के रूप में अनंत कुमार ने योगदान किया है। उनका शुक्रवार को समस्त कर्मियों के द्वारा पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया गया एवं पुराने एसडीओ संजय पांडे को नए एसडीओ ने मोमेंटो देकर विदाई दिया। वहीं संजय पांडे ने सभी कर्मियों के साथ बिताये हुए पलों का साझा करते हुए कहा कि मैं रहूं या न रहूं। आप सभी को निष्ठा पूर्वक अपने कार्यो को करना है एवं अपने कार्य से पिछे नहीं हटना है। उन्होंने कहा मेरे समय में सबसे कठिन कार्य कोविड काल में रहा। मैं इस कार्य को कभी नहीं भूल पाऊंगा। नए एसडीओ अनंत कुमार ने कहा कि अपने कार्य के बारे में कर्मचारियों को कार्य के प्रति सजग रहने और निष्ठा पूर्वक अपने कर्त्तव्य पालन करने को कहा। कर्मचारी संघ एवं कर्मियों के द्वारा बारी-बारी से संजय पांडे को शॉल, सूटकेश, पेन, डायरी देकर सम्मान पूर्वक विदाई दिया गया।

### आंगन बाड़ी संघ की मांग वाजिब है हमें आशा है कि मुख्यमंत्री इन्हें पूरा करेंगेः मनव्वर आलम






**किशनगंज (अली रेजा सिद्दीकी)।** बिहार प्रदेश आंगन बाड़ी संघ शाखा प्रखंड कोचाधामन जिला किशनगंज ने विगत 9 अक्तूबर से आरंभ अनिश्चितकालीन हड़ताल के क्रम में 26 अक्तूबर को बाल विकास परियोजना कार्यालय कोचाधामन के समक्ष धरना के माध्यम से बाल विकास परियोजना पदाधिकारी के माध्यम से मांग पत्र मुख्यमंत्री बिहार सरकार श्री नितीश कुमार के नाम समर्पित किया है। जिनमें सेविकाओं को 24000 चौबीस हजार रुपए मानदेय एवम सहायिका को 9,000 नौ हजार रुपए मानदय दिया जाये, अन्य राज्य की तरह रिटायर्मेंट लाभ दिया जाये, सेविका हेतु सेवा नियामवली, जारी किया जाये, सेविका से महिला पर्यवेक्षिका के उपरी महिला उम्र सीमा समाप्त कर खाली पद को भरा जाय, आंगन बाड़ी सेविका को पांच लाख रुपए तक का लोन सुविधा उपलब्ध किया जाये, गुजरात राज्य की भांति सेविकाओं को ग्रेच्युटी का शीघ्र ही भुगतान किया जाए, एवम वर्षा से खराब हो चुके मोबाईल को वापस लेकर नये मोबाईल की राशी आंगन बाड़ी विकास समिति के माध्यम से क्रय कराया जाए मांग शामिल हैं ।इस सबंध में समाज सेवी श्री मनव्वर आलम ने कहा कि आंगन बाड़ी संघ की यह सभी मांगे वाजिब है मुख्यमंत्री श्री नितीश कुमार से हम अनुरोध करते हैं कि इन मांगों पर अविलंब गौर करते हुए इसे पूरा करें। श्री मनव्वर आलम ने कहा माननीय मुख्यमंत्री श्री नितीश कुमार बिहार के विकासशील एवम न्याय प्रिय मुख्यमंत्री हैं। हमें आशा है कि जल्द इन मांगों को पूरा करेंगे और आंगन बाड़ी सेविकाओं एवम सहायिकाओं को उनका वाजिब हक अवश्य मिलेगा।

**कॉन्फ्रेंस** कार्यक्रम में गिरिडीह, जामताड़ा, देवघर, दुमका, धनबाद, रांची और बोकारो ज़िला सहित पश्चिम बंगाल और बिहार के सूफ़ी संत उपस्थित थे

# जश्ने गौस-ए-आज़म जीलानी कॉन्फ्रेंस आयोजित



**दैनिक शुभ भास्कर, संवाददाता, मधुपुर/ देवघर।** प्रखंड स्थित पटवाबाद सलैया में सूफ़ी खानकाह एसोसियेशन सज्जादा नशीन विंग राष्ट्रीय अध्यक्ष सूफी मोहम्मद बुरहान हसन शाह नबी हसनी के नेतृत्व में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी सालाना जश्ने गौस उल आज़म कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया गया। सूफ़ी सम्मेलन के रूप में आयोजित कार्यक्रम में गिरिडीह, जामताड़ा, देवघर, दुमका, धनबाद, रांची और बोकारो ज़िला सहित पश्चिम बंगाल और बिहार के सूफ़ी संत उपस्थित थे। सूफ़ी खानकाह एसोसियेशन के राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूफ़ी शराफत हुसैन चिश्ती मुख्य अतिथि थे। कार्यक्रम झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सूफ़ी अलाउद्दीन हसन बुरहानी की अध्यक्षता में आयोजित किया गया। मौके पर मीडिया जनों से वार्ता करते हुए सूफ़ी खानकाह एसोसियेशन राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सूफ़ी शराफत हुसैन चिश्ती ने बताया कि पिछले एक हज़ार सालों से सूफ़ी भारत की एकता और अखंडता भाईचारे के लिए काम करते चले आ रहे हैं। देश की एकता अखंडता भाईचारे के साथ साथ देश की रक्षा के लिए सूफियों का अतुलनीय योगदान रहा है। सूफ़ी खानकाह एसोसियेशन के सूफ़ी सम्मेलन के विषय में पूछे जाने पर उन्होंने कहा कि सूफ़ी खानकाह एसोसियेशन भारत के 25 से अधिक राज्यों में ज़मीनी स्तर पर देश की एकता अखंडता और भाईचारे के लिए कार्य करने वाला देश का एक मात्र सबसे बड़ा सूफ़ी संगठन है। उन्होंने कहा कि सूफ़ी खानकाह एसोसियेशन उन सभी विषयों पर कार्य करता है जिससे देश की एकता अखंडता और भाईचारे को सम्बल प्राप्त हो। झारखंड प्रदेश अध्यक्ष सूफ़ी अलाउद्दीन हसन बुरहानी ने कहा कि पिछले कई सालों से झारखंड सूफ़ी खानकाह एसोसिएशन के नेतृत्व में सूफ़ी समाज के लोगों के द्वारा राज्य में सूफ़ी वादी परंपराओं के माध्यम से राष्ट्रवादी विचारधारा का प्रचार प्रसार किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि सूफ़ी खानकाह एसोसिएशन राष्ट्रीय अध्यक्ष सूफी मोहम्मद कौसर हसन मजीदी के नेतृत्व में भारत विरोधी गतिविधियों में लिप्त शक्तियों के खिलाफ आंदोलन में झारखंड इकाई पूरी तरह से सक्रिय होकर अपना योगदान दे रही है। मौके पर काफी संख्या में सूफी संत उपस्थित थे।

# ख़ास ख़बर

## ज्वलनशील पदार्थ डालकर आत्मदाह करने की कोशिश की


**बलरामपुर संवाददाता थाना उतरौला।** इंटरनेट फेसबुक पर लाइव आकर निर्माणाधीन गैंड़ास बुजुर्ग थाने के सामने युवक ने ज्वलनशील पदार्थ डालकर आत्मदाह करने की कोशिश की जिससे गंभीर रूप ले झुलस गया था। घायल युवक को पुलिस द्वारा सीएचसी उतरौला लाया गया जहां प्राथमिक उपचार के बाद जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया। गैंड़ास बुजुर्ग के पुरवे धोबहा निवासी 35 वर्षीय रामबुझारत पुत्र किन्नू का थाने के बगल जमीनी विवाद था। मनमाफिक निर्णय ना होने से वह नाराज था। मामला पुलिस अधीक्षक केशव कुमार के जानकारी मे पहुंचा। गैंडास बुजुर्ग पवन कुमार कनौजिया को पीड़ित के परिजनो ने आरोप लगाते हुए कहा था कि शिकायत के बावजूद पुलिस ने कार्यवाही नही किया। पुलिस अधीक्षक के जांच के बाद थानाध्यक्ष गैंड़ास बुजुर्ग पवन कुमार कनवजिया को निलंबित कर दिया गया।

## भाजपा नेता समेत दो को मिली अंतरिम जमानत



**वाराणसी।** चुनावी रंजीश को लेकर मारपीट कर पैसे लूटने के मामले में भाजपा नेता समेत दो आरोपितों को कोर्ट से राहत मिल गयी। विशेष न्यायाधीश (एससी-एसटी) रश्मि नंदा की अदालत ने लेढुवाई, मिर्जामुराद निवासी व सेवापुरी के भाजपा मंडल अध्यक्ष यतीश तिवारी उर्फ गुड्डू और शाश्वत तिवारी उर्फ हैप्पी उर्फ ऐश्वर्य को 20-20 हजार रुपये की दो जमानते एवं व्यक्तिगत बंधपत्र देनें पर अंतरिम जमानत पर रिहा करने का आदेश दिया। साथ ही नियमित जमानत के लिए 1 नवम्बर की तिथि नियत की है। अदालत में बचाव पक्ष की ओर से अधिवक्ता अनुज यादव, अजय पाल व बृजेश सोनकर ने पक्ष रखा। प्रकरण के अनुसार वादी अमृत लाल ने कोर्ट के आदेश के बाद मिर्जामुराद थाने में प्राथमिकी दर्ज कराई। आरोप था कि 25 अगस्त 2021 को सुबह 7 बजे वादी लालपुर चट्टी स्थित एक कदम के पेड के पास खड़ा था।

## पिकअप पर लदी हुई 13 बोटा जंगली सागौन की लकड़ी सहित तीन अभियुक्त गिरफ्तार



**बलरामपुर जिला संवादाता** । शुक्रवार भोर मे पीआरबी 112 हरैंया पुलिस टीम जिले के सीमा पर रतनवा गांव की तरफ से गस्त कर वापस आ रहे थे कि पुलिस टीम को सुल्ताना रोड से एक पिकअप आती दिखाई दी। पुलिस ने रोकने की कोशिश की लेकिन पिकअप चालक और रफ्तार बढाकर भागने लगा पुलिस टीम ने पीछा कर कुछ दूरी पर पकड़ लिया पूछताछ करने पर वन माफियाओ ने पिकअप मे 13 बोटा जंगली सागौन लदे होने की बात कबूल की। उप निरीक्षक कृष्ण प्रताप सिंह, हेड कांस्टेबल विनोद यादव, कां0 सुरेसचन्द्र तिवारी, सुरेन्द्र सिंह,रविन्द्र वर्मा,आनन्द मिश्रा ने पिकअप तथा तीन अभियुक्त सर्वेश प्रजापति पुत्र शिवलाल प्रजापति निवासी मुहल्ला श्यामविहार थाना मडियाव जनपद लखनऊ रामकुमार यादव उर्फ ढिल्लू पुत्र जगदीश यादव नि0 ग्राम अतरपरी थाना हरैंया,कालिया पुत्र दर्शन निवासी ग्राम घोलिया थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती। इस सबंध मे हरैंया थाना प्रभारी निरीक्षक दुर्विजय ने बताया कि विधिक कार्यवाई कर अभियुक्तो को जेल भेजा गया।

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत अमृत कलश को जिलाधिकारी महोदय ने हर झंडी दिखाकर राजधानी लखनऊ के लिए किया रवाना



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर** । मेरा मेरी माटी मेरा देश अभियान के तहत जनपद के 793 ग्राम पंचायत एवं 96 वार्डो से लिए गए मिट्टी से भरे अमृत कलश को राजधानी लखनऊ के लिए पूरी व्यवस्था के साथ हरी झंडी दिखाकर जिलाधिकारी श्री अरविंद सिंह द्वारा रवाना किया गया। जनपद में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम के तहत आमजनमानस में देशभक्ति एवं राष्ट्रीय एकता का भाव जगाने के लिए विभिन्न गतिविधियां चलाई गई। इस दौरान मुख्य विकास अधिकारी संजीव कुमार मौर्य,पीडी सीपी श्रीवास्तव,डीसी मनरेगा सतीश पांडे व अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।

## फेफना नारी शक्ति बंधन कार्यक्रम का हुआ आयोजन



**बलिया।** विधानसभा फेफना में आयोजित नारीशक्ति वंदन कार्यक्रम में भारी संख्या में महिलाओं की उपस्थिति दर्ज हुई जहा महिला भाजपा पदाधिकारी भी उपस्थित रही कार्यक्रम में पहुंचे भाजपा के जिलाध्यक्ष संजय यादव ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महिलाओं के उत्थान की बात करते हुए कहा की महिलाओं से जुड़ी जितनी समस्याएं थी उसको भाजपा सरकार ने अधिक से अधिक निजात दिलाया है उन्होंने उज्जवला योजना ,सौचालय महिला आरक्षण आदि सबकी बात की उन्होंने संसद और विधान सभा में महिला बिल पास होने के बाद अधिक से अधिक महिलाओं की सक्रियता बढ़ेगी जिससे नारी का सम्मन भी बढ़ेगा और महिलाएं आत्मनिर्भर होगी।

# सीएम योगी तीन नवंबर को नारी शक्ति वंदन कार्यक्रम को होंगे शामिल



**बांसडीह, बलिया** । विधायक केतकी सिंह के विशेष निमंत्रण पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ 3 नवम्बर को बांसडीह में नारी सशक्तिकरण कार्यक्रम के तहत आयोजित महिला सम्मेलन में भाग लेते हुए जनसभा को संबोधित करेंगे। मुख्यमंत्री के आगमन के क्रम में शुक्रवार को प्रशासनिक अमला विधान सभा क्षेत्र के बांसडीह-मैरिटार मुख्यमार्ग पर स्थित पिंडहरा ग्राम सभा के मिरीगिडी मौजे में करीब दस से पंद्रह बीघे की भूमि सभा स्थल के लिये चिन्हित किया है।शुक्रवार को जिला प्रशासन एवं टेक्निकल टीम ने कार्यक्रम स्थल पर चिन्हित मंच स्थान से 60 मीटर की दूरी पर हैलीपैड स्थल का चिन्हांकन किया। वही सभा स्थल पर टेंट इत्यादि के लिए भी जगह बाहर से आई टीम ने नाप लिया।एडीएम, एसडीएम राजेश कुमार, क्षेत्राधिकारी एसएन वैश्य, तहसीलदार निखिल शुक्ला, जेई, राजस्व लेखपाल आदि अधिकारियों ने सभा स्थल का जायजा लेने के साथ ही लगभग दस बीघे के रकबे में लगी धान की फसल को किसानों से सामंजस्य स्थापित कर कटवाया और सभास्थल को विस्तृत रूप दिया। इसी क्रम में सभास्थल से कुछ दूरी पर अलग से वाहन स्टैंड का स्थल भी चिन्हित किया गया। आवागमन को लेकर रास्ते आदि को भी देखा। इस संबंध में विधायक केतकी सिंह ने बताया कि तीन नवम्बर को सीएम योगी आदित्यनाथ मैरीटार गांव में आयोजित महिला सम्मेलन में शामिल होंगे। इसे लेकर प्रशासनिक तैयारियां की जा रहीं हैं।

## परेड का किया गया निरीक्षण



**सम्वाददाता संतोष कुमार दुबे, बलरामपुर।** आज दिनांक-27.10.2023 को पुलिस अधीक्षक बलरामपुर केशव कुमार द्वारा पुलिस लाइन में शुक्रवार की परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। शारीरिक व मानसिक दक्षता के लिए कराई गई दौड़। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए ड्रिल करवाई गयी । परेड में उपस्थित यूपी 112 के वाहनो में दँगा नियंत्रक उपकरण, फर्स्ट एड बॉक्स व अन्य आवश्यक उपकरण चेक किए गए । तथा यूपी-112 के सुरक्षाकर्मियों को ड्यूटी के दौरान रिस्पांस टाइम को और अधिक प्रभावी बनाए जाने हेतु दिशा निर्देश भी दिए। तत्पश्चात पुलिस लाइन का भ्रमण किया गया, इस दौरान पुलिस लाइन परिसर, स्टोर रूम, क्वार्टर गार्ड ,जीडी कार्यालय, कैंटीन, आदर्श आरक्षी बैरक, आवासीय परिसर तथा पुलिस भोजनालय का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता एवं मेस की साफ-सफाई चेक की गई।आरक्षी बैरक तथा पुलिस लाइन आवास के आसपास साफ सफाई एवं स्वच्छता हेतु विशेष ध्यान देने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में रिजर्व पुलिस लाइन बलरामपुर में आवासीय परिसर तथा नवनिर्मित आवासीय भवनों की साफ-सफाई, मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया गया। तथा निर्माणाधीन आवासीय भवनों के अतिशीघ्र गुणवत्तापूर्ण निर्माण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी ललिया/लाइन राधारमण सिंह, प्रतिसार निरीक्षक शिकशन लाल गौतम एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी गण उपस्थित रहे।

## साइबर क्राईम के बारे में पुलिस कर्मियों को जानकारी देते थाना प्रभारी संजय शुक्ला



**गड़वार (बलिया)।** साइबर अपराध के शिकार फरियादियों की थाने स्तर पर ही मदद करने के लिए शनिवार को स्थानीय थाने में पुलिस कर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। साइबर सेल एक्सपर्ट / प्रभारी निरीक्षक ने सभी को जांच की बारीकियों के बारे में जानकारी दी। अब ये लोग जांच के साथ ही लोगों को साइबर अपराध से बचाने के लिए जागरूक भी करेगें। थाना प्रभारी संजय शुक्ला ने प्रशिक्षण के दौरान साइबर अपराध के रोकथाम व इन्वेस्टिगेशन के लिए आनलाइन साइट्रेन पोर्टल पर प्रशिक्षण प्राप्त किए जाने के लिए संचालन एवं क्रियान्वयन के संबन्ध में सभी को जानकारी उपलब्ध कराई । साथ ही क्रिप्टोकरेंसी इन्वेस्टिगेशन की कार्यप्रणाली के विषय में बताया गया एवं साइबर अपराधों के संबंध में बरते जाने वाली सावधानियों के बारे में जानकारी दी गई। टोल फ्री नंबर 1930 व cybercrime.gov.in बेवसाइट के संबन्ध में दिशा निर्देश दिए गए। थाना प्रभारी संजय शुक्ला ने बताया कि जागरूकता के बावजूद साइबर अपराध बढ़ रहे हैं। पुलिस लगातार इस पर अंकुश लगाने में जुटी है। इस कड़ी में अब थानों में साइबर हेल्प डेस्क पर एक्सपर्ट होंगे। इन्हें स्पेशल ट्रेनिंग दी गई है। वैसे साइबर फ्राड के शिकार होने पर साइबर क्राइम की वेबसाइट व 1930 पर काल कर शिकायत दर्ज कराएं। प्रशिक्षण के दौरान अपराध निरीक्षक राम अनुराग शुक्ला, एसआई ब्रजेश सिंह, कालीशंकर तिवारी, कमलेश पाठक, अशोक चौधरी, हेड कां संदीप यादव, अवधेश यादव आशिष यादव, कां.चन्द्रशेखर चौहान, सर्वेश यादव, रितेश पाण्डेय, रमेश सरोज, विशाल गौतम सहित समस्त पुलिस कर्मी मौजूद रहे।

## गलाघोटू से बचाव के लिए बच्चों का होगा टीकाकरण



**सम्वाददाता संतोष कुमार दुबे, बलरामपुर।** बृहस्पतिवार को मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर डॉ मुकेश कुमार रस्तोगी ने बताया कि प्रदेश व जनपद में विगत वर्षों में डिप्थीरिया के आउट ब्रेक बढ़े हैं, इस पर रोक थाम के लिए स्कूल जाने वाले बच्चों का डिप्थीरिया कंटेनिंग वैक्सीन के माध्यम से टीकाकरण किया जाएगा। डिप्थिरिया टीकाकरण अभियान दिनांक 1 नवम्बर से 10 नवम्बर, 2023 के मध्य चलाया जाएगा। कक्षा एक में अध्ययनरत पांच वर्ष के बच्चों को डी.पी. टी. -2 बूस्टर डोज, कक्षा पांच में अध्ययनरत दस वर्ष के बच्चों को टी. डी. -10 , कक्षा दस में अध्ययनरत सोलह वर्ष के बच्चों को टी. डी.- 16 वैक्सीन से आच्छादित किया जाएगा।जनपद स्तर पर जिला प्रतिरक्षण अधिकारी द्वारा बेसिक शिक्षा अधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक के साथ समन्वय स्थापित कर प्रत्येक उपकेंद्र व शहरी ए एन एम क्षेत्रवार स्कूलों को सूचीबद्ध कर स्कूल आधारित टीकाकरण की कार्ययोजना तैयार करायी जाएगी। अभियान से पूर्व शिक्षकगण अभिभावक बैठक , स्कूल डायरी के माध्यम से अभिभावकों को अभियान हेतु संदेश प्रसारित कर टीकाकरण हेतु सहमति प्राप्त करेंगे।टीकाकरण के लिए लिखित असहमति व्यक्त करने वाले अभिभावकों के बच्चों को छोड़कर शेष का टीकाकरण किया जाएगा।असहमत अभिभावकों को भी उनके बच्चे के टीकाकरण के लिए प्रेरित किया जाएगा। मुख्य चिकित्सा अधिकारी ने कहा कि डिप्थीरिया टीकाकरण अभियान हेतु तैयारियां व आवश्यक दिशा निर्देश जारी किए जा रहे हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी बलरामपुर ने जनपदवासियों से अपील किया है कि डिप्थीरिया टीकाकरण अभियान को सफल बनाने एवम बच्चों को डिप्थीरिया जैसी जानलेवा बीमारी से बचाने के लिए सभी का सहयोग आवश्यक है, इसके लिए यह आवश्यक है कि कोई भी पात्र बच्चा डिप्थीरिया टीकाकरण से छूटने न पाए।

## जिन राज्यों में रावण रूपी सरकारें है उनको हटाना है - डा0 संजय निषाद



**बलिया।** बलिया टाउन हॉल बापू भवन में एक कार्यक्रम को आयोजित करने आए उत्तर प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री डा0 संजय कुमार निषाद ने कांग्रेस पर जमकर हमला बोला और कहा कि को आप सीट की बात कर रहे है तो त्रेता युग में भगवान राम को निषाद राज ने गले लगाए थे रावण राज कों खत्म कराने के लिए और रावण पर जीत दर्ज कराने के लिए आए है। सीट तो रहेगा ही क्योंकि 2017 में मिला।और 2024 में भी एनडीए के घटक दल निषाद पार्टी फिर से आयेगी। हम लोग एनडीए के घटक दल है और हमसब लोग मिलकर जीत दर्ज करेंगे। रावण राज का मतलब यह है कि जिस राज्य में एनडीए की सरकार नही है और प्रदेशों में जो रावण राज है वह आ रहे है और लोगो को भरमा रहे है और रावण रूपी जो सरकारें रही है उनको हटाना है।जो धोखा दिया है उनका पर्दाफाश करना है।

## पुलिस अधीक्षक बलरामपुर द्वारा शुक्रवार की परेड का किया गया निरीक्षण, शारीरिक एवं मानसिक दक्षता के लिए पुलिस बल को लगवाई गई दौड़, व टोलीवार कराई गई ड्रिल



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर।** आज दिनांक-27.10.2023 को पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार द्वारा पुलिस लाइन में शुक्रवार की परेड की सलामी लेकर परेड का निरीक्षण किया गया। शारीरिक व मानसिक दक्षता के लिए कराई गई दौड़। परेड में एकरूपता व अनुशासन बनाए रखने के लिए ड्रिल करवाई गयी । महोदय द्वारा परेड में उपस्थित यूपी 112 के वाहनो में दँगा नियंत्रक उपकरण, फर्स्ट एड बॉक्स व अन्य आवश्यक उपकरण चेक किए गए । तथा यूपी-112 के सुरक्षाकर्मियों को ड्यूटी के दौरान रिस्पांस टाइम को और अधिक प्रभावी बनाए जाने हेतु दिशा निर्देश भी दिए। तत्पश्चात महोदय द्वारा पुलिस लाइन का भ्रमण किया गया, इस दौरान पुलिस लाइन परिसर, स्टोर रूम, क्वार्टर गार्ड ,जीडी कार्यालय, कैंटीन, आदर्श आरक्षी बैरक, आवासीय परिसर तथा पुलिस भोजनालय का निरीक्षण कर भोजन की गुणवत्ता एवं मेस की साफ-सफाई चेक की गई।आरक्षी बैरक तथा पुलिस लाइन आवास के आसपास साफ सफाई एवं स्वच्छता हेतु विशेष ध्यान देने हेतु संबंधित को निर्देशित किया गया। इसी क्रम में महोदय द्वारा रिजर्व पुलिस लाइन बलरामपुर में आवासीय परिसर तथा नवनिर्मित आवासीय भवनों की साफ-सफाई, मरम्मत कार्य का निरीक्षण किया गया। तथा निर्माणाधीन आवासीय भवनों के अतिशीघ्र गुणवत्तापूर्ण निर्माण हेतु संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गए। इस अवसर पर क्षेत्राधिकारी ललिया/ लाइन श्री राधारमण सिंह, प्रतिसार निरीक्षक श्री किशन लाल गौतम एवं अन्य अधिकारी कर्मचारी गण मौजूद रहे।

## थाना हरैंया पुलिस टीम द्वारा पिकअप पर लदी हुई 13 बोटा जंगली सागौन की लकड़ी सहित तीन अभियुक्त गिरफ्तार



**सौरभ पांडे ब्यूरो चीफ बलरामपुर।** पुलिस अधीक्षक बलरामपुर श्री केशव कुमार के निर्देशन में अपराध व अपराधियों की रोकाथाम हेतु चलाए जा रहे अभियान के क्रम में अपर पुलिस अधीक्षक उत्तरी श्री योगेश कुमार व क्षेत्राधिकारी ललिया श्री राधारमण सिंह के पर्यवेक्षण में व थानाध्यक्ष थाना हरैया श्री दुर्बिजय के कुशल नेतृत्व मे आज दिनांक 27.10.23 को उ0नि0 श्री कृष्ण प्रताप सिंह मय हमराही हे0कां0 विनोद यादव , कां0 सुरेसचन्द्र तिवारी , कां0 सुरेन्द्र सिंह, कां0 रविन्द्र वर्मा , कां0 आनन्द मिश्रा द्वारा देखभाल क्षेत्र, रात्रि गस्त में थाना क्षेत्र में मामूर थे । संदिग्ध व्यक्ति /वाहन चेकिंग के दौरान एक पिकअप पर लदी हुई 13 बोटा जंगली सागौन की लकडी सहित तीन अभियुक्तों गिरफ्तार कर थाना स्थानीय पर मु0अ0सं0 189/23 धारा 379/411 भादवि व 26 फारेस्ट एक्ट व 27/29/31/51 वन्य जीव संरक्षण अधि0 का अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्तों को माननीय न्यायालय रवाना किया गया ।

टैक्स | बकाया टैक्स जमा कराने को रविवार को भी खुलेगा एआरटीओ ऑफिस

# बकाया टैक्स वाले वाहनों पर कार्रवाई जारी, 13 वाहनों का हुआ चालान




बलियाः जिले में चल रहे वाहनों के बकाया टैक्स जमा कराने को लेकर परिवहन विभाग और सख्त हो गया है। सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी अरूण कुमार राय के नेतृत्व में टैक्स जमा नहीं करने वाले वाहनों को बन्द करने तथा चालान करने की कार्रवाई तेजी से की जा रही है। शुक्रवार को भी एआरटीओ श्री राय ने दुबहड़ क्षेत्र में प्रवर्तन कार्य करते हुए तीन ट्रक, चार मैजिक सहित कुल 13 वाहनों का चालाान किया। उन्होंने वाहन स्वामियों से अनुरोध भी किया है कि अगर किसी का टैक्स बकाया है तो समय से जमा कर दें। इसके लिए कार्यालय रविवार को खुला रहेगा। अन्यथा की स्थिति में प्रवर्तन कार्य के दौरान वाहन चालान करने के साथ जब्त करने की कार्रवाई होगी। बताया कि दिसम्बर महीने के पहले सप्ताह में और ब्यापक पैमाने पर अभियान चलाया जाएगा। इसके लिए पूरी तैयारी कर ली गयी है। इसलिए वाहन स्वामियों को अगर कार्रवाई से बचना है तो तत्काल बकाया टैक्स जमा कर दें।

# आदर्श नगरपालिका में वार्ड बाल कल्याण एंव संरक्षण समिति की समीक्षा बैठक संपन्न



**बलरामपुर/अनुपम मिश्रा, बलरामपुर।** महिलाओं बाल विकास मंत्रालय भारत सरकार के सहयोग से किशोर न्याय बालकों की देख रेख व संरक्षण अधिनियम 2015 के प्रावधानों के अनुसार देखरेख एवं संरक्षण की आवश्यकता वाले तथा विद्व विरुद्ध कार्यों में लिप्त बच्चों के संरक्षण कल्याण एवं पुनर्स्थापना को सुनिश्चित करने हेतु महिला कल्याण विभाग उत्तर प्रदेश द्वारा संचालित मिशन वात्सल्य पूर्व नाम बाल संरक्षण सेवाएं के अंतर्गत गठित वार्ड वार्ड कल्याण एवं संरक्षण समिति की समीक्षा बैठक आदर्श नगर पालिका परिषद के सभागार में संपन्न हुई। बैठक में बच्चों की सुरक्षा संरक्षण शिक्षा स्वास्थ्य देखरेख संबंधी बिंदुओं के समीक्षा की गई।बाल श्रम बाल एवं शोषण पलायन ट्रैफिकिंग अथवा बच्चों के साथ किसी भी प्रकार की क्रूरता जैसा व्यवहार ना हो यह सुनिश्चित किया जाए उक्त प्रकार के प्रकरण संज्ञान में आने पर तत्काल कार्रवाई की जाएगी,वार्ड में नवीन आगंतुक बच्चों व वार्ड से बाहर गए बच्चों एवं पारित अपराध में आरोपित बच्चों के संबंध में सूचना 31 करना तथा सूचना जिला बाल संरक्षण समिति एवं विशेष किशोर पुलिस सिकाई को उपलब्ध कराना,वार्ड में आर्थिक अभाव में बच्चों का लालन-पालन ना करने वाले परिवारों को चिन्हित कर रोजगार परख योजनाओं से अभिभावकों को लाभान्वित कराकर परिवार को बच्चों के उचित लाल पालन है सशक्त बनाना,वार्ड में अनिवार्य शिक्षा के दृष्टिगत सभी बच्चों को विद्यालय में प्रवेश सुनिश्चित करना प्रत्येक बच्चों का टीकाकरण एवं स्वास्थ्य संबंधी मूलभूत आवश्यकताओं की आपूर्ति सुनिश्चित करते हुए निरंतर अनुश्रवण करना,बाल विकास एवं पुष्टाहार विभाग द्वारा संचालित योजना के अंतर्गत गुणवत्ता परक कोसाहार वितरण के कार्यक्रमों की निगरानी करना वार्ड में परित्यक्त नजा एट शिशुओं के,लावारिस मिलने पर तत्काल पुलिस व बाल कल्याण समिति व जिला बाल संरक्षण इकाई वार्ड डायल 112 1098 चाइल्ड लाइन नंबर इत्यादि को सूचित कर बच्चों को सभी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना,उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री बाल सेवा योजना सामान्य के अंतर्गत जोखिम में आने वाले ऐसे बच्चे जिन्होंने कोविद-19 से विभिन्न अन्य कर्म से 1 मार्च 2020 के बाद अपने माता-पिता दोनों अथवा माता या पिता में से किसी एक अथवा अभिभावक को खो दिया है इन बच्चों के भरण पोषण शिक्षा चिकित्सा आज की व्यवस्था हिट आर्थिक योगदान प्रदान किया जाएगा,उत्तर प्रदेश मुख्यमंत्री कन्या सुमंगला योजना के अंतर्गत जनपद में वांछित पात्र बालिकाओं के चिन्हकन के संदर्भ में बाल विवाह के संज्ञानात प्रकरणों पर चर्चा बिंदुओं पर चर्चा की गई। बैठक में पालिका अध्यक्ष का प्रतिनिधित्व करते हुए डीपी सिंह बैस,अधिशाषी अधिकारी राजमणि वर्मा,जिला प्रोबेशन अधिकारी सतीश चंन्द्र,खण्ड शिक्षा अधिकारी राम कुमार,शुभेन्दु मिश्र गौरव,मो कुमैल,राजेश कुमार कश्यप,ललितकान्त वर्मा,सुनील कुमार पासवान,बद्री विशाल आदि ने भाग लिया।

## ख़ास ख़बर

### उदयपुर को रेबीज मुक्त करने के लिए योजना की तैयारी



**सुनील कुमार मिश्रा/ दैनिक शुभ भास्कर /राजस्थान / उदयपुर** । मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ शंकर एच बामनिया ने उदयपुर शहर में आवारा कुत्तो की संख्या की बढ़ोतरी पर चिंता व्यक्त करते हुए बताया कि आमजन में प्रातः और रात्रि काल में गलियों में घूमने पर कुत्तो द्वारा काटे जाने की शिकायते मिलती है, कुत्तो के काटे जाने की संख्या में बढ़ोतरी के साथ ही आमजन में रेबीज जैसी जानलेवा बीमारी होने का भी खतरा रहता है। इस सम्बन्ध में राज्य स्तर से नेशनल रेबीज कंट्रोल कार्यक्रम के उप निदेशक डॉ एम एल सालोतिया और डॉ टिकेश ने चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग,बड़ी,उदयपुर में मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी द्वितीय डॉ कांतिलाल पलात, नगर निगम के अधिकारी, पशु पालन विभाग केअधिकारी,महाराणा भूपाल अस्पताल के अधीक्षक के साथ बैठक कर उदयपुर को रेबीज मुक्त करने की कार्य योजना बनाने हेतु निर्देश दिये ।उप निदेशक एवं मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी द्वारा बड़ी स्थित एनिमल एड का भी निरिक्षण किया गया और वहां पशुओं की देखभाल और उनके टीकाकरण सम्बंधित जानकारी प्राप्त की। सीएमएचओ डॉ शंकर एच बामनिया ने बताया की जल्दी ही नगर निगम उदयपुर में अंतर्विभागीय समन्वय समिति की बैठक रखी जायेगी , जिसमे विभागवार जिम्मेदारी तय करके शहर में रेबीज बीमारी के रोकथाम के समुचित उपायों का क्रियान्वन किया जाएगा जिससे आवारा कुत्तो की संख्या में कमी लायी जा सके और साथ ही इन कुत्तो का भी एंटी रेबीज टीकाकरण किया जायेगा जिससे ना सिर्फ मनुष्य जाति को अपितु कुत्तो को भी रेबीज बीमारी से बचाया जा सके ! डॉ प्रणव भावसार ने बताया कि जिले के समस्त चिकित्सा संस्थानों में एंटी रेबीज के टीके उपलब्ध रहते हैं जिससे कुत्ते के काटे जाने पर आमजन का पूर्ण टीकाकारण समय पर किया जा सके ।

### एसपी ने किया पुलिस बैरक क उद्घाटन



**टंडवा**। चतरा एसपी राकेश रंजन ने शुक्रवार को टंडवा थाना परिसर में एनटीपीसी द्वारा 40 लाख से नवनिर्मित पुलिस बैरक का उद्घाटन फीता काट कर किया। इस अवसर पर आयोजित समारोह को संबोधित करते हुए एसपी ने कहा कि नये पुलिस बैरक में पुलिस कर्मियों के रहने की व्यवस्था है। उन्होंने कहा कि इसके पहले पुलिस कर्मी अलग-अलग रहते थे। उन्होंने कहा कि न सिर्फ पुलिस कर्मियों को रहने सहने की बेहतर व्यवस्था मिलेगी बल्कि किसी प्रकार की जानकारी मिलने पर शीघ्र प्रस्थान करेंगे। उन्होंने कहा कि सरकार पुलिस कर्मियों को हर संभव सुविधा उपलब्ध करा रही है। इस अवसर पर इंस्पेक्टर विजय सिंह, सबइंस्पेक्टर अभीनाव आनंद अशोक, एनटीपीसी के स्वपनेन्दु कुमार पंडा, रविंद्र शर्मा, अनिल कुमार चावला, धीरज कुमार गुप्ता, अभिषेक आनंद सहित अन्य पुलिस अधिकारी मौजूद थे।

### मदरसा इस्लाहुलमुस्लिमीन मौलाना अबुल कलाम आजाद नगर भौआड़ा मधुबनी अर्धवार्षिक परीक्षा संपन्न



**मधुबनी संबाददाता मुहम्मद सालीम आज़ाद**। जानकारी के अनुसार, मधुबनी शहर के मौलाना अबुल कलाम आजाद नगर वार्ड नंबर 33 भौआड़ा में स्थापित प्रसिद्ध मदरसा इस्लाह अल-मुस्लिमीन, अब्दुल गनी जामिया मस्जिद उस्ताद और इमाम हजरत अबू तालिब कासमी साहब की अर्धवार्षिक परीक्षा 2023 आयोजित की गई। जो हमेशा की तरह कल समाप्त हुआ। विद्यार्थियों को प्रेरित करने के लिए सम्मान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। परीक्षा परिणाम में प्रथम एवं द्वितीय तीसरा स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को इजाज से सम्मानित किया गया। संबोधन में उन्होंने बताया कि इसका रहस्य आपका उज्ज्वल भविष्य आपकी कड़ी मेहनत और समर्पण में निहित है, इसलिए अपने समय को महत्व दें और पूरे दिल से पढ़ाई करें। अंत में, अब्दुल गनी जामिया मस्जिद के संरक्षक मास्टर अब्दुल्ला शोएब और सामाजिक व्यक्तित्व के प्रणेता मुहम्मद नौशाद अशरफ की प्रार्थना।

# आम्रपाली कोल प्रबंधन से हक मांग को लेकर धरना शुरू




**टंडवा**। आम्रपाली कोल परियोजना में विस्थापितो की हक अधिकार रोजगार समेत आठ सूत्री मांग को लेकर रैयत विस्थापित मोर्चा के बैनर तले रैयतों का अनिश्चितकालीन धरना शुक्रवार से शुरू हो गया। धरना पर बैठे रैयतों ने कहा ग्रामीणों में एक उम्मीद जगी थी जो अब अभिशप्त बेरोजगारी एवं गरीबी दूर कर उम्मीद जीवंत होने मूलभूत सुविधाएं जैसे रोजगार, शिक्षा, स्वास्थ्य, बिजली और पेयजल आदि की सुविधाएं होगी। परन्तु उल्टा साबित हो रहा है।जेएमएम नेता मनोज चन्द्रा ने कहा की भू-रैयत रोजगार के लिए प्रत्येक दिन दूसरे राज्यों में पलायन के लिए मजबूर है। परियोजना क्षेत्र के बहुत ऐसे लोग मानसिक तनाव से गुजर रहे हैं एवं कुछ लोगों ने तो आत्महत्या करने का सिर्फ प्रयास ही नहीं किया बल्कि सीसीएल के गलत नीतियों के कारण आम्रपाली कोल परियोजना क्षेत्र में कार्यरत कंपनियों ने स्थानीय लोगो को आत्महत्या करने पर मजबूर भी कर रहा है। आम्रपाली-चंद्रगुप्त कोल परियोजना के उत्पादन डिस्पैच से कंपनी को करोड़ों करोड़ रुपया का मुनाफा हो रहा है। लेकिन दुर्भाग्य की बात है कि विस्थापितों के रैयतों हक- अधिकार और बुनियादी सुविधाएं जैसे नौकरी, मुआवजा, रोजगार, शिक्षा, चिकित्सा से आज भी परियोजना क्षेत्र के विस्थापित और प्रभावित जनता कौसो दूर और वंचित है। भू-रैयतो सीसीएल को कीमती जमीन देकर अपने आप को ठगा महसूस कर रहे हैं। स्थिति बहुत हीं बद से बदतर होती जा रही है। कंपनी के विकास के साथ-साथ भू रैयतों का विकास होनी चाहिए जबकि उल्टे विनाश के कगार पर खड़ा कर दिया गया है। रैयतों के नेता लखन साहू ने कहा की महाप्रबंधक द्वारा विस्थापित,प्रभावित ग्रामीण जनता को समस्याओं से संबंधित मांग 15 दिनों का समस्याओं का समाधान करने का अल्टीमेटम दिया था। जब इन समस्याओं पर जीएम द्वारा कोई पहल नहीं करने पर ग्रमीणों द्वारा बाध्य होकर 27 अक्टूबर से अनिश्चितकालीन के लिए धरना पर बैठ गए हैं।अगर इस पर पहल नहीं किया गया तो रैयत विस्थापित मोर्चा के बैनर तले डिस्पैच सहित सभी कार्य लोकतांत्रिक तरीके से ठप्प कराने का बात कही गई। परियोजना क्षेत्र में विस्थापित भू-रैयतों की गैरमजरूआ जमीन को त्वरित गति से सत्यापित कर भू-रैयतों को मुआवजा और नौकरी दिया जाय विस्थापितों के लिए वैकल्पिक रोजगार की व्यवस्था/मेनुअल लोडिंग/हैंड लोडिंग जल्द से जल्द लागू हो एवं कोल डंप बनाया जाय, आउटसोर्सिंग एवं ट्रास्पॉटिंग कंपनियों में स्थानीय नीति के आधार पर विस्थापित युवकों को 75 प्रतिशत रोजगार एवं एक करोड़ तक ठेका कार्य स्थानीय को देने,आउटसोर्सिंग कंपनियों से विस्थापित और प्रभावित मजदूरों को 12 घंटा ड्यूटी समाप्त कर मजदूरी का समय 8 घंटा अनिवार्य रूप से निर्धारित तथा मजदूरों को उचित व सम्मानजनक मजदूरी राशि निर्धारित हो,दुर्घटना रोकथाम हेतु ट्रास्पॉटिंग सड़क अलग से निर्माण एवं प्रदूषण पर रोक थाम, कंपनियों द्वारा 12 घंटे के बदले 8 घंटे ड्यूटी,हाई पॉवर कमिटी (वेजेज बोर्ड) के मुताबिक मजदूरी, CMPF चिकित्सा और अन्य सुविधा मुहैया विस्थापितों को पहचान पत्र निर्गत हो,पुनर्वास नीति 2013 लागू एवं जिला खनिज निधि फंड व सी. एस. आर (CSR) योजना विस्थापितो के हित में खर्च हो एवं विस्थापितों के लिए कर्मचारियों के भांति निशुल्क चिकित्सा व शिक्षा की व्यवस्था की पुनर्वास समिति का गठन हो,चेकपोस्ट न0 01 को महाप्रबंधक द्वारा कबाड़ा गया है उसे पुनः लगाने तथा अन्य मांग शामिल है।अनिश्चितकालीन धरना में बैठे रैयत विस्थापित मोर्चा के सिमरिया विधानसभा झामुमो नेता मनोज चंद्रा,मोर्चा के केंद्रीय सचिव गुरु दयाल साव, किशन पासवान, तारा देवी, गंगा देवी,हैवंती देवी, कबूतरी देवी,गीता देवी,सरिता देवी समेत सैकड़ो महिला पुरुष उपस्थित थे।

## बालिकाओं ने कन्या भ्रूणहत्या के खिलाफ रैली निकाली




**वाराणसी**। मिर्जामुराद आशा ट्रस्ट व लोक समिति के तत्वावधान में मिर्जामुराद क्षेत्र के लेढ़ूवाई गाँव में बालिकाओं ने कन्या भ्रूणहत्या,दहेज व बालविवाह के खिलाफ रैली निकाली। रैली में शामिल लड़कियां बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ,नजरे नही झुकना है। आगे बढ़ते जाना है, भ्रूणहत्या बंद करो,बाल विवाह बंद करो, तिलक दहेज़ बन्द करो,आदि नारे लगा रही थी।रैली के बाद गाँव के पंचायत भवन पर बालिका महोत्सव का आयोजन किया गया. जहां बालिकाओं ने नाटक,भाषण व विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम के माध्यम से भ्रूण हत्या,दहेज,बाल विवाह,गैर बराबरी,लड़कियों के यौन उत्पीड़न आदि सामाजिक कुरीतियों के खिलाफ आवाज उठाई। कार्यक्रम का उद्घाटन ग्राम प्रधान आनंद गुप्ता,पूर्व प्रधान अमर बहादुर,कोटेदार रविन्द्र सिंह ने दीप जलाकर किया।इस दौरान लोक समिति संयोजक नंदलाल मास्टर ने कहा कि जब तक समाज जागरूक नही होगा लड़कियों पर अत्याचार होता रहेगा। दहेज,बाल विवाह व कन्या भ्रूण हत्या समाज में अभिशाप है, इसे जड़ से मिटाना होगा,जिसके लिये महिलाओं को आगे आना होगा। ग्राम प्रधान आनंद गुप्ता ने बताया कि परिवार और समाज में लड़कियो के साथ पैदा होने के साथ ही भेदभाव शुरू हो जाता है,और यह भेद शिक्षा,स्वास्थ्य, काम, पहनावा, रोकटोक इत्यादि के साथ शुरू हो जाता है।हमे यह भेदभाव पहले अपने परिवार से दूर करना होगा,जब हम परिवार से दूर करेंगे तो समाज से भी दूर होगा।कार्यक्रम में स्वागत राजकुमारी व अनीता,अध्यक्षता आशा रानी,संचालन आशा राय व बिमला और धन्यवाद ज्ञापन कार्यक्रम संयोजिका सोनी ने किया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से रामबचन,आशा,राजकुमारी, मैनब,अवनीश,राजकुमारी, पूनम,अंजू,प्रिंसी,रेनू, प्रीति, नीलू,बेबी साधना,अमित,सरोज, रंजना,ज्योति,अंतिम,पूर्णिमा,साधना,सोनी,आरुषि,आशा आदि लोग शामिल रहे।

## वाल्मीकि रामायण से बढ़कर श्रेष्ठ ग्रंथ पृथ्वी पर कोई नहीं





**आगरा**। भारतीय संस्कृति के सत्य स्वरूप का गुणगान करने, जीवन का अर्थ समझाने, व्यवहार की शिक्षा से ओत - प्रोत वाल्मीकि-रामायण एक महान् आदर्श ग्रंथ है। उसमें भारतीय संस्कृति का स्वरूप कूट-कूट कर भरा है। आदिकवि भगवान वाल्मीकि जी ने श्रीराम चंद्र जी के समस्त जीवन-चरित को हाथ में रखे हुए आंवले की तरह प्रत्यक्ष देखा और उनके मुख से वेद ही रामायण के रूप में अवतरित हुए। इस संदर्भ में राष्ट्रवादी चिंतक राजेश खुराना ने सभी देशवासियों को भगवान बाल्मीकि जयंती की हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए अपने वक्तव्य में बताया कि भारत ऋषि-मुनियों और संतों तथा महान पुरुषों का देश है। भारत की भूमि पर अनेक महावीर और पराक्रमीयों ने जन्म लेकर भारत की भूमि को गौरवान्वित किया है। भारत की विद्वता इसी बात से सिद्ध होती है कि भारत को सोने की चिड़िया और विश्व गुरु आदि नाम से भी जाना जाता है। यही कारण है कि भारत की शिक्षा, ज्ञान का अनुकरण देश-विदेश में किया जाता रहा है। आदिकाल से ही भारत - भूमि पर ऐसे ऐसे महाकाव्य अथवा ग्रंथों की रचना हुई है, जिसका कोई सानी नहीं है तथा उसके समानांतर कोई साहित्य भी नहीं है। भगवान वाल्मीकि जी की जयंती भारत में महत्त्वपूर्ण दिनों में से एक है। भगवान महर्षि वाल्मीकि जी भी एक विद्वान पंडित के रूप में प्रतिष्ठित हैं। जिन्हें अकस्मात ज्ञान की देवी सरस्वती की कृपा प्राप्त होती है और संस्कृत के श्लोक उनके जिह्वा से प्रस्फुट होने लगती है। ब्रह्माजी के आग्रह पर भगवान बाल्मीकिजी मर्यादा पुरुषोत्तम श्री राम के जीवन से जुड़ा महाकाव्य लिखने के लिए प्रेरित होते हैं। उन्होंने संस्कृत के श्लोकों से रामायण नामक ग्रंथ की रचना की जो देश ही नहीं अपितु विदेश में भी पढ़ा जाता है। रामायण मर्यादित समाज व आत्म संयम , परिवार व समाज निर्माण आदि की शिक्षा देता है। श्रीरामचरित्र मानस मर्यादा पुरषोत्तम भगवान श्री राम के जीवन का महाकाव्य है। श्री खुराना ने आगे बताया कि भगवान श्री राम अवतारी पुरुष होते हुए भी अपनी मर्यादा का कभी उल्लंघन नहीं करते।

### बरामद शव को सेमरा पुलिस ने पोस्टमार्टम हेतु भेजा अनुमंडलीय अस्पताल बगहा

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा**। पुलिस जिला अंतर्गत सेमरा थाना पुलिस ने शुक्रवार की सुबह थाना क्षेत्र स्थित कटकुईयां गांव के समीप तिरहुत गंडक नहर से एक अज्ञात नबालिक युवती की शव बरामद किया है। सेमरा थानाध्यक्ष धीरज कुमार सिंह ने बताया कि सुचना मिली कि उक्त गांव के समीप नहर में एक शव मिला है। उन्होंने बताया कि सुचना के आलोक में जब घटना स्थल पर पहुंची गई तो मृत आस्था में नबालिक युवती का शव पानी में पडा था। थानाध्यक्ष ने बताया कि स्थानीय लोगों से पुछ ताछ की गई। लेकिन किसी ने भी मृत युवती के शव को शिनाख्त नहीं कर पाया। उन्होंने बताया कि शव को अपनी कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु अनुमंडलीय अस्पताल बगहा भेजा गया। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही घटना की पटाक्षेप हो पायेगा। उन्होंने बताया कि प्रथम दृष्टया नहर में कम पानी है, तो युवती कैसे डूब सकती है। जबकि शरीर में किसी भी प्रकार की जख्म प्रतित नहीं होता है। थानाध्यक्ष ने बताया कि पुलिस घटना की विभिन्न पहलुओं की जांच में जूटी है। तथा घटना की शीघ्र ही पटाक्षेप कर ली जायेगी, घटना में शामिल आरोपी बख्से नहीं जायेंगे।

### छापेमारी में 19 लीटर शराब बरामद, धंधेबाज गिरफ्तार, बाईक जब्त

**दैनिक शुभ भास्कर संवाददाता बगहा** । पुलिस जिला अंतर्गत भैरोगंज थाना पुलिस ने छापेमारी अभियान चला कर 19 लीटर देशी चुलाई शराब के साथ एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया है। तथा धंधेबाज की बाईक जब्त की है। जबकि एक धंधेबाज भागने में सफल रहा। पुलिस इन्स्पेक्टर सह भैरोगंज थानाध्यक्ष लालबाबु प्रसाद यादव ने बताया कि गुप्त सुचना मिली कि भगवान सिंह के बरवा गांव में शराब की घंघा छुपे रुप से किया जा रहा है।उन्होंने बताया कि गुप्त सुचना के आलोक में उक्त गांव में छापेमारी अभियान चलाई गई। जहां छापेमारी के दौरान बाईक से 19 लीटर देशी चुलाई शराब बरामद करते हुए एक धंधेबाज को पुलिस ने दबोच लिया। थानाध्यक्ष ने बताया कि गिरफ्तार धंधेबाज भगवान सिंह के बरवा गांव के सुनील उरांव है। तथा फरार धंधेबाज की पहचान उक्त गांव के सचिन्द्र माझी के रुप में की गई है।उन्होंने बताया कि गिरफ्तार व फरार धंधेबाज के विरुद्ध बिहार उत्पाद अधिनियम के तहत मामला दर्ज करते हुए शुक्रवार को गिरफ्तार धंधेबाज को न्यायिक हिरासत में बगहा भेजा गया। तथा फरार धंधेबाज की गिरफ्तारी को लेकर छापेमारी अभियान जारी है।भैरोगंज पुलिस की इस कार्रवाई से शराब धंधेबाजों में हडकंप मच गया है।

### एकल विद्यालयों का आचार्य मासिक वर्ग सम्पन्न



**नवाबगंज (गोण्डा)शुभ भास्कर रिपोर्ट अनमोल मिश्रा**। कस्बे के संस्कृत महाविद्यालय में एकल विद्यालयों के आचार्यों का एक दिवसीय मासिक वर्ग शुक्रवार को सम्पन्न हुआ। भारत लोक शिक्षा परिषद द्वारा संचालित एकल विद्यालय अभियान के आचार्यो का एक दिवसीय आचार्य मासिक वर्ग शुक्रवार को प्रातः 10 बजे कस्बे के पडाव मोहल्ले में स्थित सनातन धर्म संस्कृत महाविद्यालय में आयोजित किया गया। नवाबगंज संच में संचालित 30 विद्यालयों में 26 केंदो के आचार्य उपस्थित रहे। संच प्रमुख शिवानी सिंह ने अचार्यो के मासिक कार्यों की समीक्षा की।उन्होंने लखनऊ में 29/30 अक्टूबर को आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय खेल कूद प्रतियोगिता में संच से चयनित 3 छात्रों के सम्मिलित होने की भी जानकारी दी।उन्होंने बताया की संच व जिला स्तर पर प्रतियोगिता में जो छात्र विजेता हुए उन्हें लखनऊ भेजा जा रहा है। संच समिति के सदस्य रामशंकर शर्मा ने अचार्यो को सभी विद्यालयों में संस्कार व अनुशासित शिक्षा को बढ़ावा देने के लिए निर्देशित किया। साथ ही एकल अभियान के मुख्य उद्देश्य को फलीभूत करने के लिए जमीनी स्तर पर सेवा भावना से कार्य करने को प्रेरित किया। सायं 4 बजे पूर्णमदा मंत्र के साथ अभ्यास वर्ग सम्पन्न हुआ। इस दौरान संच सचिव रितिक तिवारी, बजरंग बली, साधना गुप्ता, आदर्श सिंह, किशन लाल, अनीता सिंह, दीपिका सहित दर्जनों आचार्य मौजूद रहे है।

### संचालित निशुल्क भोजन एवं अन्य जरूरी चीजों का निरीक्षण किया निरीक्षण



**दैनिक शुभ भास्कर सुनील कुमार मिश्रा राजस्थान उदयपुर** । महाराणा भूपाल चिकित्सालय में आज गुलाबचंद कटारिया राज्यपाल असम के सुबह निरीक्षण के लिए पहुंचे जहां पर उन्होंने मानव सेवा संस्थान समिति द्वारा संचालित निशुल्क भोजन एवं अन्य जरूरी चीजों का निरीक्षण किया निरीक्षण के दौरान छोटे से मुलाकात दैनिक शुभ भास्कर के संपादक सुनील कुमार मिश्रा से भी हुई इस दौरान मानव सेवा समिति के कर्मचारी के धर्मशाला के संचालक तकत सिंह अन्य स्टाफ मौजूद राय।

रैली | शहर में सैकड़ों की संख्या में मोटर साइकिल रैली निकाली गई

## मधुबनी के बैनर तले झंझारपुर बाजार में बिहार ग्राम रक्षा दल के नौजवानो के द्वारा मोटर साइकिल रैली



**मधुबनी** । 27/10/2023 को बिहार ग्राम रक्षा दल जिला मधुबनी के बैनर तले झंझारपुर बाजार में बिहार ग्राम रक्षा दल के नौजवानो के द्वारा मोटर साइकिल रैली के माध्यम से तिंरगा लहराते हुए मानदेय एवम स्थायीकरण की मांगों को लेकर सरकार, प्रशासन एवम जनप्रतिनिधियों का ध्यान को आकृष्ट किया गया । वंदे मातरम् भारत माता की जय, हमारी मांगे पूरी हो चाहे जो मजबूरी हो, ग्राम रक्षा दल जिंदाबाद,जिला प्रशासन जिंदाबाद, ग्राम रक्षा दल को मानदेय,एवं स्थायीकरण करना होगा,इत्यादि नारे लगाए गए,शहर में सैकड़ों की संख्या में मोटर साइकिल रैली निकाली गई और भ्रमण करते हुए अनुमंडल मुख्यालय पहुंची, जहां सभा में तब्दील हो गई । सभा को संबोधित करते हुए दल के प्रदेश अध्यक्ष श्री राऊत ने कहा कि लोकसभा चुनाव से पहले ग्राम रक्षा दल के नौजवानों को कल्याण नहीं किया गया तो सरकार का विरोध करने को बाध्य होंगे । क्योंकि ग्राम रक्षा दल बिहार प्रदेश के द्वारा वर्षों से बिल्कुल ही गांधीवादी तरीके से सूबे बिहार के लाखों नौजवानों को मानदेय एवं स्थायीकरण को लेकर सड़क से संसद तक आंदोलनरत हैं । लेकिन बिहार सरकार के द्वारा अभितक संज्ञान नहीं लेना बहुत ही आश्चर्य की बात है । जबकि अन्य संगठनों के प्रति बिहार सरकार की रवैया बहुत ही सराहनीय एवं प्रशंसनीय हैं,जिलाध्यक्ष धर्मेन्द्र दास ने कहा कि हम ग्राम रक्षा दल के लोग अपनी जान जोखिम में डालकर काम करते आ रहे हैं, जो सर्व विदित है, बिहार में हो रहे अपराध पर अंकुश लगाने के उद्देश्य से ग्राम रक्षा दल को मजबूत करना चाहिए, क्योंकि आए दिन चोरी, डकैती आम बात हो गई हैं । हम ग्राम रक्षा दल के लोग प्रशासन के साथ मिलकर काम करना चाहते हैं,ताकि अपराध पर अंकुश लगाया जा सके । बिहार सरकार की जो भी योजनाऐं हैं, उसे धरातल पर उतारने के लिए ग्राम रक्षा दल के नौजवानों के चहरे पर मुस्कान जरूरी हैं । विदित हो कि पंचायत सरकार भवन में सुरक्षाकर्मी एवम स्वच्छताकर्मी बहाली की जो बिहार सरकार की योजनाऐं हैं,उसमें ग्राम रक्षा दल के सदस्य को प्राथमिकता दिया जाय, बिहार ग्राम रक्षा दल के प्रदेश अध्यक्ष श्री राम प्रसाद राऊत के नेतृत्व में अनुमंडल पदाधिकारी,झंझारपुर को मानदेय एवम स्थायीकरण को लेकर मांग पत्र समर्पित किया, जो महामहिम राज्यपाल महोदय के नाम संबोधित किया गया है, इस कार्यक्रम में देवेन्द्र कुमार, सदा शिव ठाकुर, राम सोगारथ यादव, अनिल पासवान,मो० लालबाबू राकेश दास, छोटू पासवान, कृष्ण मोहन सिंह, चलीतर राम, मो० अबुल मंसूरी सहित सैकड़ों की संख्या में ग्राम रक्षा दल के नौजवानों ने भाग लिया ।

# कृषि विज्ञान केंद्र कल्लीपुर को मिला उत्कृष्ट कृषि विज्ञान केंद्र पुरस्कार



**वाराणसी**। आज उत्तर प्रदेश कृषि अनुसंधान परिषद,लखनऊ के चौतीसवें स्थापना दिवस व तीन दिवसीय राज्य स्तरीय श्री अन्न महोत्सव के अवसरपर कृषि विज्ञान केंद्र, कल्लीपुर,वाराणसी को उत्कृष्ट कृषि विज्ञान केंद्र पुरस्कार से नवाजा गया।यह पुरस्कार उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ जी,कृषि मंत्री श्री सूर्य प्रताप शाही,कृषि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख, लघु एवं लघु सूक्ष्म मंत्री राकेश सचान,श्री देवेश चतुर्वेदी, उपकार के अध्यक्ष कैप्टन विकास गुप्ता, महानिदेशक उपकार डॉक्टर संजय सिंह,निदेशक कृषि, विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना जी,विधान परिषद अध्यक्ष कुंवर मानवेंद्र सिंह, माननीय कुलपति डॉ विजेंद्र सिंह, अपर निदेशक प्रसार डॉ आर आर सिंह की गरिमामयी उपस्थिति में कृषि विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉक्टर नरेंद्र रघुबंशी को प्रदान किया गया। केंद्र को यह उत्कृष्ट पुरस्कार किसान उत्पादक कम्पनी के साथ जनपद में कृषि एवं श्री अन्न पर किए गये सराहनीय प्रयास के लिए प्रदान किया गया।उपकार, लखनऊ द्वारा नामित समिति ने मूल्यांकन के आधार पर कृषि विज्ञान केंद्र,कल्लीपुर,वाराणसी को विजेता घोषित उत्कृष्ट कृषि विज्ञान केंद्र का पुरस्कार प्रदान किया। पत्रकारों से बातचीत करते हुए कृषि विज्ञान केंद्र कल्लीपुर, वाराणसी के वरिष्ठ वैज्ञानिक एवं अध्यक्ष डॉक्टर नरेंद्र रघुबंशी ने इस पुरस्कार का श्रेय कृषि विज्ञान कल्लीपुर,वाराणसी के वैज्ञानिकों की टीम डॉक्टर नवीन,डॉक्टर राहुल, डॉक्टर अमितेश, श्रीप्रकाश,डॉक्टर मनीष पांडेय, डॉक्टर प्रतीक्षा सहित केंद्र के फार्म मैनेजर राणा पीयूष, अरविंद, अशोक,देवमणि एवं नागेंद्र को दिया।पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा की वैज्ञनिको की टीम के साथ साथ आचार्य नरेंद्र देव कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय के कुलपति डॉक्टर बिजेंद्र सिंह का मार्गदर्शन समय समय पर मिलने के कारण हम इस पुरस्कार को जितने में सफल हो पाए हैं।इस अवसर पर केंद्र के समस्त वैज्ञानिकों के साथ साथ कर्मचारियों एवं जनपद के किसान कमलेश, इंद्रसेन, सुशील आदि किसानों ने ख़ुशी व्यक्त की है।

## खास खबर

### किशनगंज निर्वाचन पदाधिकारी सह जिलाधिकारी ने युवाओं से नये मतदाता सूची में नाम चढवाने की अपील की

**किशनगंज, (अली रेजा सिद्दिकी)।** जिला निर्वाचन पदाधिकारी - सह - जिलाधिकारी, तुषार सिंगला की अध्यक्षता में विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम-2024 एवं आगामी लोक सभा आम निर्वाचन आम निर्वाचन, 2024 के तैयारी हेतु अर्हता तिथि 01.01.2024 के आधार पर फोटो निर्वाचक सूची के विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम के तहत् विभिन्न गतिविधियों की सभी संबंधित पदाधिकारियों एवं मीडिया प्रतिनिधियों के साथ बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की जहां जिलाधिकारी श्री तुषार सिंगला ने 18 वर्ष के हो चुके युवाओं से अपील की कि मतदाता सूची में अपना नाम चढवायें और लोकतंत्र में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करें। समीक्षात्मक बैठक से संबंधित एजेंडा पर विस्तृत चर्चा की गई ज्ञात हो कि 27 अक्तूबर से 9 दिसंबर 2023 तक नये मतदाता अपना नाम मतदाता सूची में आन लाइन और आफ लाइन चढवा सकते हैं। सतत् अद्यतीकरण अवधि में ऑनलाईन / ऑफलाईन के माध्यम से प्राप्त प्रपत्रों प्ररूप–6, 7 एवं 8 का निष्पादन की अद्यतन स्थिति। सतत् अद्यतीकरण अवधि एवं गृहवार सत्यापन के क्रम में विलोपित किये गये निर्वाचकों को प्रपत्र - 7 भरना एवं नोटिस किया जाना तथा अभिलेख तैयार किया जाना। निर्वाचक सूची अन्तर्गत कंट्रोल टेबल (मुख्य पृष्ठ) में संशोधन / अद्यतीकरण हेतु की जाने वाली कार्रवाई । भारत निर्वाचन आयोग के निदेश के आलोक में दोहरी प्रविष्टि (Multiple entry) के मामले में Format - A एवं स्थानांतरण ( Shifting) के मामले में Format-B से संबंधित निर्वाचकों को डाक के माध्यम से नोटिस भेजा जाना । प्रारूप–6, 7 एवं 8 का ERO Net से जेनरेटेड सूची प्रारूप - 9, 10, 11, 11A एवं 11B को ERMS पर अपलोड किये जाने का अद्यतन स्थिति । ERO Net पर Monthly Pulling Data को Download कर ERMS पर ERO Login के माध्यम से अपलोड किया जाना । विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण 2024 के अर्हता प्राप्त योग्य नागरिकों का निर्वाचक सूची में पंजीकरण किया जाना । निर्वाचक सूची अंतर्गत लिंगानुपात (Gender Ratio) एवं निर्वाचक जनसंख्या अनुपात (EP Ratio) में अपेक्षित सुधार किया जाना । अर्हता प्राप्त योग्य सभी युवा नागरिकों का पंजीकरण किया जाना। अर्हता प्राप्त दिव्यांगजनों का पंजीकरण किया जाना ।

### राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना अंतर्गत दो दिवसीय प्रशिक्षण का हुआ समापन

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ बीकापुर- अयोध्या।** पंचायती राज प्रशिक्षण संस्थान उत्तर प्रदेश द्वारा राष्ट्रीय ग्राम स्वराज अभियान योजना अंतर्गत विकासखंड सभागार में दो दिवसीय प्रथम बैच का प्रशिक्षण कार्यक्रम का शुक्रवार को समापन किया गया। प्रशिक्षण के बाद ग्राम प्रधानो, उनके प्रतिनिधियों और महिला स्वयं सहायता समूह की महिलाओं को प्रशिक्षण किट का वितरण किया गया। दो दिवसीय प्रशिक्षण के दौरान प्रथम बैच में 25 ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधानों और महिला स्वयं सहायता समूह की सक्रिय 25 सदस्यों को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान प्रशिक्षण शिविर में ग्राम पंचायत में समूह सखियों तथा ग्राम प्रधान को प्रशिक्षण देने के लिए पंचायत राज विभाग द्वारा प्रशिक्षक बृजेंद्र कुमार दूबे ने जरूरी टिप्स दिए। गरीबी उन्मूलन महिला सशक्तिकरण स्वास्थ्य शिक्षा तथा ग्राम विकास विभाग द्वारा संचालित योजनाओं की जानकारी दी गई। प्रशिक्षण के दौरान स्वयं सहायता समूह द्वारा ग्रामीण अंचलों में गरीबी उन्मूलन की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाने की आवश्यकता पर जोर दिया गया।

### प्रस्तावित प्रधान संघ पूर्वांचल महासम्मेलन की तैयारी तेज

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ बीकापुर- अयोध्या।** अखिल भारतीय प्रधान संगठन के तत्वावधान में आगामी 30 अक्टूबर को दर्शन नगर अयोध्या जनपद में प्रस्तावित प्रधान संघ पूर्वांचल महासम्मेलन की तैयारी के लिए ग्राम प्रधानों द्वारा सक्रियता शुरू कर दी गई है। जिसके क्रम में संगठन की ब्लॉक इकाइयां सक्रिय हो गई हैं। इसी कड़ी में महासम्मेलन तैयारी को लेकर शुक्रवार को विकासखंड सभागार बीकापुर में ब्लॉक प्रधान संगठन इकाई की एक बैठक प्रधान संख्या ब्लॉक अध्यक्ष विशाल सिंह की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में जहां एक और संगठन के पूर्वांचल महासम्मेलन की तैयारी के विषय में चर्चा हुई वहीं दूसरी ओर संगठन के ब्लॉक अध्यक्ष विशाल सिंह ने प्रेस वार्ता करके जिला मुख्यालय पर आयोजित होने वाले महा सम्मेलन के बारे में जानकारी दिया। तथा दावा किया कि बीकापुर विकासखंड के सभी 75 ग्राम पंचायत के ग्राम प्रधान उनके प्रतिनिधि तथा क्षेत्र के अन्य गण मान्य लोग कार्यक्रम में शामिल होंगे। उन्होंने बताया कि बैठक के दौरान यह तय किया गया है कि आवा गमन में किसी भी प्रकार से संगठन के किसी सदस्य को कोई असुविधा न हो तथा महासम्मेलन को लेकर जिला कमेटी द्वारा जो जिम्मेदारी ब्लॉक कमेटी को दी गई है।

### जिला प्रशासन के साप्ताहिक जनता दरबार में 51 मामले पर सुनवाई



**मोतिहारी, अशोक वर्मा।** जिला प्रशासन द्वारा आयोजित साप्ताहिक जनता दरवार कार्यक्रम में प्रशासन द्वारा जिलेभर के विभिन्न प्रखंडों से आए 51 आवेदन कर्ताओं की समस्याओं पर सुनवाई की गई । प्राप्त शिकायतों पर संज्ञान लेते हुए विभिन्न विभागों के अधिकारियों ने कहा कि शीघ्र ही समस्या का विधिसम्मवत निदान सुनिश्चित किया जाएगा ।जनता दरवार मे स्वास्थ्य, शिक्षा, आपूर्ति, पंचायती राज विभाग, भूमि विवाद, अतिक्रमण वाद, राजस्व आदि विभाग के आवेदनो को शीघ्र निष्पादन हेतु संबंधित पदाधिकारी को आवश्यक दिशा निर्देश दिए गये ।

# घरों में रखें गैस सिलेंडर हुआ ब्लास्ट, लाखों की हुई क्षति

**दैनिक शुभ भास्कर, जिला चीफ ब्यूरो, रूपेश मिश्रा।** कटिहार जिले के कुरसेला प्रखंड अंतर्गत मधेली बंगाली टोला मे अचानक आग लगने से लगभग 17 परिवार का 38 घर जलकर राख हो गया। जिसमें अनुमानित लगभग 10 लाख नगद रुपए सहित 30 लाख का संपत्ति जलकर खाक होने की बात सामने आ रही है। मिली जानकारी के अनुसार मधेली गांव के वार्ड संख्या 9 में स्थित बंगाली टोला में गांव के सभी लोग मस्जिद में जुम्मे का नमाज अदा करने गए थे। इसी बीच अचानक बंगाली टोला में आग लग गई। जबकि आग लगने का कारण अभी तक स्पस्ट नही हो पाया है। लेकिन कुछ ग्रामीण का कहना है कि सिगरेट पीकर संठी तथा मकरई के पुआल मे फेक दिया। जिससे आग लग गई तों वही कोई लोगो का कहना हुआ कि बिजली के सार्ट सर्किट से आग लग गई । किंतु आग लगने की वास्तविक कारण का पता नही लग पाया है । गांव के लोग आग लगने का अलग अलग कारण बता रहे हैं । आग ने उस वक्त विकराल रूप धारण कर लिया जब घरों में रखें पांच गैस सिलेंडर ब्लास्ट कर गए। जिससे आग ने भयावह रूप धारण कर लिया तथा देखते ही देखते कई घरों को अपने चपेट में ले लिया। मोहल्ले वासी गैस सिलेंडर ब्लास्ट करने के कारण आग को बुझाने में असमर्थ महसूस करने लगे। चारो ओर अफरा तफरी का माहौल उत्पन हो गया। गांव में हाहाकार मच गया । अग्नि पीड़ित परिवार किसी तरह जान को जोखिम में डालते हुए लोग अपने-अपने घरों से बर्तन निकालकर आग बुझाने का प्रयास करने लगे घटना में मोहम्मद अब्दुल बारीक का घर में रखें ढाई लाख तथा मोहम्मद यूसुफ अली का घर में रखे 5 लाख नगद जलकर राख होने की बात बताई जा रही है। वहीं अग्नि पीड़ित परिवार के घर का सारा सामान अनाज , बर्तन , कपड़ा , जरूरी कागजात आदि सामग्री जलकर राख हो गया है। जिसमें एक बकरी भी जलकर मर गई। मौके पर पहुंचकर राजस्व कर्मचारी ने क्षति का आकलन करने में जुट गए है।



# मोतिहारी के नेतृत्व में पिपरा कोठी नवोदय विद्यालय में एक भारत श्रेष्ठ भारत कैंप का शुभारंभ

**मोतिहारी, चंपारण ब्यूरो अशोक वर्मा।** 27 अक्तूबर से जवाहर नवोदय कैंप का शुभारंभ विद्यालय,पीपराकोठी के प्रांगण में स्थानीय 25 बिहार बटालियन मोतिहारी के नेतृत्व में एक भारत,श्रेष्ठ भारत कैंप 2 का आगाज़ हो गया।यह कैंप दिनांक 27 अक्तूबर से दिनांक 07 नवंबर तक चलेगा जिसमें विभिन्न प्रदेशों से आए कैडेट्स बिहार सहित अन्य प्रदेशों की संस्कृति से रूबरू होंगे।कैंप कमांडेंट ब्रिगेडियर नीलकमल(सेना मेडल एवं विशिष्ट सेवा मेडल) तथा डिप्टी कैंप कमांडेंट कर्नल प्रदीप कुमार सिंह(सेना मेडल)संयुक्त रूप से कैंप की कार्रवाइयों का निर्देशन कर रहे हैं।इस एक भारत,श्रेष्ठ भारत कैंप विभिन्न राज्यों के कुल 600 कैडेट्स भागीदारी कर रहे हैं।इनमें ब्वॉयज कैडेट्स को संख्या 400 और गर्ल्स कैडेट्स की संख्या 200 है।इस कैंप में उड़ीसा,झारखंड और बिहार राज्य के पटना,गया,भागलपुर और मुजफ्फरपुर के कैडेटों की भागीदारी है।कैंप में भारत की विविधता में एकता के परिप्रेक्ष्य में कैडेटों को प्रशिक्षण दिया जाएगा और उन्हें एक भारत,श्रेष्ठ भारत का मंत्र दिया जाएगा।सांस्कृतिक प्रस्तुतियों के माध्यम से कैडेट एक दूसरे की भावनाओं को साझा करेंगे,समझेंगे और समझाएंगे।जिससे राष्ट्रीय एकता और अखंडता के प्रति कैडेटों की सोच में वृद्धि होगी।आज सुबह से ही कैंप में कैडेटों का आगमन शुरू हो गया है साथ ही उनका रजिस्ट्रेशन भी शुरू है। एसोसिएट एन.सी.सी.ऑफिसर के रूप में उड़ीसा से आए लेफ्टिनेंट भवानी शंकर पांडा और बिहार की थर्ड ऑफिसर अमृता कुमारी कैडेटों के प्रशिक्षण की देख रेख कर रहे हैं।कैडेटों के मुकम्मल प्रशिक्षण के लिए सूबेदार प्रेम प्रसाद गुरुंग,सूबेदार दिवाकर गुरुंग,बी. एच . एम.सागर थापा,हवलदार मनीष थापा और हवलदार झूम बहादुर को नियुक्त किया गया है।कैडेटों के रजिस्ट्रेशन सहित अन्य कार्यालीय कार्य सिविल स्टाफ लालबाबू राय देख रहे हैं। कैंप की जानकारी एम एस कॉलेज के प्राचार्य डॉक्टर प्रोफेसर अरुण कुमार ने दी।






## पार्टी के स्थापना दिवस पर गरीबों में वितरित किया मिष्ठान

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ बीकापुर अयोध्या।** सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी का स्थापना दिवस शुक्रवार को विकासखंड क्षेत्र के सराय खरगी एवं शिवतर ग्राम पंचायत में मनाया गया। इस मौके पर जागरूकता गोष्ठी का भी आयोजन हुआ। संगठन के मण्डल उपाध्यक्ष अनूप पाण्डेय द्वारा ग्रामीणों को संगठन की जन कल्याणकारी नीतियों से अवगत कराया गया। मंडल उपाध्यक्ष अनुप पांडेय ने कहा कि पार्टी के संस्थापक राष्ट्रीय अध्यक्ष ओमप्रकाश राजभर के नेतृत्व में समाज के वंचितों गरीबों की आवाज को हमेशा उठाए जाने का प्रयास किया जाता रहा है। इस दौरान ग्राम पंचायत शिवतर एवं सरायखरगी के गरीबों में मीठा व मोमबत्ती का वितरण भी किया गया। इस मौके पर मनोज विश्वकर्मा, संजय सिंह, प्रधान प्रतिनिधि उमेश पाठक, कल्लू मिश्रा, विमलेश पाण्डेय, राजकुमार कोरी, बंसीलाल पासवान, सूरज कोरी, रविंद्र श्रीवास्तव सहित संगठन से जुड़े लोग और तमाम ग्रामीण मौजूद रहे।

## पिता की लाइसेंसी पिस्टल से गोली मारकर युवक ने की आत्महत्या, मचा कोहराम

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** कोतवाली गोसाईगंज के एक मोहल्ले में सगाई से एक दिन पूर्व एक युवक ने अपने पिता की लाइसेंसी पिस्टल से रात में खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली। युवक ने गुरुवार देर रात यह कदम उठाया जबकि शुक्रवार दोपहर उसकी सगाई कार्यक्रम आयोजित था। घटना को लेकर परिवार में कोहराम मचा हुआ है। पुलिस पूरे मामले की जांच में जुटी हुई है। लाइसेंसी पिस्टल पुलिस ने अपने कब्जे में ले ली है। गोसाईगंज कोतवाली के पीछे वाली गली में रामबली स्कूल में कार्यरत शिक्षक वीरेंद्र शुक्ला का आवास है। उनके दो पुत्र है। बताया जाता है शुक्रवार को उनके बड़े पुत्र अंकित शुक्ला का सगाई कार्यक्रम था। जिसमें शामिल होने के लिये काफी रिश्तेदार भी घर में मौजूद थे। गुरुवार को देर रात्रि लगभग नौ बजे घर के एक कमरे के अंदर से गोली चलने की आवाज आई। घर वाले जब उस कमरे में गए तो देखा कि अंकित लहूलुहान पड़ा हुआ था।उसके पास ही पिता की लाइसेंसी पिस्टल पड़ी थी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजवाया और पिस्टल को कब्जे में ले लिया। परिजनों का कहना है कि युवक काफी दिनों से अवसाद में था। एसएचओ सन्तोष कुमार सिंह के मुताबिक बरामद पिस्टल लाइसेंसी है। उन्होंने बताया कि पिस्टल युवक के पिता के नाम है। उसे जब्त कर लिया गया है। बताया कि सभी पहलुओं पर जांच की जा रही है।

## फैंसी लाइट से जगमग होगी अयोध्या की गलियां

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ अयोध्या।** योगी सरकार ने दीपोत्सव से पहले अयोध्या वासियों को बड़ा तोहफा दिया। अयोध्या की गलियों व चौराहों को फैंसी लाइट से जगमगाने के लिए डेकोरेटिव पोल लगाने की योजना का शुक्रवार को सांसद लल्लू सिंह, महापौर गिरीश पति त्रिपाठी व नगर आयुक्त विशाल सिंह ने फीता काट कर व दीप प्रज्वलित कर शुभारंभ किया। कार्यक्रम तुलसी उद्यान नया घाट पर आयोजित किया गया। नगर आयुक्त विशाल सिंह ने डेकोरेटिव पोल व फैंसी लाइट के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि अयोध्या में सभी बिजली के पोलों को हटाकर अंडरग्राउंड केबल की व्यवस्था कर दी गई है। अब ऐसे में यहां बिजली की व्यवस्था करने के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ की त्वरित आर्थिक विकास योजना के तहत फैंसी लाइट लगायी जा रही है। अयोध्या के 12 वार्डों में 73 करोड़ की लागत से 3652 डेकोरेटिव पोल स्थापित किए जाएंगे। इसको लगाने के पीछे सरकार की मंशा यह है कि अयोध्या की पौराणिकता एक बार फिर निखर कर सामने आए। इस लाइट की विशेषता यह है कि इसमें वाई-फाई की भी सुविधा मौजूद रहेगी। दूसरी बात यह की इसे बिजली की खपत कम होगी। इसे कंट्रोल रूम से समय पर आन और ऑफ करने की भी सुविधा रहेगी। इन लाइटों को ऐसे स्थान पर लगाया जाएगा जहां पर नगर निगम की मशीन जाकर लाइट में यदि कोई तकनीकी खराबी आती है तो उसको ठीक कर सके। यह चौड़ी गलियों और चौराहों में लगाया जाएगा। लाइट की खास बात यह है कि धनुष-बाण, डमरू, गंदा आकर का होगा। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा की अयोध्या को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ एक सुंदर नगर के रूप में विकसित करना चाहते हैं। जहां अयोध्या की पौराणिकता झलकती रहे। इसके लिए यहां की गलियों और चौराहों को डेकोरेटिव पोल लगाकर फैंसी लाइटों से सजाया जाएगा। कहा की अयोध्या किस प्रकार से सुंदरतम सिटी बने इसके लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की सोच को मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ पूरा कर रहे हैं। इसमें अयोध्या के सभी जनप्रतिनिधि निरंतर प्रयास में लगे हैं।

## ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि के अध्यक्षता में संपन्न हुआ टेबलेट वितरण कार्यक्रम

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ मिल्कीपुर अयोध्या।** लर्निंग रिसोर्स पैकेज के अंतर्गत टेबलेट वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मिल्कीपुर विनय कुमार सिंह रहे तथा खंड विकास अधिकारी मिल्कीपुर और मिल्कीपुर ब्लॉक बेसिक शिक्षा विभाग की मुखिया खंड शिक्षा अधिकारी मिल्कीपुर सुश्री रिचा सिंह की गरिमा में उपस्थित में यह कार्यक्रम आयोजित हुआ टैबलेट के बारे में विभाग बेसिक शिक्षा विभाग के सहयोग तकनीकी रूप से बच्चों को और अच्छी शिक्षा देने के लिए इस टैबलेट का हम सभी शिक्षक कर उपयोग करेंगे इस मौके पर बेसिक शिक्षक संघ के ब्लॉक मंत्री भगवती प्रसाद वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेंद्र वर्मा तथा अखिल भारतीय संगठन के अध्यक्ष चंद्रशेखर सिंह मंत्री उमा प्रसाद यादव राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिला मीडिया प्रभारी और मिल्कीपुर ब्लॉक इकाई के संयोजक सुधांशु मिश्र ,अभिषेक यादव आकाश जायसवाल अरविंद पांडे,निवेदिता उपाध्याय, कहकशा अंजुम,रागिनी सिंह,राम नगीना यादव कमलेश अनुचर कमलेश कुमार अनुपम दुबे और सभी विद्यालयों से आए सम्मानित प्रधानाध्यापक,वरिष्ठ शिक्षक शिक्षिकाएं कंपोजिट विद्यालय/ प्राथमिक विद्यालय से उपस्थित रहे, मुख्य अतिथि ने सभी लोगों को संबोधित किया खंड विकास अधिकारी महोदय ने निपुण होने के बारे में जानकारी ली।

## व्यापार मंडल ने सीओ मिल्कीपुर को किया सम्मानित

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ मिल्कीपुर अयोध्या।** व्यापार अधिकार मंच इनायतनगर द्वारा क्षेत्राधिकारी मिल्कीपुर आशीष निगम को सम्मानित किया गया है। इनायत नगर थाना क्षेत्र के बगल तथा पुलिस क्षेत्राधिकारी कार्यालय के सामने स्थित दो दुकानों को बीते 16 अक्टूबर की रात चोरों द्वारा दो दुकानों को निशाना बनाते हुए लाखों का सामान पार कर दिया गया था। घटना की जानकारी मिलते ही क्षेत्राधिकारी आशीष निगम के नेतृत्व में प्रभारी निरीक्षक अरुण प्रताप सिंह ने पुलिस कर्मियों की टीम गठित कर दिया था। पुलिस टीम घटनास्थल के इर्द-गिर्द दुकानों में लगे सीसीटीवी फुटेज को भी खंगालते हुए घटना की गहन छानबीन शुरू कर दी थी। पुलिस ने मामले में तत्परता दिखाते हुए घटना को 12 घंटे के अंदर चोरी के सामान सहित आरोपी को गिरफ्तार कर लिया था। घटना का खुलासा होने के बाद व्यापार अधिकार मंच ने प्रसन्नता व्यक्त की थी।

## रामलीला के पुराने कलाकार को कमेटी ने शाल व स्मृति देकर किया सम्मानित

**सोनू चौधरी ब्यूरो चीफ पूरा बाजार अयोध्या।** पूरा बाजार में रामलीला कमेटी के पुराने कलाकारों व जो कलाकार आज हमारे बीच नहीं है उनके परिवार वालों को शाल व स्मृति देकर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष पूर्व जिला पंचायत सदस्य शंभू नाथ सिंह दीपू ने सम्मानित किया सम्मान समारोह को संबोधित करते हुए शंभू नाथ सिंह दीपू ने कहा कि रामलीला कमेटी के वे सदस्य जिन्होंने विगत कई वर्षों तक रामलीला का सफल मंचन किया था आज हमारे बीच नहीं है रामलीला कमेटी के सह संचालक डॉ प्रियनाथ सिंह ने कहा कि सम्मान समारोह से युवकों को प्रेरणा मिलेगी वह भी मंचन के प्रति जागरूक होंगे। सम्मानित कलाकारों में जो कलाकार आज हमारे बीच में नहीं है स्वर्गीय राम मोदनवाल के पुत्र धीरज मोदनवाल तथा स्वर्गीय ओम प्रकाश चौरसिया के पुत्र संजय चौरसिया के साथ-साथ वरिष्ठ कलाकारों मे बिहारी लाल गुप्ता सत्यानंद गुप्ता देवी प्रसाद गुप्ता भगवती ठठेर मंगरु साहू भगवान सहाय ओमप्रकाश गुप्ता भगवती गुप्ता राजेंद्र गुप्ता संजय गुप्ता हुआ रामचंद्र सोनी को रामलीला कमेटी के अध्यक्ष शंभू नाथ सिंह दीपू व सहसंचालक डॉ प्रियनाथ सिंह ने शाल व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया और वरिष्ठ कलाकारों से आग्रह किया की रामलीला के मंचल में सदैव सहयोग एवं मार्गदर्शन करते रहे।

**मांग** ब्रिटिश जमाने का मीना बाजार आज भी अपने पिछड़ेपन का एक उदाहरण बना हुआ है

# शहर में खाली पड़े सरकारी जमीन पर कम लागत पर गरीबों के लिये दूकान बने- प्रोफेसर जगदीश विद्रोही

**बलुआ चौक ।** 50 वर्ष पूर्व नगर में सिर्फ मीना बाजार एवं हेनरी बाजार में सब्जी मंडी थी । समय बदलता गया सरकारी रोड, पुल, पुलिया, चौक चौराहा को घेर कर सब्जी मंडी का मार्केट बना दिया गया। आम लोगों के लिए भले ही सुविधा हुई लेकिन ट्रैफिक जाम की समस्या उत्पन्न हो गई। ब्रिटिश जमाने का मीना बाजार एवं हेनरी बाजार आज भी अपने पिछड़ेपन का एक उदाहरण बना हुआ है। हेनरी बाजार मे प्रसिद्ध सब्जी मंडी थी तथा उसी मे एक तरफ मछली का भी बाजार लगता था। वहीं से आम लोग सब्जी खरीदते थे। धीरे-धीरे वह बाजार बंद हो गया । तकरीबन तीन इकट्ठे का वह मार्केट ऐसे ही वीरान और खाली पड़ा हुआ है। अगल बगल के लोग उसे अतिक्रमित कर अस्थाई दुकाने बना रहे है। दूसरी और मीना बाजार सब्जी मंडी वैसे तो मूल स्वरूप में है लेकिन अब वह रौनक वहां नहीं रही कारण कि शहर के कई भागों में बड़े-बड़े सब्जी मंडी बन चुके हैं। ज्ञान बहुत चौक, हेनरी बाजार चौक, जानपुल चौक, स्टेशन ,जिला परिषद कार्यालय के पास , बलुआ चौक अब बड़ी सब्जी मंडी बन चुकी है ।नगर निगम के व्यवस्थित कार्य नहीं होने से पूरा शहर ही सब्जी, मांस, मुर्गा मंडी बनकर रह गया है। नियम से सड़क के किनारे कोई भी मंडी नहीं बन सकती है क्योंकि इससे ट्रैफिक जाम की समस्या बन जाती है। दूसरी बात कि कोई भी मांस की दुकान खूले मे लगाने की पावंदी है। आम लोगों की नजरों के पास कटे हुए खससी, मांस, मुर्गा की दुकाने नहीं सजनी चाहिए इससे लोगों के अंदर हिंसा की प्रवृत्ति जन्म लेती है, और इस पर सख्त कानून भी बना हुआ है लेकिन कहीं से भी कानून लागू नहीं है। ज्ञानबाबू चौक से जानपुल की तरफ देखा जाए तो दोनों बगल मुर्गी की काफी दुकानें सजी हुई रहती है। जानपुल सड़क के किनारे ही खुलेआम खससी के कटे गर्दन बिक्री के लिए टंगे रहते है। जिला परिषद जो गांधी संग्रहालय के पास है, सत्य और अहिंसा के पुजारी गांधी जी की स्मृति में बना हुआ स्थल है,वहीं चरखा पार्क भी है वहां भी खुलेआम मांस की बिक्री होती है। इन सब बातों की ओर नगर निगम का ध्यान जाना चाहिए और शहर को सुंदर व्यवस्थित बनाने के लिए सब्जी की दुकानो को सिर्फ सब्जी मंडी में लगाने की वयवस्था हो। मांस की दुकाने भी रोड से ओझल कमरे के अंदर लगे ।नगर निगम क्षेत्र मे जो भी सरकारी जगह खाली है, उन जगहों को पर छोटे-छोटे दुकान बनाकर गरीबों ठेले वाले ,खोमचेवाले को अलॉट किया जाए। नगर के जाने-माने कवि एवं समाजवादी आंदोलन के नेता प्रोफेसर जगदीश विद्रोही ने सरकार एवं नगर निगम से मांग की है कि इन बिंदुओं को देखा जाए और शहर को सुंदर बनाया जाए।



# गरीबों के दिल में बसे हैं लालू यादव जी- वीणा राय अधिवक्ता



**मोतिहारी , चंपारण ब्यूरो अशोक वर्मा।** राजद की पूर्व महिला जिला अध्यक्ष एवं वरिष्ठ अधिवक्ता वीणा राय ने बताया कि बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री एवं देश के गरीबों के दिल में बसे हुए लालू यादव आज भी गरीबों दलितों एवं उपेक्षितों के जीवन को ऊंचा उठाने के लिए सतत प्रयत्नशील है। उनके दिशा निर्देशन में आज देश के तमाम महत्वपूर्ण विपक्षी दल एक मंच पर आ गए हैं और केंद्र की भावी सरकार इं डि या का बनना तय है। पूर्व महिला जिला अध्यक्ष वीणा राय ने कहा कि लालू जी अति संवेदनशीलता व्यक्ति है ।इसके कई उदाहरण चंपारण की जनता देख चुकी है अपने कार्यकाल में रेलवे का उन्होंने कायाकल्प किया ।चंपारण से उन्होंने कई ट्रेनें दी जिसमें सप्त क्रांति, पोरबंदर एक्सप्रेस जो गांधी की कर्मभूमि से गांधी की जन्म भूमि तक जाती है,कम टिकट का एसी गरीब रथ, महुआ डीह आदि चालू किये। इसके साथ-साथ उन्होंने सब्जी उत्पादको की सुधी ली और मोतिहारी से दिल्ली के लिए उन्होंने सब्जी ले जाने का एक अलग एसी बोगी दिया। वीणा राय ने कहा कि आज लालू जी पर देश के कई छात्र शोध कर रहे हैं। उनकी एक अति महत्वपूर्ण परिकल्पना चरवाहा विद्यालय की थी। अरेराज अनुमंडल उद्घाटन के अवसर पर उन्होंने चरवाहा विद्यालय का भी उद्घाटन किया और उन्होंने तर्क दिया कि गरीब स्कूलों में जाकर नहीं पढ़ पाते हैं इसलिए वे मवेशी को चराते हुए भी बीच-बीच में स्कूल में बैठकर पढेंगे। ऐसी सोच है हमारे महान नेता लालू जी की।

# डीएम ने दत्तक ग्रहण अभिकरण व बाल शिशु गृह का किया निरीक्षण

**शुभ भास्कर चंदौली**। जिलाधिकारी निखिल टी फुंडे द्वारा विशेषीकृत दत्तक ग्रहण अभिकरण/ बाल शिशु गृह पटपरा पीडीडीयू नगर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने बच्चो की देखभाल स्वास्थ्य,भोजन सहित अन्य जरूरी चीजों को देखा।उक्त संस्था महिला कल्याण विभाग के अन्तर्गत गौतम बुद्व सेवा समिति के माध्यम से संचालित है।निरीक्षण के समय कुल 17 बच्चे,जिसमें 05 बालक तथा 12 बालिकाएं संस्था में आवासित थें,कुल आवासित बच्चों में से 09 बच्चे विशेषीकृत आवश्यकता के थें। इस वित्तीय वर्ष में वर्तमान समय तक कुल 12 बच्चों को दत्तक ग्रहण आदेश निर्गत हुए है।निरीक्षण के समय संस्था द्वारा रजिस्टर का रख रखाव में थोड़ी कमी पाई गई। जिलाधिकारी के द्वारा संस्था में आवासित बच्चों से सम्बन्धित अभिलेखों का, दत्तक ग्रहण सम्बन्धित आदेश का बच्चो के फॉलोअप का अवलोकन किया गया तथा अभिलेखों को अद्यतन किये जाने हेतु तथा विजिट रजिस्टर बनाने जिसपर निरीक्षण आख्या अंकित की जाए जिससे अगले निरीक्षण के समय देखा जा सके की जो कमियां पाई गई थी उनको दूर किया गया या नही के निर्देश दिए। बाल शिशु गृह में कुल 13 सीसीटी कैमरे लगे है।साफ-सफाई एवं अन्य व्यवस्थाएं सन्तोषजनक पायी गयी।संस्था के ग्रामीण क्षेत्र में होने के कारण विद्युत की कटौती होती है,जिसके सम्बन्ध में जिलाधिकारी द्वारा जिला प्रोबेशन अधिकारी को उपयोगिता के अनुसार जनरेटर या सोलर पैनल का प्रस्ताव प्रस्तुत किये जाने के साथ प्रत्येक माह उप जिलाधिकारी पी0डी0डी0डी0 यू0 नगर चन्दौली तथा जिला प्रोबेशन अधिकारी को संयुक्त रूप से निरीक्षण कर आख्या प्रस्तुत किये जाने हेतु निर्देशित किया।निरीक्षण के दौरान उप जिलाधिकारी पी0डी0डी0डी0यू0 नगर , जिला प्रोबेशन अधिकारी, नामित चिकित्सक तथा अन्य संबंधित अधिकारी/कर्मचारी उपस्थित रहे।



## ख़ास ख़बर

### पुलिसकर्मियों को प्रातःकाल कराया जाय योगाभ्यास- पुलिस अधीक्षक



**शुभ भास्कर चंदौली**। स्थानीय पुलिस लाइन में गुरुवार को योग द्वारा न सिर्फ बीमारियों का उपचार किया जाता है, परंतु इसे अपनाकर कई शारीरिक और मानसिक कमियों को भी दूर किया जा सकता है।स्वस्थ रहने के लिए नियमित रूप से योग को जीवन में अपनाना जरूरी है। तन-मन दोनों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए नियमित दिनचर्या में योगासनों को शामिल करके लाभ प्राप्त किया जा सकता है।पुलिस अधीक्षक चन्दौली अनिल कुमार के निर्देशानुसार निर्धारित दिनों में पुलिस लाइन चन्दौली में सम्बन्धित अधिकारी के नेतृत्व में पुलिसकर्मियों को शारीरिक व मानसिक रूप से स्वस्थ रखने के लिए योगाभ्यास कराया जाता है।इसी क्रम में दिन शुक्रवार को जनपद चन्दौली के विभिन्न थानों,पुलिस लाइन/ कार्यालय में नियुक्त पुलिस कर्मियों को योगाभ्यास कराया गया।

### मुगलसराय-चहनियां मुख्य मार्ग बदहाल



**शुभ भास्कर चंदौली/चहनियां**। स्थानीय कस्बा से मुगलसराय मुख्य मार्ग पर विगत बीस दिनों से गिट्टी डालकर छोड़ देने से आने जाने वाले राहगीरों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ रहा है । आने जाने लोग बाइक से गिट्टी पर फिसलकर गिरकर घायल हो रहे है । विभागीय कर्मचारी इसे दबाने की भी जरूरत नही समझी । जबकि इसे गढ्ढा मुक्त करने के लिए बजट भी पास पास हो गया है । ग्रामीणों ने जल्द दुरुस्त कराने की चेतावनी दी है । चहनियां वाया पीडीडीयू नगर मुख्य मार्ग की दशा जनपद ही नही अन्य जनपदों से आने वाले लोगो से छिपी नही है । अब तो यह मार्ग फेसबुक व शोशल मीडिया के लिए सुर्खियां बन गयी है । विगत कई वर्षों से यह मार्ग क्षतिग्रस्त हो गया है । मार्ग पर पैदल चलना भी दुश्वार हो गया है । मार्ग को गढ्ढा मुक्त करने लिए इस पर विगत 20 दिनों से भुपौली से कैलावर तक चार किलोमीटर तक गिट्टी डालकर फेंक दिया गया है । इस पर अलकतरा डालकर दबाने की भी जरूरत नही समझी गयी है । गिट्टी डालकर छोड़े जाने से यह मार्ग पहले से भी बदत्तर हो गया है । बाइक से आने जाने वाले लोग गिरकर घायल हो रहे है । ग्रामीणों का कहना है कि विभागीय अधिकारी लापरवाह हो गये है । कांवर में सिद्धपीठ महड़ौरी देवी मन्दिर परिसर में महायज्ञ चल रहा है । हजारो लोगो का आना जाना लगा है । गिट्टी डालने से बाइक सवार इस पर फिसलकर गिर रहे है । जबकि विभाग को बजट भी पास हो गया है । ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही मार्ग दुरुस्त नही हुआ तो ग्रामीण आंदोलन को बाध्य होंगे ।

### निवर्तमान तहसीलदार विकास धर का पदोन्नति हुए एसडीएम



**शुभ भास्कर चंदौली/सकलडीहा**। स्थानीय तहसील के तहसीलदार विकास दर का पद प्रोउन्नति विगत रात्रि हो गया। तथा न्यायिक एसडीएम के रूप में सकलडीहा में नवीन तैनाती के रूप में पदभार ग्रहण किया। इसकी खबर लगते ही गोंड आदिवासी समाज के लोगों के अंदर खुशी का कोई ठिकाना ही नहीं रहा। इस खुशी के अवसर पर आदिवासी समाज के लोग अपने सगा समाज के साथियों के साथ नवनियुक्त न्यायिक एसडीएम सकलडीहा विकास धर को अपने समुदाय का प्रतीक अंग वस्त्रम एवं मुंह मीठा कराकर एसडीएम बनने के लिए मुबारकबाद एवं धन्यवाद किया। इस मौके पर राम जनम गोड़, वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम जी प्रसाद, अधिवक्ता कन्हैया लाल गोड़, सत्यनारायण प्रसाद शशांक कुमार उपस्थित रहे।

## महायज्ञ में पधारे रामलला तीर्थ के अध्यक्ष गोपाल दास जी महाराज का हुआ स्वागत



**शुभ भास्कर चंदौली/ चहनियां**। स्थानीय विकास खण्ड के कांवर स्थित सिद्धपीठ मां महड़ौरी देवी मंदिर परिसर में पांच दीनी श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ चल रहा है । चौथे दिन भी नव कुण्डीय यज्ञ मंडप के चारो तरफ श्रृद्धालु फेरे लेकर पुण्डय अर्जित कर रहे है । चौथे दिन भी शुक्रवार को आचार्यो द्वारा हवन कुंड स्थल से मंत्रोच्चर से पूरा परिक्षेत्र गुंजायमान हो रहा है । श्री लक्ष्मी नारायण महायज्ञ में गुरुवार की शाम को श्रीराम लला तीर्थ क्षेत्र के अध्यक्ष नृत्य गोपाल दास जी का आगमन हुआ । आयोजको व सन्तो ने भव्य स्वागत किया । समिति के अध्यक्ष गोबर्धन सिंह व उपाध्यक्ष एवं प्रधानपति गृजेश सिंह ने पुष्प वर्षा कर अंगवस्त्रम देकर स्वागत किया । पीठाधीश्वर स्वामी वासुदेवाचार्य बिद्या भास्कर जी ने दक्षिण भारत वाद्य यंत्र एवं चरण प्रक्षालन तथा मंगल कलश के साथ किया । प्रख्यात कथा वाचक अनिरुधाचार्य जी महाराज,निर्मल स्वामी जी महाराज,बिष्णु विक्रम स्वामी जी महाराज व अन्य सन्तो ने आशीर्वाद लिया । प्रधान धीरज सिंह ने इनके आगमन पर सैकड़ो महिलाओ संग स्वागत कर क्षेत्र के समृद्धि का आशीर्वाद लिया । प्रवचन स्थल से समस्त क्षेत्रवासियों को आशीर्वचन देते हुए महंत नृत्य गोपाल दास जी महाराज कहा कि यह विस्मरण क्षण है कि मैं काशी क्षेत्र के एक ऐसे सिद्ध पीठ पर आया हूं जहां कितने महात्माओं,साधु संतों ने आकर अपनी सिद्धि प्राप्त किया है और क्षेत्र अपने आप मे दिव्य तीर्थ क्षेत्र है । यहां उपस्थित साधु ,संतों व पीठाधीश्वरों में इसमे एक महान मनीषी जिन्होंने राम मंदिर आंदोलन में अपनी अग्रणी भूमिका निभाई थी । वह चार महीने तक रहकर कठिन तपस्या की है।

## जल जीवन मिशन में मानक की उड़ाई जा रही धज्जियां



**शुभ भास्कर चंदौली/ चहनियां**। स्थानीय विकास खण्ड क्षेत्र में जल जीवन मिशन के तहत गांव गांव पाइप बिछाने का कार्य चल रहा है । महमदपुर जमालपुर में चल रहे कार्य को रोककर ग्रामीणों ने 2 इंच का पाइप लगाने पर ग्रामीणों ने पाइप दिखाते हुए प्रदर्शन किया । सरकार द्वारा गांव गांव में जल जीवन मिशन के अंतर्गत पाइप बिछाने का कार्य चल रहा है । मुहमदपुर जमालपुर में पाइप बिछाने गये ठेकेदारों से कार्य रूकवाकर 2 इंच का पाइप दिखाते हुए प्रदर्शन किया । ग्रामीणों का कहना कि है रोड पर 2 इंच का अंडरग्राउंड पाइप बिछ रहा है । 2 इंची की प्लास्टिक की पाइप की जगह जगह 6 इंची की पाइप जमीन के अंदर ग्राउंड में बिछाया जाए । क्योंकि 2 इंच के पाइप बिछाने से हम लोग के यहां तक पानी का आवागमन सुचारू रूप से नहीं हो सकता। जिसमें ठेकेदार द्वारा घोर लापरवाही की जा रही है । इस मौके पर अशोक यादव बीडीसी, दीनानाथ यादव,अमरनाथ यादव, रमेश यादव, खरपत यादव, विनय ,अजीत, कमलेश ,मयंक, रामजस,दुर्गेश ,सतीश,सदानंद, राजेश, प्रमोद, प्रदीप,विक्रांत ,धर्मेंद्र, अमित, सोनू, मुलायम ,कुलदीप, ईद्रमण, पुरन इत्यादि लोग मौजूद रहे।

## एक दिवसीय संगोष्ठी का हुआ आयोजन



**शुभ भास्कर चन्दौली/ डीडीयू नगर**। स्थानीय नगर स्थित लाल बहादुर शास्त्री स्नातकोत्तर महाविद्यालय दीनदयाल उपाध्याय नगर के पं पारसनाथ तिवारी नवीन परिसर में आज महात्मा गाँधी काशी विद्यापीठ सेवायोजन सूचना व मंत्रालय केंद्र के द्वारा कैरियर व व्यवसाय मार्गदर्शन विषय पर एक दिवसीय संगोष्ठी का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मेधा लर्निंग फ़ाउंडेशन के एरिया मैनेजर श्री रजत श्रीवास्तव ने कहा कि कोई व्यक्ति जीवन के विभिन्न कालावधियों में जिस क्षेत्र में काम करता है या जो काम करता है, उसी को उसकी आजीविका या 'वृत्ति' या रोजगार या कैरियर कहते हैं।कैरियर काउंसिलिंग का संबंध वर्तमान भूमिका में बढ़ने या किसी अन्य भूमिका में आगे बढ़ने के लिए आवश्यक शिक्षा, प्रशिक्षण और अनुभव के संदर्भ से जुड़ा होता है । उन्होंने कहा कि कैरियर काउंसलिंग की मदद से लोग अपने अंदर के हुनर को पहचान पाते हैं जिससे उनको कैरियर का चयन करने में कोई परेशानी नहीं होता है। जिस व्यक्ति की रूचि जिस क्षेत्र में रहती है, उसी में कैरियर काउंसलिंग उस क्षेत्र के लिए स्पष्ट सोच की भावना विकसित करने में सहायक होता है। डा अर्चना गोस्वामी, इतिहास विभाग महात्मा गांधी काशी विद्यापीठ ने कहा कि कैरियर काउंसलिंग का मतलब है करियर परामर्शदाताओं से मिलकर अपने लिए अपनी रुचि ,कमजोरी व ताक़त के अनुरूप सही करियर विकल्प का चयन करना । उन्होंने कहा कि सफलता के लिए प्रेरणा को अपनी आदत बनाइये। विश्वविद्यालय सेवायोजन केन्द्र के डा मदन लाल ने कहा बहिर्मुखी व्यक्तित्व आपकी सफलता का सोपान है। सफल होने के लिए हमें अपनी प्रेरणा को अपनी आदत बनाना होगा। इस अवसर पर प्रो संजय, प्रो अजीत ने भी अपना विचार रखा। कार्यक्रम का संचालन प्रो अरुण जी ने किया। इस अवसर पर छात्र छात्राएँ उपस्थित रहे।

### राजकीय माध्यमिक प्रधानाचार्यों एवं एसआरजी की बैठक डायट पर सम्पन्न



**शुभ भास्कर चंदौली/सकलडीहा**। स्थानीय डायट प्राचार्य डॉ माया सिंह की अध्यक्षता में जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान सकलडीहा चंदौली में राजकीय माध्यमिक विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों/प्रधानाचार्यों एवं एसआरजी की अक्टूबर माह की बैठक शुक्रवार को संपन्न हुई। जनपद में सभी राजकीय माध्यमिक विद्यालयों से आए प्रधानाचार्यों एवं तीनो विषयों के एसआरजी सम्मिलित हुए। बैठक में विभिन्न तय एजेंडा बिंदुओं पर सकारात्मक सुझाव दिए गए। बैठक में आदर्श विद्यालय बनाने पर चर्चा,मानव संसाधन, भौतिक अवस्थपना गणित/ विज्ञान किट के प्रयोग ,डिजिटल लाइब्रेरी को बढ़ावा देना नवाचार आधारित गतिविधियां शिक्षकों के बीच साझा करना, प्रत्येक विषय शिक्षक द्वारा कक्षा कक्ष में टी एल एम का प्रयोग ,प्रयोगशाला की सामग्री को स्कूल ग्रांट से खरीदना, इत्यादि विषयों पर चर्चा हुई। डायट प्राचार्य डॉ माया सिंह ने सभी एस आर जी को प्रेरित करते हुए कहा की नवाचार (बेस्ट प्रैक्टिसेज) एस आर जी द्वारा जनपद के सभी शिक्षकों को अनिवार्य रूप से साझा की जाय। मासिक समीक्षा बैठक के प्रभारी रहे देवेन्द्र कुमार ने सुझाव देते हुए कहा की नवाचार आधारित वीडियो कुछ सिलेक्टेड टॉपिक पर बनाए जाए जिसका प्रदर्शन भी समीक्षा बैठक में किया जाय। बैठक में प्रधानाचार्य विद्योत्मा श्रीवास्तव , अर्चना पाण्डेय, दीपशिखा पांडेय , ब्रिजेश मिश्र, डायट प्रवक्ता डॉ रोशन कुमार सिंह , बिजेंद्र भारती, जितेंद्र सिंह, एस आर जी अविचल प्रताप सिंह, रिंकू, विमल केशरी आदि मौजूद रहे।

### ग्राम चौपाल का आयोजन कर ग्रामीणों को किया जागरूक



**रघुनाथ प्रसाद, शुभ भास्कर चंदौली सकलडीहा**। स्थानीय विकास खण्ड में ग्राम चौपाल के क्रम में 2 ग्राम सभा में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जिसमें शासन के निर्देश के क्रम में प्रत्येक शुक्रवार को 2 ग्राम पंचायत में ग्राम चौपाल का आयोजन किया जायेगा। शुक्रवार को सकलडीहा ब्लाक के ग्राम पंचायत लेहरा और रेवसा मांटीगांव में ग्राम चौपाल का आयोजन किया गया। जहां इस चौपाल की अध्यक्षता कर रहे खण्ड विकास अधिकारी के.के. सिंह द्वारा दीप प्रज्जवलित करके जन चौपाल का शुभारंभ किया गया। जहां उपस्थित अधिकारियों द्वारा शासन द्वारा संचालित योजनाओं के बारे में विस्तार से जानकारी प्रदान की गई। इस चौपाल में शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य विभाग, ग्राम्य विकास , पंचायती राज विभाग, आई सी डी एस विभाग, पशु पालन विभाग, एन आर एल एम विभाग , विधिक सेवा सहित विभिन्न विभागों द्वारा स्टाल लगाकर अपने विभाग के योजनाओं के बारे मे जानकारी प्रदान की गई। इस कार्यक्रम में ए डी ओ सी आशीष सिंह, मुख्य सेविका आई सी डी एस,सचिव पवन दुबे, अरविन्द कुमार, प्रधान रेवसा एस पी सिंह, प्रधान लेहरा, समर वर्मा,प्यारे लाल, पंचायत सहायक लेहरा, रेवसा सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी कर्मचारी के साथ काफी संख्या में ग्राम वासी उपस्थित रहे।

### ट्रेन में चढ़ते वक्त यात्री गिरकर हुआ घायल



**शुभ भास्कर चन्दौली/ डीडीयू नगर**। स्थानीय रेलवे स्टेशन पर सिकंदराबाद से पटना जा रही 12791 डाउन ट्रेन में गुरुवार को चढ़ने के दौरान लड़खड़ा कर गिर जाने से एक यात्री का पैर टूट गया। जिसे रेलवे सुरक्षा बल ने उपचार के लिए लोको मंडलीय अस्पताल में भर्ती कराया। सिकंदराबाद से पटना जा रही 12791 डाउन ट्रेन में गुरुवार को प्लेटफार्म संख्या दो पर आकर खड़ी हुई। अपने निर्धारित ठहराव के बाद सिग्नल मिलने पर ट्रेन आगे बढ़ने लगी। इसी दौरान एक यात्री चलती ट्रेन में चढ़ने का प्रयास करने लगा।पैर फिसल जाने से वह गिर पड़ा। जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। घायल यात्री अनमोल कुमार 21 वर्ष ग्राम पहाड़िया थाना अगम कुवा पटना बिहार का है।आरपीएफ ऑन ड्यूटी एस आई आर एन राम,सहायक उप निरीक्षक उमाकांत राम व स्टाफ द्वारा एम्बुलेंस के माध्यम से अस्पताल पहुंचाया गया।परिजन को सूचना दे दी गयी है।

**अभियान** लाउड हेलर, बैनर,पम्पलेट के माध्यम से जागरूक किया गया

## दीपावली व छठ के मद्देनजर यात्रियों को किया जागरूक



**शुभ भास्कर चंदौली/ डीडीयू नगर**। स्थानीय रेलवे स्टेशन पर प्रभारी निरीक्षक डीडीयू के नेतृत्व में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डीडीयू के बल सदस्यों एवं मानवाधिकार सामाजिक सुरक्षा जन कल्याण संघ डेहरी आँन सोन के द्वारा पूर्व मध्य रेल के पंडित दीनदयाल उपाध्याय रेलवे स्टेशन पर आगामी त्यौहारों दीपावली व छठ के मद्देनजर यात्रियों को जागरूक करने के लिए अभियान चलाया गया। जिसमें लाउड हेलर, बैनर,पम्पलेट के माध्यम से जागरूक किया गया।इस जागरूकता कार्यक्रम के अंतर्गत गाडियों में अनावश्यक रूप से चेन पुलिंग नही करने के सम्बन्ध में जागरूक किया गया। वहीं ट्रेनों,स्टेशन परिसर आदि जगहो में अंजान व्यक्ति द्वारा दिए गए खाद्य पदार्थों को नही खाने के विषय में बताया गया तथा बच्चों व मानव तस्करी को रोकने को लेकर आरपीएफ को सहयोग करने को बताया गया।साथ ही अनाधिकृत रूप से रेलवे ट्रैक पार नहीं करने क्योंकि रेलवे ट्रैक पार करने के दौरान कई लोगों की जानें गई हैं। ऐसे में रेलवे द्वारा अधिकृत रास्ते का ही इस्तेमाल करने को बताया गया। स्टेशन के सभी प्लेटफार्म पर यात्रियों के बीच घूम घूम कर जागरुक किया गया।यात्रा के दौरान किसी भी प्रकार की समस्या होने पर रेलवे के टॉल फ्री नंबर 139 पर संपर्क करें। यात्रियों को ट्रेन में या स्टेशन परिसर में कोई भी लावारिस या संदिग्ध वस्तु मिलने पर या देखने पर तुरंत इसकी सूचना रेलवे सुरक्षा बल को या टॉल फ्री नंबर 139 पर देने को बताया गया। अकेली महिला यात्री की सुरक्षित यात्रा के लिए आरपीएफ के महिला टीम द्वारा चलाया जा रहा विशेष अभियान मेरी सहेली टीम के बारे में भी जागरुक किया गया। साथ ही ट्रेनों की पायदान पर यात्रा ना करने एवं ट्रेन पकड़ने के लिए रेल की पटरी पार करना व बिना रास्ते चढ़ने व उतरने को कानून का उल्लंघन बताया गया। इसके अलावा ट्रेनों में उचित टिकट लेकर यात्रा करने तथा चलती ट्रेनों पर पत्थरबाजी नहीं करने के बावत बताया गया। महिला आरक्षित व विकलांग कोच में अनाधिकृत रुप से यात्रा ना करने हेतु जागरूक किया गया।इस अभियान में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट डीडीयू से उपनिरीक्षक रामनरेश राम , उपनिरीक्षक सरिता गुर्जर, महिला आरक्षी पुलीबंटि सत्यवती, प्रधानआरक्षी रामचंद्र यादव साथ स्टाफ व मानवाधिकार सामाजिक सुरक्षा जन कल्याण संघ के श्री संजीत कुमार गुप्ता, अंकित कुमार, प्रताप कुमार गुप्ता,गोपाल प्रसाद व श्रीमती सुनीता देवी आदि लोग मौजूद रहे।

## श्री राम जी चारों भाइयों संग राजगद्दी पर हुए विराजमान

**शुभ भास्कर चंदौली/धानापुर**। स्थानीय कस्बा के सुप्रशिद्ध रामलीला में इस वर्ष के अंतिम लीला का हुआ मंचन जिसमे प्रभु श्रीराम अपने अभी भाइयों के साथ माता जानकी एवं साथ ही ब्रह्मा,बिष्णु,महेश,हनुमान अपने बानरो को साथ लेकर अयोध्या लौटते हैं । बताते चलें कि धानापुर के रामलीला समिति के संरक्षक के भूमिका में सनतकुमार द्विवेदी के आवास से रात्रि 8 बजे वाहन को खूब सजाकर और ढोल नगाड़े के साथ सभी कस्बा वासी मंचन कर रहे कलाकारों को बैठाकर रामलीला मैदान से घूमकर वापस श्रीहनुमान जी मन्दिर में राजगद्दी का मंचन हुआ ,पुरनिये बताते है कि यह राजगद्दी का मंचन लगभग सौ से भी अधिक वर्षो से कस्बा स्थित श्रीहनुमान मन्दिर के बरामदे में ही किया जाता था चुकी अब मन्दिर का सुंदरीकरण हो गया है इसलिए मंदिर के गर्भगृह में राजगद्दी का मंचन हुआ, इसी क्रम में समिति के अध्यक्ष अरविंद मिश्रा ने विकास रस्तोगी (लड्डू), आलोक केशरी एवं प्रदीप मोदनवाल (छोटू) को अंगवस्त्र और प्रस्सति पत्र देकर सम्मानित भी किये। उपस्थित सैकड़ो भक्तों के लिए द्विवेदी आवास पर ही प्रसाद की व्यवस्था की गयी थी सबने मिलकर प्रसाद का आनन्द लिया।



**उपस्थितिः** रामलाल सेठ, कृष्णानन्द मिश्रा, अपवल सिंह, सतीश सेठ, बिपीन प्रताप रस्तोगी, शिवकुमार, अच्युतानन्द मिश्रा, घनश्याम मौर्या, धनंजय रस्तोगी, दीपक प्रजापति, रामलाल रस्तोगी, पवन गुप्ता बबलू रस्तोगी, सुशील मिश्रा, सत्यानन्द रस्तोगी, देवदत्त तिवारी (मुलालय),आशीष मौर्या, मोनू मिश्रा, निक्कू श्रीवास्तव, श्यामसुंदर, अजित इत्यादि।

मुद्रक स्वामी प्रकाशक सुनील कुमार मिश्रा द्वारा शुभ लाभ प्रिंटर्स मावली उदयपुर स्थानीय संपादक मो0 शरफे आलम बिहार, झारखण्ड मो0- 7764978689 - 8804707324

सह संपादक : उमेश कुमार, 96259 58256 दैनिक शुभ भास्कर, RNI UP HIN/ 2015/64737, पी आरबी एक्ट के तहत समाचार चयन हेतु जिम्मेदार सभी न्याय क्षेत्र उदयपुर राजस्थान होगा।